लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

अमृत विचार

फाल्गुन कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा विक्रम संवत 2080

वर्ष 5, अंक 99, पृष्ठ 16+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, विरासत का नायाब तोहफा हैं विंटेज कारें व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

आज का मौसम | 27.0° अधिकतम तापमान | 13.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में आंशिक बादल, धूप खिली रहेगी। | सूर्योदय 06:37 | सूर्यास्त 06:07 | बरेली, रविवार, 25 फरवरी 2024

टेस्ट में 600 रन बनाने वाले यशस्वी 5वें भारतीय...13

NANDI mango tree

BDA APPROVED

2 BHK+STUDY Luxury Apartments

UP GLOBAL INVESTORS SUMMIT | स्वच्छ भारत एक कदम स्वच्छता की ओर | आज़ादी का अमृत महोत्सव | MAKE IN INDIA | CREDAI | UP RERA UPRERAPRJ126349/02/2024 | BDA 02102/BDA/BP/23-24/0094/19102023

UPRERA Registration No.: UPRERAPRJ126349/02/2024
BDA Approved Registration No. 02102/BDA/BP/23-24/0094/19102023

Our completed projects

After the Grand Success

of Nandi Heights & Nandi Bellavista,

Nandi Group Presents

NANDI mango tree APARTMENT

CONSTRUCTION IN FULL SWING

Innaugration
25 Feb., 2024
Time : 11:00AM
Onwards

Facility



NANDI Buildtech

+91-7088048881, 82, 86

nandibuildtech@gmail.com www nandibuildtech.com

Housing Loan Available with :

State Bank of India THE BANKER TO EVERY INDIAN | बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda | इंडियन बैंक Indian Bank Taking Banking Technology to the Common Man | केनरा बैंक Canara Bank

Site Office: Nandi Mango Tree Appartment, Opp. Lane Domino's & Karamchari Nagar Chowki, Mini Bypass, Bareilly

PM
SINCE 1988

Perfect Marble
Extn.

Wall & Floor Tiles • Sanitaryware

Wholesale & Retail

Nikhil Goyal

weber SAINT-GOBAIN
hindware italian collection
ITALAKE ABOVE YOUR IMAGINATION
REY infinite creativity

सौ फुटा तिराहा, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
9258361138, 9997128529

ALMA MATER
KNOWLEDGE IS TRUTH
★ESTD1988★

ALMA MATER
Day-Cum-Day-Boarding School

Play Group to XII • Affiliated to CBSE, Delhi

Kurmanchal Nagar, Bareilly, PH: 8881 600 600

★ 35 Years of Excellence ★

ENVISIONING TALENTS WITH QUALITY EDUCATION.

VACANCIES

POST	QUALIFICATION	EXPERIENCE
Kindergarten Teacher	NTT+Post Graduate/ Graduate in any subject	Minimum 5 Years
PRT (Hindi)	Bachelor's Degree in related Discipline & B.Ed.	
TGT (Maths, Computer Sc.)		

Drop your CV on : helpdesk@almamaterschool.ac.in

ADMISSIONS OPEN FOR CLASSES PLAYGROUP (AGE 2+ YEARS) ONWARDS

AMBIENCE
COOLING CORPORATION LLP

TOSHIBA VRF
Unveilling The Next Generation in Cooling

Carrier

We also Execute
Water-Cooled
And Air-Cooled
Chiller Systems

अरविन्द कुमार
मो. 9719101668

UG-22, Awadh Plaza, Janakpuri, Bareilly- 243122
ambiencecooling11@gmail.com

Digital Board Solutions
for your
Classrooms/ Meeting Rooms

All leading brands under one roof

AERO	SAMSUNG	LG
VAMMA	VIEWSONIC	GEEKEN

Sanjay Gupta

Call/ Visit for Demo

COMPUTER AID 30 Years of Trust Since 1991

Computer Aid
Since 1991

A-6 Front Block, Ground Floor, Butler Plaza, Bareilly
9837030225/8881055614

Also Available on GeM.

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

फाल्गुन कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा विक्रम संवत 2080

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

वर्ष 5, अंक 99, पृष्ठ 16+4, मूल्यः 6 रुपये

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, विरासत का नायाब तोहफा हैं विंटेज कारें व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।



www.amritvichar.com

आज का मौसम | 27.0° अधिकतम तापमान | 13.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में आंशिक बादल, धूप खिली रहेगी। | सूर्योदय 06:37 | सूर्यास्त 06:07

बरेली, रविवार, 25 फरवरी 2024

दक्षिण भारतीय फिल्मों में डेब्यू करेंगी जाह्नवी...13

यात्री बसों, भारी वाहनों में भी लगानी होगी सीट बेल्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

- आईआरएफ का राजमार्ग मंत्रालय से अनिवार्य करने का अनुरोध

सड़क सुरक्षा के वैश्विक निकाय इंटरनेशनल रोड फेडरेशन (आईआरएफ) ने सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) से सड़क दुर्घटनाओं में हताहतों और घायलों को कम करने के लिए यात्री बसों और स्कूल बसों सहित सभी भारी वाहनों में सीट बेल्ट का उपयोग अनिवार्य करने का आग्रह किया है।

आईआरएफ के मानद अध्यक्ष केके कपिला ने मंत्रालय को लिखे पत्र में कहा कि बसों में सीट बेल्ट उपलब्ध कराने की तत्काल जरूरत है, जिसे अनिवार्य बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि दिल दहला देने वाली यात्री बस दुर्घटनाएं हुई हैं जिनमें निर्दोष लोगों की जान चली गई। उनमें से कई लोग बच गए होते, अगर उन्होंने सीट बेल्ट लगा रखी होती। कपिला ने बताया कि 2021 के आंकड़ों के अनुसार, अमेरिका में बस हादसों में केवल 14 व्यक्तियों की जान गई। 2022 में चीन में 215 मौतें हुईं। उन्होंने बताया कि विकासशील और विकसित दोनों देशों ने बसों जैसे सार्वजनिक परिवहन के लिए कड़े सुरक्षा मानकों को अपनाकर उल्लेखनीय परिणाम हासिल किए हैं।

उप्र पुलिस में 60,244 पदों के लिए 17-18 फरवरी को हुई परीक्षा में 48 लाख अभ्यर्थी हुए थे शामिल

सिपाही भर्ती परीक्षा निरस्त, छह माह बाद फिर से होगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पेपर लीक होने के प्रकरण की एसटीएफ करेगी जांच
- अभ्यर्थियों को मिलेगी रोडवेज बस में मुफ्त यात्रा सुविधा

अमृत विचार : पेपर लीक होने की खबरों के बीच शासन ने उप्र पुलिस में सिपाही के 60,244 पदों के लिए हुई परीक्षा-2023 को निरस्त कर दिया है। 17 व 18 फरवरी को आयोजित इस परीक्षा में 48 लाख अभ्यर्थी शामिल हुए थे। परीक्षा के संबंध में जारी एसटीएफ की जांच और अब तक की कार्रवाई की समीक्षा करते हुए शनिवार को मुख्यमंत्री के निर्देश पर यह फैसला किया गया। मुख्यमंत्री ने अगले छह माह के भीतर दोबारा परीक्षा आयोजित करने के निर्देश देते हुए कहा कि युवाओं की मेहनत से खिलवाड़ और परीक्षा की शुचिता से समझौता स्वीकार नहीं किया जा सकता। ऐसे अराजकतत्वों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई होनी तय है।

शासन ने पुलिस भर्ती बोर्ड को यह निर्देश दिए हैं कि जिस भी स्तर पर लापरवाही बरती गई है, उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराकर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। शासन ने प्रकरण की जांच एसटीएफ से कराए जाने का फैसला किया है। दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों अथवा संस्थाओं के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई किए जाने के भी निर्देश दिए गए हैं। शासन ने छह माह में पुनः परीक्षा आयोजित करने तथा उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों से अभ्यर्थियों को निःशुल्क सुविधा उपलब्ध करवाने के भी निर्देश दिए हैं।

आरओ/एआरओ परीक्षा की शिकायतों की होगी जांच

- मुख्यमंत्री के निर्देश पर शासन ने 27 फरवरी तक मांगे साक्ष्य

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उप्र. लोक सेवा आयोग द्वारा बीते 11 फरवरी को आयोजित की गई समीक्षा अधिकारी/ सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) परीक्षा - 2023 से जुड़ी शिकायतों की जांच कराने का निर्णय लिया है।

इस संबंध में अपर मुख्य सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक डॉ देवेश चतुर्वेदी ने आदेश भी जारी कर दिया है। आदेश के मुताबिक बीते 11 फरवरी को आयोजित की गई समीक्षा अधिकारी/ सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) परीक्षा - 2023 के संबंध में शासन को संज्ञान में लाए गए तथ्यों एवं शिकायतों के दृष्टिगत परीक्षा की शुचिता व पारदर्शिता के उद्देश्य में यह निर्णय लिया गया है कि परीक्षा के संबंध में प्राप्त शिकायतों का शासन स्तर पर परीक्षण किया जाए। आदेश में कहा गया है कि इस परीक्षा के संबंध में किसी भी प्रकार की शिकायत अथवा इसकी शुचिता को प्रभावित करने वाले तथ्यों को संज्ञान में लाना चाहें तो वह अपना नाम तथा पूरा पता तथा साक्ष्यों सहित कार्मिक व नियुक्ति विभाग के ई-मेल आई.डी. secyappoint@nic.in पर 27 फरवरी तक उपलब्ध करा सकते हैं।

ट्रैक्टर ट्रॉली तालाब में गिरी, 23 की मौत

मृतकों में 13 महिलाएं और 9 बच्चे, अचानक ट्रॉली के पहिए की बैरिंग टूटने से हुई दुर्घटना

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

अमृत विचार : कासगंज में गंगा स्नान के लिए जा रहे श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली बैरिंग टूटने से अनियंत्रित होकर तालाब में गिर गई। हादसे में 23 लोगों की मौत हो गई जबकि 20 से अधिक घायल हैं। कमिश्नर, आईजी, डीएम, एसपी, राजस्व मंत्री ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना।

एटा जिले के थाना जैथरा क्षेत्र के गांव नगला कसा निवासी गौरव के छह माह के बेटे का मुंडन होना था। शनिवार को माघ पूर्णिमा पर बच्चे के मुंडन संस्कार को लेकर गौरव के परिवार में भारी उत्साह था। परिजनों, रिश्तेदारों के अलावा गांव के लोगों के साथ आसपास के गांव खिड़िया, रोरी, बरार के भी कुछ ग्रामीण ट्रैक्टर ट्रॉली से गंगा घाट कादरगंज जा रहे थे। ट्रैक्टर गौरव ही चला रहे थे। पटियाली कोतवाली क्षेत्र के गांव ककराला के समीप पहुंचे कि अचानक ट्रॉली के पहिए का बैरिंग टूटने से ट्रॉली अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर-ट्रॉली तालाब में पलट गई और श्रद्धालु पानी में डूब गए। आसपास के ग्रामीणों ने सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची इससे पहले ही ग्रामीण ट्रॉली को सीधा करने का प्रयास करने लगे। बड़ी संख्या में जुटे ग्रामीणों ने ट्रॉली को हटाया फिर डूबे लोगों को बाहर निकालना शुरू किया। पुलिस भी मदद में जुट गई। लोगों को बाहर निकालकर अस्पताल भेजा गया जहां एक-एक कर कई लोगों को मृत घोषित कर दिया गया। दोपहर बाद तक मृतकों की संख्या 23 पहुंच गई। मृतकों में 13 महिलाएं, 9 बच्चे हैं।

तालाब में डूबे लोगों को जेसीबी से बाहर निकालती पुलिस और ग्रामीण।

घायल बालक को जिला अस्पताल लेकर जाते स्वास्थ्य कर्मी।

- एटा के गांव नगला कसा से स्नान मुंडन के लिए जा रहे थे गंगा घाट

घटना दुखद है। शाम तक 23 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। घायलों का उपचार कराया जा रहा है। एटा और कासगंज जिला प्रशासन पीड़ित परिवारों की मदद के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। घटनास्थल का निरीक्षण किया और ग्रामीणों से पूरी जानकारी ली है। घायलों के इलाज के लिए हर पल नजर रखी जा रही है। -रविंद्र कुमार, मंडलायुक्त अलीगढ़।

घटना की जानकारी मिलते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण एवं राजस्व राज्य मंत्री अनूप प्रधान को एटा के गांव कसा एवं कासगंज के गांव ककराला पहुंचने के निर्देश दिए। कमिश्नर रविंद्र कुमार, आईजी शलभ माथुर, डीएम सुधा वर्मा, एसपी अपर्णा रजत कौशिक भी मौके पर पहुंचे। सांसद राजवीर सिंह के अलावा विधायकों ने भी मौके पर और अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना। घटना में 20 से अधिक लोग घायल बताए गए हैं, जिनका उपचार चल रहा है।

केंद्र और राज्य सरकार ने की आर्थिक मदद की घोषणा

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के कासगंज में हुई दुर्घटना में लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है और प्रत्येक मृतक के निकटतम परिजन को दो-दो लाख रुपये और घायलों को 50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। इससे पहले मोदी ने हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी शोक-संवेदनाएं। इसके साथ ही मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर राज्य सरकार द्वारा मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये और घायलों के परिजनों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की गई है।

सीएम के फ्लीट की गाड़ी कार से भिड़ी, 15 घायल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अनियंत्रित एंटी-डेमो गाड़ी के सामने कुत्ता आने से हुआ हादसा

अमृत विचार : कैंट थाना क्षेत्र के अर्जुनगंज बाजार में मुख्यमंत्री सुरक्षा में चलने वाली एंटी-डेमो गाड़ी सामने जा रही कार से टकरा गई। हादसा शनिवार शाम एंटी-डेमो के सामने कुत्ते के आने के कारण हुआ। हादसे में 15 लोग घायल हो गए। इसमें 6 पुलिसकर्मी और 9 अन्य कार सवार हैं। सभी को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से ट्रामा सेंटर व राममनोहर लोहिया संस्थान रेफर कर दिया गया। सभी की हालत नाजुक बताई जा रही है।

संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था उपेंद्र अग्रवाल के मुताबिक, यह दुर्घटना शाम लगभग 7:45 बजे हुई। मुख्यमंत्री के फ्लीट में शामिल इंटरसेप्टर और एंटी-डेमो सहित जिला पुलिस के वाहन एयरपोर्ट से कालीदास मार्ग पर जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो कैंट के अर्जुनगंज बाजार के पास एंटी-डेमो वाहन के सामने एक कुत्ता आ गया। जिसे बचाने के चक्कर में गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े कई वाहनों से टकरा गई। हादसे में पुलिसकर्मी राम सिंह, अवध नारायण, मो. सलीम, विजय प्रताप, शिवम यादव, विजय कुशवाहा और सिविलियन सुशीला पत्नी संतोष, प्रिया, अस्फाशा सिद्दीकी, हसनैन, खालिद आजम, कार्तिक त्रिपाठी, शाहनाज, एक अज्ञात महिला और मुस्तकीम शामिल हैं।

प्रमुख सचिव गृह और डीजीपी पहुंचे अस्पताल

हादसे की सूचना मिलते ही प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद, डीजीपी प्रशांत कुमार, पुलिस कमिश्नर एसबी शिरडकर, जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार सहित कई अधिकारी पहुंचे। हादसे के बारे में जानकारी हासिल किया। प्रमुख सचिव गृह व डीजीपी ने सभी घायलों के बेहतर इलाज के इंतजाम का निर्देश दिया।

एक नजर

पीएम ने मंत्रियों से मांगी 100 दिन की कार्य योजना

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने कैबिनेट मंत्रियों से ऐसी योजना तैयार करने और उसे तीन मार्च को मंत्रिपरिषद की बैठक में पेश करने को कहा है, जिसका क्रियान्वयन व आकलन किया जा सके तथा वह स्पष्ट रूप से परिभाषित हो। सरकारी सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि मोदी ने 21 फरवरी को अपने मंत्रिमंडल के सहकर्मियों को अगले 100 दिनों के लिए एक कार्य योजना तैयार करने को कहा था।

दिल्ली सहित चार राज्यों में आप और कांग्रेस में सीटों पर समझौता

नई दिल्ली। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए शनिवार को दिल्ली, गुजरात, गोवा और हरियाणा में सीट बंटवारे की घोषणा की जिसके तहत राष्ट्रीय राजधानी में आप चार और कांग्रेस तीन सीट पर चुनाव लड़ेगी।

- पंजाब की 13 लोकसभा सीटों पर अलग चुनाव लड़ने का फैसला

आम आदमी पार्टी गुजरात की भरूच और भावनगर सीट तथा हरियाणा की कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट पर भी चुनाव लड़ेगी। पंजाब की सभी 13 लोकसभा सीटों पर दोनों पार्टियों ने अलग-अलग चुनाव लड़ने का फैसला किया है, हालांकि चंडीगढ़ लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस अपना प्रत्याशी उतारेगी। विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' घटक दलों के बीच पिछले कुछ दिनों के भीतर सीट बंटवारे से जुड़ी यह दूसरी महत्वपूर्ण घोषणा है। गत 21 फरवरी को उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच सीट बंटवारे का ऐलान किया गया था। उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों में से कांग्रेस 17 पर चुनाव लड़ रही है।

श्री कृष्ण जन्मभूमि के पक्षकार को बम से उड़ाने की धमकी

फतेहपुर। श्री कृष्ण जन्मभूमि के मुकदमे की पैरवी से लौट रहे पक्षकार को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। धमकी व्हाट्सएप कॉल के जरिये दी गई। फोन करने वाले ने खुद को पाकिस्तान के आतंकी संगठन का बताया है। वृंदावन श्रीमठ माहेश्वरी धाम मां शाकुंभरी पीठाधीश्वर निवासी भृगुवंशी आशुतोष पांडेय ने बताया कि वह मथुरा के कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति निर्माण ट्रस्ट के अध्यक्ष हैं। इलाहाबाद हाईकोर्ट में विचाराधीन श्रीकृष्ण जन्मभूमि बनाम शाही मस्जिद ईदगाह वाद के मुख्यवादी और पक्षकार हैं। वे शुक्रवार को मुकदमे की सुनवाई में हाईकोर्ट गए थे। वहां से शाम को मथुरा जा रहे थे। शाम आठ बजे उनके मोबाइल पर व्हाट्सएप कॉल आई। फोन करने वाले ने मुकदमा वापस न लेने पर बम से उड़ाने की धमकी दी। एसएसआई संतोष कुमार ने बताया तहरीर की जांच की जा रही है। एएसपी विजय शंकर मिश्र ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर सर्विलांस के माध्यम से जांच कराई जा रही है।

बदलाव : 1 जुलाई से प्रभावी हो जाएंगे 3 नए आपराधिक कानून

नई दिल्ली, एजेंसी

अधिसूचना जारी

- हिट एंड रन मामलों के प्रावधान तत्काल प्रभावी नहीं होंगे

देश में आपराधिक न्याय प्रणाली को पूरी तरह से बदलने के लिए अधिसूचित किए गए तीन नए कानून - भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम - एक जुलाई से लागू होंगे। हालांकि, 'हिट एंड रन' से जुड़े मामलों से संबंधित प्रावधान तत्काल प्रभावी नहीं होंगे। तीनों कानूनों को पिछले साल 21 दिसंबर को संसद की मंजूरी मिल गई और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 25 दिसंबर को इन कानून को अपनी सहमति दे दी। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा जारी तीन अधिसूचनाओं के अनुसार, नए कानूनों के प्रावधान एक जुलाई से लागू होंगे। ये कानून औपनिवेशिक युग के भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और 1872 के भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह लेंगे।

तीनों कानूनों का उद्देश्य विभिन्न अपराधों को परिभाषित करके उनके लिए सजा तय करके देश में आपराधिक न्याय प्रणाली को पूरी तरह से बदलना है। वहीं, सरकार ने वाहन चालक द्वारा हिट एंड रन के मामलों से संबंधित प्रावधान को लागू नहीं करने का निर्णय लिया है, जैसा कि ट्रक चालकों से वादा किया गया था।

अब 'पैलेस ऑन व्हील्स' में भी हो सकेंगी 'डेस्टिनेशन वेडिंग'

- राजस्थान सरकार ने दी मंजूरी

जयपुर। दुनिया की सबसे खूबसूरत और शानदार ट्रेनों में शामिल 'पैलेस ऑन व्हील्स' में जल्द ही कारपोरेट बैठकें की जा सकेंगी और शादी ब्याह की फोटोग्राफी करवाई जा सकेगी। राजस्थान सरकार ने इसके लिए सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। इसके तहत 'डेस्टिनेशन वेडिंग' एवं 'वेडिंग फोटोग्राफी' जैसे कार्यक्रमों को और अधिक यादगार बनाने की चाह रखने वाले लोग इस खूबसूरत ट्रेन का इस्तेमाल कर सकेंगे। उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा कि सोच यही है कि राजस्थान को पर्यटन का केंद्र बिंदु बनाया जाए।

बनभूलपुरा हिंसा का मुख्य आरोपी अब्दुल गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- मलिक को लेकर शनिवार की शाम हल्द्वानी पहुंची पुलिस, बेटा और पत्नी अभी भी फरार

अमृत विचार : पुलिस ने बनभूलपुरा हिंसा के मास्टर माइंड अब्दुल मलिक को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है। बीती 8 फरवरी को हुई हिंसा के बाद से वह फरार चल रहा था। पुलिस मलिक को लेकर शनिवार की शाम हल्द्वानी पहुंची, देर रात मेडिकल कराने के बाद रिमांड मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। मलिक की पत्नी सोफिया और बेटे अब्दुल मोईद की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा ने शनिवार को प्रेस वार्ता में बताया कि बनभूलपुरा बवाल के मास्टर माइंड अब्दुल मलिक निवासी लाइन नंबर-8 आजाद नगर की गिरफ्तारी के लिए एसओजी समेत छह टीमें लगी हुई थीं। टीमें दिल्ली, हरियाणा, उप्र, गुजरात, बिहार, महाराष्ट्र में तलाश कर रही थीं। शनिवार को एसओजी व पुलिस की संयुक्त टीम ने मलिक को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया, जिसे लेकर टीम देर शाम हल्द्वानी पहुंची।

मुरादाबाद, हापुड़ और बरेली महायोजना का होगा विस्तार

मुख्यमंत्री ने दिए रामनगर (वाराणसी), मुरादाबाद, हापुड़, रायबरेली, बरेली और लखनऊ के सुनियोजित विकास के निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुरादाबाद (गजरौला) में औद्योगिक-व्यावसायिक क्षेत्रों का होगा विस्तार, नया बस टर्मिनल और बाईपास मार्ग बनेंगे
- स्टेट कैपिटल रीजन की तर्ज पर वाराणसी को केंद्र में रखते हुए रीजनल डेवलपमेंट प्लान तैयार करने के निर्देश

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को उच्च स्तरीय बैठक में जनपद वाराणसी के रामनगर, मुरादाबाद के गजरौला, हापुड़, रायबरेली, बरेली और लखनऊ की महायोजना 2031 का प्रस्तुतिकरण देखा। निर्देश दिए कि सभी जगह सुनियोजित विकास समेत विस्तार की मुकम्मल योजना बनाएं। कहा कि लखनऊ विकास प्राधिकरण का विस्तार संपूर्ण लखनऊ जनपद की सीमा तक हो।

मुरादाबाद (गजरौला) के नए मास्टर प्लान में औद्योगिक और व्यावसायिक क्षेत्रों का विस्तार करने के साथ नया बस टर्मिनल और बाईपास बने। स्टेट कैपिटल रीजन की तर्ज पर वाराणसी को केंद्र में रखते करीबी जिलों को जोड़कर एक रीजनल डेवलपमेंट प्लान तैयार करने का भी निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री ने अपने आवास पर उच्चाधिकारियों के साथ बैठक में सख्त निर्देश दिया कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों से संवाद कर यथाशीघ्र महायोजना लागू करें। लैंड यूज की जानकारी सार्वजनिक करें जिससे हर कोई आसानी से किसी भूमि की स्थिति जान सके। खसरे की अपडेट जानकारी ऑनलाइन हो।

उन्होंने कहा कि विकास प्राधिकरणों को नई संभावनाएं तलाशनी होंगी। नगर निगम के बाहर विस्तार लेना होगा। अपना दायरा बढ़ाएं, आय के नए स्रोत सृजित करें। धार्मिक/अध्यात्मिक स्थलों के विकास को महायोजना का हिस्सा बनाएं। इंडस्ट्रियल एरिया में काम करने वाले श्रमिकों को समीप में ही आवास देने के प्रयास होने चाहिए।

मुख्यमंत्री योगी ने निर्देश दिया कि मुरादाबाद (गजरौला) के नए मास्टर प्लान में औद्योगिक और व्यावसायिक क्षेत्रों को और विस्तार दें। यहां बहुत संभावनाएं हैं। इससे आर्थिकी में सुधार होगा और रोजगार भी सृजित होगा। गजरौला में नवीन बस टर्मिनल और बाईपास मार्गों की आवश्यकता है। इसे महायोजना में शामिल करें। शुद्ध पेयजल के लिए पाइपलाइन और सीईटीपी की स्थापना भी की जाए।

कोई भी गांव और आबादी नहीं घोषित होगी ग्रीन लैंड

मुख्यमंत्री स्पष्ट निर्देश दिया है कि बहुत से गांव अब नगरीय महायोजना का हिस्सा बने हैं, यह ध्यान रखें कि इन गांवों को ग्रीन लैंड के रूप में घोषित न किया जाए। किसी भी सूरत में आबादी की भूमि ग्रीन लैंड नहीं होगी।

यातायात प्रबंधन को करें ठोस प्रयास

मुख्यमंत्री ने कहा कि नगरों में यातायात प्रबंधन एक महत्वपूर्ण विषय है। हमें इसके लिए ठोस प्रयास करने की आवश्यकता है। टैक्सी-ऑटो स्टैंड और स्ट्रीट वेंडर ज़ोन तय होने चाहिए। महायोजना में इसके लिए स्पष्ट भूमि चिन्हित होनी चाहिए। मल्टीलेवल पार्किंग के लिए उपयुक्त स्थान निर्धारित करें। कहा कि रायबरेली में एम्स की सुविधा है। इसे इस बार महायोजना का हिस्सा बनाएं। नगर में नए टाउनशिप का विकास किया जाना चाहिए। तालाबों/पोखरों व अन्य जलाशयों का संरक्षण हो। सभी जनपदों की वर्तमान स्थिति व भविष्य की जरूरों का व्यापक अध्ययन होना चाहिए। वहां के पोटेंशियल को जरूर देखें। हर जिले में जो खास है, उसे प्रोत्साहित करें।

ई-रिक्शा बन गए लोडर, ट्रैक्टर-ट्रॉली में की जा रहीं यात्राएं

जिम्मेदार बेपरवाह, हादसे का सबब बने नियम उल्लंघन कर दौड़ रहे वाहन, हो रहे लगातार हादसे

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार : कासगंज में शनिवार को श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली के तालाब में पलटने की वजह से दुखद हादसा हुआ और 24 लोगों की जान चली गई। इस हादसे के बाद एक बार फिर ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवारियां बैठाकर ले जाने पर कार्रवाई को लेकर परिवहन और यातायात पुलिस के जिम्मेदार संजीदगी व सख्ती की बात कह रहे हैं। इन सबके बीच पीलीभीत की बात करें तो हालात यहां भी बदतर बने हुए हैं। पूर्व में हुए कई हादसों के बाद भी सिस्टम बेपरवाह बना हुआ है। आलम यह है कि ई-रिक्शा लोडर के रूप में सामान ढोने में इस्तेमाल किए जा रहे हैं जबकि टैक्टर ट्रॉली व अन्य लोडर वाहनों में सवारियां ढोई जा रही हैं। मुख्य मार्गों से गुजरते इन वाहनों पर कार्रवाई करने के नाम पर औपचारिकता निभाई जा रही है।

वैसे तो यातायात व्यवस्था का हाल जिले में लंबे समय से बदतर बना हुआ है। नियमों का पालन कराने की बात हो तो दुपहिया से लेकर बड़े वाहनों तक खुलकर अनदेखी की जा रही है। ट्रैक्टर ट्रॉली में सवारियां बैठाकर सफर को लेकर सख्ती करते हुए चेकिंग के निर्देश पहले से हैं। जुर्माने और सीज करने की कार्रवाई का भी प्रावधान है। मगर इसका पालन हर बार हादसों के बाद कुछ समय के लिए ही चेकिंग कर आंकड़े दुरुस्त किए जाते हैं और फिर धरातल पर तस्वीर जस की तय बन जाती है। 10 जून 2022 को पीलीभीत में भी श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली माधोटांडा रोड पर पलट गई थी। जिसमें एक बालक की मौत हो गई थी और 14 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। 11 फरवरी 2023 को जहानाबाद क्षेत्र में घरातियों से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई थी। जिसमें वृद्धा समेत दो लोगों की मौत हो गई थे और 19 लोग घायल हो गए थे। जून 2022 असम हाईवे पर पिकअप पेड़ से टकराने के बाद 10 लोगों की जान चली गई थी। इसके अलावा कई अन्य हादसे भी हो चुके हैं। इसी तरह से ई-रिक्शा के संचालन में भी नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। जिलेभर में करीब सात हजार से अधिक ई-रिक्शा दौड़ रहे हैं। इनकी बेतरतीब आवाजाही और पार्किंग से जाम की समस्या तो बनी ही रहती है। वहीं, सवारियों के बजाए भारी भरकम लोहे का सामान लाने-ले जाने में इस्तेमाल करने पर हादसे का भी डर बना हुआ है। सरिया, पाइप, लोहे का अन्य सामान लादकर भीड़ वाले इलाकों में ई-रिक्शा दौड़ते देखे जा सकते हैं। शनिवार को कासगंज में हुए भीषण हादसे के बाद भी सड़कों पर बेपरवाह तस्वीर सामने आई। टनकपुर हाईवे पर गौहनिया चौराहा, डिग्री कॉलेज चौराहा, माधोटांडा, बरेली, बीसलपुर, पूरनपुर समेत अन्य मार्गों पर भी इसी तरह से वाहन दौड़ते रहे।

असम हाईवे पर चेकिंग करते एआरटीओ वीरेंद्र कुमार। ● अमृत विचार

टनकपुर हाईवे पर गौहनिया चौराहा पर सामान लदा ई-रिक्शा।

माधोटांडा रोड पर पाइप लेकर जाता ई-रिक्शा चालक।

● पुलिस अभियान के दौरान चालान काट झाड़ लेती है पल्ला

कासगंज हादसे के बाद असम हाईवे पर चेकिंग तीन का चालान

पीलीभीत। कासगंज में हुए हादसे के बाद पीलीभीत में भी चेकिंग अभियान के नाम पर औपचारिक कार्रवाई की गई। एआरटीओ वीरेंद्र सिंह की अगुवाई में टीम ने असम हाईवे पर पूरनपुर रोड पर चेकिंग की। इस दौरान ट्रैक्टर ट्रॉली में सफर करते मिलने पर कार्रवाई की गई। एआरटीओ ने बताया कि तीन ट्रैक्टर ट्रॉलियों के चालान किए गए हैं। अभियान आगे भी जारी रहेगा।

गौहनिया चौराहा से छतरी चौराहा की तरफ जाती ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार लोग।

सुनगढ़ी थाने के पास से गुजरता पाइप लदा ई-रिक्शा। ● अमृत विचार

ग्रामीण इलाकों तक पहुंचने को डग्गमार वाहनों से सफर करना मजबूरी

पीलीभीत की भूगौलिक स्थिति कुछ अलग है। शहर से कुछ दूरी पर पीलीभीत टाइगर रिजर्व का जंगल है। जहां आने-जाने के लिए वाहनों की जरूरत पड़ती है। खासकर पूरनपुर और कलीनगर तहसील क्षेत्र के कुछ गांवों ऐसे हैं, जिनकी मुख्यालय से दूरी 50 किलोमीटर से अधिक है। जहां तक पहुंचने के लिए पर्याप्त संसाधन नहीं हैं। ऐसे में डग्गामार वाहनों का सहारा लेना मजबूरी बन जाता है। जो मैजिक टेंपो संचालित हो रहे हैं, उनमें भी अधिकांश की फिटनेस पर सवाल उठते रहे हैं। इन वाहनों में निर्धारित से अधिक सवारियां भी ढोई जाती हैं। गांव महोफ कॉलोनी, पौटा कला, गभिया सहराई, महाराजपुर, मैनाकोट, सिमरा तालुके महाराजपुर भगवंतापुर, नवदिया, पिपरिया जयभद्र महादिया, सिरसा, कुरैया, नजीरगंज आदि के ग्रामीणों को किसी धार्मिक आयोजन या फिर मेला आदि में जाने के लिए ट्रैक्टर ट्रॉलियों पर सफर करना पड़ता है।

> इस तरह के हादसों को रोकने के लिए जागरुकता लाना बहुत जरूरी है। इसके लिए ग्राम प्रधानों से सहयोग लेकर गोष्ठियां कराएंगे, जिसमें लोगों को जागरूक किया जाएगा। कार्रवाई भी लगातार की जा रही है। इस साल करीब 60 ट्रैक्टर टॉलियों पर सवारियां मिलने पर चालान किए भी गए हैं। इसमें और सख्ती कराएंगे। ई-रिक्शा का लोडर के रूप में इस्तेमाल रोकने के लिए जल्द अभियान चलाया जाएगा।
>
> – वीरेंद्र सिंह, एआरटीओ

साथ किया काम, रुपये मिलने पर नहीं कर रहे भुगतान

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

● नगर पालिका में अमृत योजना के तहत पाइप लाइन बिछाने को लेकर चार पार्टनरों ने लिया था टेंडर

● भुगतान के बाद एक करोड़ की धनराशि में कर रहे गबन, कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुई एफआईआर

अमृत विचार : नगर पालिका में अमृत योजना के तहत पाइप लाइन का काम करने के लिए एक फर्म के तीन सब पार्टनरों ने धोखाधड़ी करते हुए करोड़ों रुपये का गबन कर लिया। जब पीड़ित ने रुपये मांगे तो उसे जान से मारने की धमकी दे दी गई। कोर्ट के आदेश पर मामले में धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

कोर्ट के आदेश पर सुनगढ़ी थाने में दर्ज की गई रिपोर्ट में बरेली जिले के जगदीश विहार कॉलोनी निवासी दिनेश चंद्र ने बताया कि वह साई इंफ्रा प्रोजेक्ट इंडिया लिमिटेड कंपनी के डायरेक्टर हैं। वर्ष 2018 में उनके पास मेरठ जिले के न्यू मोहनपुरी निवासी सतीश चंद्र गुप्ता, अनुपम गुप्ता और कपिल गुप्ता मिलने आए थे। उन्होंने कहा कि उनकी कंपनी को नगर पालिका पीलीभीत में वाटर सप्लाई स्कीम अंडर अमृत योजना का कांट्रेक्ट मिलने वाला है। एक होटल में मौखिक सब कॉन्ट्रैक्ट एग्रीमेंट किया गया था। जिसमें बतौर सिक्योरिटी 55 लाख रुपये देने थे। उन्होंने तीन जुलाई 2018 को 10 लाख, 16 अक्टूबर 2018 को 35 लाख और 26 अक्टूबर 2018 को पांच लाख रुपये खाते में आरटीजीएस किए। बाकी पांच लाख रुपये नगद दिए। 27 दिसंबर 2018 को लिखित एग्रीमेंट किया गया। वर्क ऑर्डर मिलने के बाद जनवरी 2019 में पीलीभीत में पाइप लाइन ओवरहैड टैंक का कार्य शुरू कर दिया था। कुल ठेका 13.03 करोड़ रुपये का हुआ था। काम के दौरान कुल आठ करोड़ के बिल का भुगतान किया गया। मगर पीड़ित को सिर्फ दो करोड़ के बिलों का भुगतान किया गया। इसके बाद उन्होंने सिक्योरिटी के तौर पर 50 लाख रुपये बिल हैंड के भी जमा किए।

जो टेस्टिंग के बाद विभाग द्वारा वापस कर दी जाती है। मई 2022 में कंपनी संचालक ने योजना के तहत एग्रीमेंट की शर्तों के अनुसार कार्य पूर्ण कर नगर पालिका को हैंडओवर कर दिया। हैंडओवर के दौरान विभाग में जमा सिक्योरिटी बिल के 50 लाख रुपये निकाले गए। साथ ही आठ करोड़ के बिल की 10 प्रतिशत जीएसटी भी 80 लाख रुपये प्राप्त कर ली गई। लेकिन उन्हें कोई हिसाब नहीं दिया गया। जब उनसे हिसाब मांगा तो पहले टालमटोल की गई। वह मेरठ जाकर मिले लेकिन वहां भी आरोपियों ने बहानेबाजी कर टाल दिया।

20 फरवरी 2022 को संचालक को पीलीभीत लेकर आए और अपनी रकम मांगी। इस पर आरोपियों ने सप्ताह भर में रकम वापस करने की बात कही। उसके बाद धमकाना शुरू कर दिया। उस वक्त पुलिस से शिकायत की गई लेकिन सुनवाई नहीं हुई। फिर कोर्ट की शरण ली गई। इंस्पेक्टर संजीव शुक्ला ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। साक्ष्यों के आधार पर विवेचना कराई जाएगी।

नारेबाजी कर फूंका गृहमंत्री और सीएम हरियाणा का पुतला

संवाददाता, बीसलपुर

अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन (चढूनी ग्रुप) के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को किसानों पर लाठी चार्ज व एक युवा किसान की मौत के विरोध में प्रदर्शन किया।

एकजुट हुए कार्यकर्ताओं ने बिलसंडा में प्रदर्शन कर हरियाणा के मुख्यमंत्री, गृहमंत्री का पुतला फूंका। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और वार्ता की। किसानों ने कहा कि सरकार किसानों की मांगों को लेकर गंभीर नहीं है। जब तक किसानों की मांगे पूरी नहीं होंगी विरोध प्रदर्शन जारी रहेंगे। इस मौके पर गुरुप्रीत सिंह, सतनाम सिंह, अंग्रेज सिंह, गुरुदेव सिंह आदि मौजूद थे।

विरोध प्रदर्शन करते किसान नेता। ● अमृत विचार

रास्ते के विवाद में मारपीट

पूरनपुर, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव सुआबोझ निवासी मीरा देवी की शिकायत पर पुलिस ने गांव के ही धर्मपाल, सरवन कुमार और जगन्नाथ के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की है। आरोप है कि रास्ते के विवाद को लेकर उनके पति और उन पर धारधार चीज से वार कर घायल कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

रास्ता बंद होने पर रुकवाया निर्माण

पीलीभीत, अमृत विचार : रास्ता बंद होने की जानकारी पर पहुंचे ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट परिसर में कराए गए चारदीवारी का निर्माण रुकवा दिया। ग्रामीणों ने मामले की शिकायत राज्यमंत्री से की है। कलेक्ट्रेट परिसर में चारदीवारी का निर्माण कराया जा रहा है। बताते हैं कि ऑफिसर्स कॉलोनी के पीछे से ही एक रास्ता गांव बक्सपुर को भी जाता है। शहर में आने के लिए गांव के ग्रामीण इसी रास्ते का सहारा लेते हैं। बताते हैं कि शनिवार को जब ग्रामीणों को रास्ता बंद होने की जानकारी मिली तो कई ग्रामीण मौके पर पहुंचे और शोर-शराबा करते हुए काम बंद करा दिया। ग्रामीणों का कहना था कि सालों से वे लोग इसी रास्ते से शहर में आते-जाते हैं। अगर रास्ता बंद कर दिया तो कई किमी लंबा चक्कर लगाकर लोगों को शहर पहुंचना होगा। काफी देर तक ग्रामीण मौके पर जुटे रहे। विरोध के चलते शाम तक काम भी बंद रहा। ग्रामीणों ने मामले की शिकायत राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार से की है।

गन्ना कृषक महाविद्यालय में अवैध नियुक्तियों और घोटाले का आरोप

संवाददाता, पूरनपुर

● सछास जिलाध्यक्ष ने एसडीएम से की जांच और कार्रवाई की मांग

अमृत विचार : गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कथित अवैध नियुक्तियों और घोटाले के आरोपों को लेकर विवाद गहराने लगा है। समाजवादी छात्रसभा के जिलाध्यक्ष नोमान अली वारसी ने एसडीएम से पूरे प्रकरण की शिकायत कर जांच की मांग की है। जिसमें आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

सछास जिलाध्यक्ष ने शनिवार को एसडीएम को संबोधित शिकायती पत्र नायब तहसीलदार अभिषेक त्रिपाठी को सौंपा। जिसमें कहा कि वर्ष 1994 में गन्ना किसानों के सहयोग से कॉलेज की स्थापना हुई। तब से लेकर अब तक कॉलेज में बड़े पैमाने पर घोटाले हुए हैं। फर्जी नियुक्तियां की गईं। कहा कि गरीब विद्यार्थी महंगी फीस पर पढ़ाई करने को मजबूर हैं। प्रबंधन, प्रशासन न ही शिक्षकों ने कॉलेज की स्थिति सुधारने में कोई रुचि दिखाई। यही वजह है कि इतना पुराना संस्थान आज तक राजकीय महाविद्यालय का दर्जा हासिल नहीं कर सका। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि कॉलेज में नियम-कायदों को ताक पर रखकर जो नियुक्तियां की गई हैं उनकी जांच की जाए। वित्तीय अनियमितता की जांच हो।

वहीं, कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार शर्मा के मुताबिक, कॉलेज में 2016 में अवैध नियुक्तियां और वित्तीय अनियमितता के मामले में पूर्व प्रबंधक श्रीकांत सिंह के अधिकार सीज किए गए थे। तत्कालीन प्राचार्य को हटाया गया था। अब वही लोग कॉलेज की शिकायतें करा रहे हैं। हम भी यही चाहते हैं कि कॉलेज में 1994 से लेकर अब तक की सभी नियुक्तियों और खर्चों की जांच हो। ताकि सब कुछ साफ हो जाए। रही बात हाल की नियुक्तियों की तो उनके लिए विश्वविद्यालय से अनुमोदन लिया गया है।

नायब तहसीलदार अभिषेक त्रिपाठी को मांग पत्र देते सछास जिलाध्यक्ष नोमान अली वारसी।

जे.पी. क्लीनिक
डा. जितेन्द्र पाल सिंह
B.A.M.S., (Kanpur)
Ex. H.O. जिला अस्पताल
फेमिली फिजीशियन
● दाँद, खाँज, खुजली, मुँहासे का इलाज
● बच्चों के जिगर, सूखा रोग एवं काली खाँसी का इलाज
● जोड़ों, घुटनों व गठियाँ के दर्द का इलाज।
● गुर्दो की पथरी (Kidney Stone) व गदूद (Prostate) का इलाज
बच्चों के सूखा रोग का तेल मुफ्त दिया जाता है।
हमारे यहाँ भफारा (Nebuliser) मुफ्त दिया जाता है
पता : बाजार सन्दल खान, निकट दूल्हा मियाँ की मजार, किला सिटी स्टेशन रोड, बरेली मो. 8791532206
सुबह 11 से 3 बजे तक
सायं 7.30 से 9.30 बजे तक
रविवार अवकाश

अमृत विचार Lifelines MEDICAL OF BAREILLY
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

हार्ट केयर एण्ड मेडिकल सेन्टर
66-MES कॉलोनी, वैशमार्बल व गुप्ता ट्रेडर्स के सामने, 100 फुटा रोड, बरेली
रेनबो हॉस्पिटल
प्रेम नर्सरी के सामने, मिनी बाईपास रोड, कर्मचारी नगर, बरेली
हृदय रोगियों के लिये खुशखबरी
बिना ऑपरेशन बिना भर्ती के हृदय के नेचुरल बायपास EECP Treatment के द्वारा सम्भव
डॉ. राकेश मिश्रा
MD, Physician, Dip. Card.
वरिष्ठ फिजिशियन व हृदय रोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक -मेदांता एवं फोर्टिस, गुडगांव
ECG, Echo, TMT, Holter की सुविधा
व्यक्तिगत परामर्श के लिए सम्पर्क करें
7249939977
7088003322

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय
प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
MIZAN E.N.T. & URO Care Centre
निकट आयरिश लॉन पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सुबह 10.30 से 11.30 तक शाम 7 से 8 बजे तक
8394838281, 9897838286
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा,
ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत
मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ऑर्थोडेन्ट क्लीनिक, निकट आकाश पुरम गेट, जगतपुर रोड, बरेली



खेलते वक्त बच्चे पर गिरा लोहे का गेट, दबकर मौत

बीसलपुर के रामनगर कॉलोनी में घर के बाहर खेल रहा था चार साल का संदीप, हादसे से मचा हड़कंप

संवाददाता, बीसलपुर (पीलीभीत)

अमृत विचार : घर के बाहर खेलते वक्त अचानक चार साल के बच्चे पर लोहे का गेट उखड़कर गिर गया। जिसके नीचे दबकर बच्चा बेहोश हो गए। परिजन उसे लेकर सीएचसी पहुंचे, जहां चिकित्सकों के मृत घोषित करने के बाद परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल रहा।

बीसलपुर के ग्राम चंद्रपुरा निवासी सुरेंद्र कुमार सरकारी शिक्षक हैं। उनके दो बेटे आठ वर्षीय कुलदीप और चार वर्षीय संदीप है। परिजन की मानें तो करीब डेढ़ साल से सुरेंद्र का पत्नी पुष्पा देवी से विवाद चल रहा है। जिसके चलते शिक्षक सुरेंद्र कुमार बड़े बेटे कुलदीप के साथ बरेली में रहते हैं। जबकि छोटा बेटा संदीप अपनी मां के साथ नगर के रामनगर कॉलोनी में किराए के मकान में रहता था। वह बीसलपुर के एक स्कूल में प्री-नर्सरी में पढ़ाई कर रहा था। शनिवार सुबह करीब दस बजे घर के बाहर संदीप खेल रहा था। मकान पर मेनगेट लोहे का लगा हुआ है। बताते हैं कि संदीप गेट पर खड़े होकर खेल रहा था। इसी दौरान अचानक लोहे का गेट उखड़कर गिर गया। जिसके नीचे संदीप दब गया। उसके चीखने और गेट गिरने की आवाज सुनकर आसपास के लोग जमा हो गए। बच्चा दबकर बेसुध हो चुका था। आनन-फानन में गेट हटाकर उसे निकाला गया और फिर सीएचसी बीसलपुर लाए। यहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसकी सूचना मिलने पर परिवार के अन्य सदस्य भी आ गए। सभी का रो-रोकर बुरा हाल रहा। गेट की मजबूती न होने को लेकर भी सवाल खड़े किए गए। अस्पताल से मेमो भेजकर पुलिस को सूचना दी गई। जिस पर कोतवाली पुलिस सीएचसी पहुंची और हादसे की जानकारी ली। घटना की जानकारी मृतक के पिता को दी गई। फोन पर पुलिस से हुई बातचीत में पिता ने हत्या की आशंका जताई, इसके चलते पुलिस कार्रवाई के लिए पिता के आने का इंतजार करती रही।

सीएचसी में विलाप करते मृतक के परिवार वाले। ● अमृत विचार

मृतक संदीप।

इसी लोहे के गेट से दबकर गई संदीप की जान। ● अमृत विचार

● करीब डेढ़ साल से मां के साथ रह रहा था बच्चा पिता बरेली के एक स्कूल में शिक्षक

मृतक के ताऊ बोले-कई बार किए प्रयास मिलवाया तक नहीं

संदीप की मौत के बाद सूचना मिलने पर उसके ताऊ राजेंद्र कुमार कुछ ही देर में सीएचसी पहुंच गए थे। उनका रो-रोकर बुरा हाल था। संदीप के पिता के बरेली से आने का इंतजार कर रहे थे। उन्होंने बताया कि करीब डेढ़ साल से बड़ा बेटा पिता और छोटा बेटा मां के पास रह रहा था। उन्होंने कहा कि मृतक के माता-पिता के बीच चल रहा वाद कोर्ट में विचाराधीन है। यह भी आरोप लगाए कि वह कई बार संदीप से मिलने के लिए गए लेकिन उन्हें कभी मिलने ही नहीं दिया गया। परिवार के अन्य सदस्य ढांढस बंधाने में जुटे रहे।

> एक बच्चे की मकान पर लगा लोहे का गेट गिरने पर दबकर मौत होने की सूचना मिली थी। इस पर पुलिस गई थी और जानकारी की गई है। हादसा दुखद है।
> – अशोक पाल, कोतवाल बीसलपुर

60 लाख से बन रही सड़क की गुणवत्ता पर सवाल, वीडियो वायरल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार : पूरनपुर क्षेत्र में कराए जा रहे सड़क निर्माण को लेकर एक वीडियो वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में 60 लाख रुपए की लागत से बनाई जा रही सड़क की गुणवत्ता पर अंगली उठाई गई है।

अब जिम्मेदार ग्रामीणों पर ही आरोप लगाते दिख रहे हैं। लोक निर्माण विभाग पिछले कुछ दिनों से लगातार सुर्खियों में है। घपलेबाजी को लेकर बड़ी कार्रवाईयां भी हो चुकी हैं, इसके बावजूद जिम्मेदार खेल करने में लगे हुए हैं। अब लोक निर्माण विभाग का एक नया कारनामा सामने आया है। सड़क निर्माण की गुणवत्ता को लेकर सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो पूरनपुर क्षेत्र में गांव गुलड़िया भूपसिंह से इकोहत्तरनाथ मंदिर तक जाने वाली सड़क का होना बताया जा रहा है। पांच किमी लंबी इस सड़क का निर्माण 60 लाख रुपए की लागत से कराया जा रहा है। वायरल वीडियो में कुछ ग्रामीण सड़क निर्माण में हो रही घपलेबाजी को लेकर विरोध प्रदर्शन करते दिख रहे हैं। वहीं एक व्यक्ति बनाई गई सड़क में हाथों से बजरी उखाड़ता दिख रहा है। कुछ लोग उखड़ी बजरी को झाड़ू से इकट्ठा करते भी दिख रहे हैं। फिलहाल इस संबंध में जब विभागीय अभियंताओं से जानकारी की गई तो वे मामले की जांच कर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजने की बात कह रहे हैं। इस संबंध में सहायक अभियंता एसपी गौतम ने बताया कि कुछ ग्रामीण घरों तक सड़क बनाने को कह रहे थे, जब मना किया गया तो हाथ से सड़क को उखाड़ने का प्रयास करने लगे। जेई जमुना प्रसाद ने जांच की है। रिपोर्ट मुख्यालय भेजी गई है।

बजरी को हाथों से इकट्ठा करते ग्रामीण के वायरल वीडियो का स्क्रीनशॉट।

● बचाव में जिम्मेदार ही ग्रामीणों पर लगा रहे आरोप

घर में घुसकर मारपीट, रिपोर्ट

पूरनपुर, अमृत विचार : नगर के मोहल्ला खानकाह निवासी मुहम्मद उमर की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने मोहम्मद मियां, भैय्यन शाह, जुल्फिकार व शादाब पर मारपीट की रिपोर्ट दर्ज की है। पीड़ित का आरोप है कि शनिवार को पुराने विवाद में आरोपियों ने घर में घुसकर मारपीट की। पत्नी और बच्चों को भी पीटा। घर का सामान भी तोड़ दिया।

टीम ने छापेमारी कर लिए दूध-बेसन के नमूने

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

● मिलावटी खाद्य पदार्थों की रोकथाम को शुरू हुआ अभियान

अमृत विचार : खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने अभियान चलाकर मिश्रित दूध व बेसन के दो-दो नमूने लिए। नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा शनिवार से चार दिवसीय अभियान शुरू किया गया है।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी सतीश कुमार एवं प्रेम कुमार यादव के नेतृत्व में शनिवार को छापामार कार्रवाई की गई। इस दौरान टीम ने पूरनपुर में कलीनगर के गांव नदहा निवासी मिल्क हॉकर राम सरन से मिश्रित दूध का नमूना लिया। माधोटांडा में गांव मकरंदपुर चौगान निवासी श्यामू से भी दूध का नमूना लिया गया। इसके बाद टीम ने पूरनपुर में स्टेशन रोड स्थित बरेली किराना स्टोर से संदेह होने पर बेसन का नमूना लिया। वहीं टीम ने शहर में मंडी समिति के सामने कृष्णा किराना स्टोर में छापेमारी कर बेसन का नमूना लिया। छापेमारी कार्रवाई से व्यापारियों में हड़कंप मचा रहा। अभिहीत अधिकारी शशांक त्रिपाठी ने बताया कि अभियान के तहत चार नमूने लिए गए हैं। सभी नमूनों को प्रयोगशाला जांच के लिए भेजा गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि अभियान 26 फरवरी तक चलाया जाएगा।

युवती की बरामदगी न होने पर भड़का गुस्सा, जाम लगाकर किया प्रदर्शन

संवाददाता, बरखेड़ा (पीलीभीत)

अमृत विचार : 24 घंटे के भीतर युवती की बरामदगी के आश्वासन पर एक दिन पूर्व शांत हुए एक पक्ष के लोग कोई नतीजा न निकलने पर फिर तल्ख तेवर में आ गए। शनिवार शाम करीब सात बजे थाना बरखेड़ा के आगे पीलीभीत-बीसलपुर मार्ग पर जाम लगाकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। बरखेड़ा पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाए। आरोप लगाया कि पुलिस इंतजार कर रही है कि युवती कोर्ट मैरिज कर आए और फिर मामले को दबा दिया जाए। युवती की बरामदगी होने तक धरना प्रदर्शन जारी रखने का ऐलान कर दिया। प्रदर्शन को लेकर मार्ग पर आवागमन बाधित रहा। दोनों तरफ वाहनों की कतार लगी रही। हालांकि एंबुलेंस और इमरजेंसी कार्य से जा रहे राहगीरों को निकाल दिया गया।

बरखेड़ा क्षेत्र की एक युवती को 19 फरवरी को दूसरे समुदाय का युवक बहला फुसलाकर ले गया था। इसकी परिवार के सदस्यों की ओर से तहरीर तो नहीं दी गई थी, लेकिन दो समुदायों से जुड़ा मामला होने पर मौखिक शिकायत पुलिस तक पहुंची थी। युवती की 26 फरवरी को शादी भी होनी है। शुक्रवार रात को युवती की बरामदगी की मांग को लेकर एक पक्ष के लोगों ने धरना प्रदर्शन किया था। फिर 24 घंटे में युवती की बरामदगी करने का आश्वासन मिलने पर शांत हो गए थे। दूसरे दिन शनिवार को युवती की बरामदगी की चुनौती पुलिस के सामने बनी रही। शाम तक मामला एक बार फिर तूल पकड़ने के आसार बन गए थे। इसे लेकर शाम को अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया बरखेड़ा थाने पहुंचे और कुछ देर बाद ही वापस चले गए थे। शाम तक युवती की बरामदगी नहीं हो सकी थी। पुलिस ने युवती की गुमशुदगी दर्ज कर ली थी। शाम करीब सात बजे दोबारा लोग जमा हुए और पुलिस पर साठगांठ का आरोप लगाते हुए धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। उनका कहना था कि पुलिस ने अभी तक न तो युवती बरामद की है, न ही पांच दिन में युवती को ले जाने और घटना में सहयोग करने वाले किसी की गिरफ्तारी की गई है।

धरना देते हुए नारेबाजी की गई। विरोध प्रदर्शन के दौरान मार्ग पर दोनों तरफ वाहनों की कतार लग गई। बीसलपुर की तरफ से एक-एक कर दो एंबुलेंस आ रही थीं, जिसे लोगों ने रास्ता दे दिया। इंस्पेक्टर बरखेड़ा मृदुल कांत शुक्ला पुलिस बल के साथ मौके पर रहे। करीब डेढ़ घंटे बाद सीओ बीसलपुर विशाल चौधरी मौके पर पहुंचे और इंस्पेक्टर को लेकर थाना बरखेड़ा के भीतर चले गए। प्रकरण को लेकर जानकारी की जाती रही। उधर, प्रदर्शनकारी अपनी मांग पर अडिग रहकर नारेबाजी करते रहे।

26 से पहले बरामदगी का आश्वासन, खुला जाम : इंस्पेक्टर बरखेड़ा से कुछ देर चली बात के बाद सीओ बीसलपुर ने परिवार और प्रदर्शनकारियों में से कुछ लोगों को बुलाकर थाने में वार्ता की। उन्हें आश्वस्त करने का प्रयास किया जाता रहा। चूंकि युवती की शादी 26 फरवरी को होनी है। ऐसे में अफसरों ने आश्वासन दिया कि शादी के समय से पहले बरामदगी की जाएगी। एसओजी टीम भी रवाना कर दी गई। तब जाकर परिजन और प्रदर्शनकारी माने और जाम खोल दिया गया।

प्रदर्शन के दौरान पीलीभीत-बीसलपुर मार्ग पर लगी वाहनों की कतार। ● अमृत विचार

● दूसरे समुदाय का युवक 19 फरवरी को ले गया था बहला फुसलाकर

युवती की बरामदगी की मांग को लेकर जाम लगाए भीड़। ● अमृत विचार

बिना नक्शा कराया जा रहा फूड इंडस्ट्री का निर्माण, शिकंजा कसने की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

● सप्ताह भर के भीतर मानचित्र स्वीकृत न कराने पर कार्रवाई की चेतावनी

अमृत विचार : नियम विरुद्ध तरीके से बनाई जा रही एग्री फूड इंडस्ट्री पर शिकंजा कसने की तैयारी शुरू कर दी गई है। जिला पंचायत ने इंडस्ट्रीज स्वामी को नोटिस भेजकर सप्ताह भर के भीतर नक्शा स्वीकृत कराने के निर्देश दिए हैं। ऐसा न करने पर कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई है।

जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में व्यावसायिक भवनों, कॉलोनियों, संस्थाओं आदि के निर्माण के लिए जिला पंचायत से मानचित्र स्वीकृत कराने का प्रावधान है। भवन निर्माण के बाद मानचित्र स्वीकृत कराने पर 20 से 50 फीसदी तक अतिरिक्त शुल्क वसूली की व्यवस्था है। ऐसा न करने पर वैधानिक कार्रवाई अमल में लाते हुए अवैध निर्माण को जमींदोज कराने का प्रावधान है। इसके बावजूद जिला पंचायत से बिना नक्शा पास कराए व्यवसायिक भवनों का निर्माण कराया जा रहा है। ऐसा ही एक मामला पूरनपुर का सामने आया है। जिला पंचायत के जेई व राजस्व निरीक्षक को निरीक्षण के दौरान संज्ञान में आया कि पूरनपुर के घुंघचिहाई में एक एग्री फूड इंडस्ट्री का निर्माण कराया जा रहा है। इंडस्ट्री स्वामी द्वारा जिला पंचायत से भवन का नक्शा भी पास नहीं कराया गया है। जिस पर जिला पंचायत द्वारा गत वर्ष जून में इंडस्ट्री स्वामी को नोटिस भेजा गया। बताते हैं कि उन्होंने नोटिस का कोई जवाब नहीं दिया। इधर अब जिला पंचायत ने इंडस्ट्री स्वामी पर शिकंजा करने की तैयारी शुरू कर दी है। जिला पंचायत ने शुक्रवार को इंडस्ट्री स्वामी को दोबारा नोटिस भेजा है। भेजे गए नोटिस में इंडस्ट्री संचालक को सात दिन के भीतर जिला पंचायत से नक्शा स्वीकृत कराने के निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित अवधि में नक्शा स्वीकृत न कराने पर कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई।

> पूरनपुर के घुंघचिहाई क्षेत्र में एग्री फूड इंडस्ट्रीज का बिना मानचित्र स्वीकृत कराए निर्माण कराया जा रहा है। संबंधित को नोटिस भेजकर मानचित्र स्वीकृत कराने को कहा गया है। मानचित्र स्वीकृत न कराने पर कार्रवाई की जाएगी।
> – हरमीक सिंह, अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत

छुट्टा पशुओं को पकड़ने की मांग, सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, बीसलपुर

अमृत विचार : किसानों की फसलों को क्षति पहुंचा रहे छुट्टा पशुओं की समस्या का समाधान करने की मांग करते हुए किसान कल्याण महासंघ के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को तहसील में प्रदर्शन किया। इसके बाद एसडीएम महिपाल सिंह को ज्ञापन सौंपा।

किसान कल्याण महासंघ के कार्यकर्ता तहसील मुख्यालय परिसर में सुबह एकत्र हुए। नारेबाजी कर प्रदर्शन करने के बाद एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। जिसमें बताया कि क्षेत्र में बड़ी संख्या में छुट्टा पशु सड़कों पर घूम रहे हैं। इन पशुओं से हमले का डर रहता है और फसलों को भी नुकसान हो रहा है। कई लोगों की जान भी जा चुकी है। किसान रात में भी फसल की रखवाली करने को मजबूर हैं। गोशालाओं की क्षमता कम होने के कारण गोवंशीय पशु उनमें आश्रित नहीं किए जा सके हैं। अभियान चलाकर छुट्टा पशुओं को पकड़कर गोशालाओं संरक्षित कराने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में संतोष वर्मा, अजय गंगवार, धर्मेंद्र कुमार, गुरमेज आदि थे।

एसडीएम को ज्ञापन देते कार्यकर्ता।

ग्रामीणों ने अधिकारियों को बताईं समस्याएं

पूरनपुर, अमृत विचार : एसडीएम राजेश कुमार शुक्ला, तहसीलदार हबीब उर रहमान अंसारी शनिवार को टीम के साथ थाना सेहरामऊ क्षेत्र के गांव चलतुआ पहुंचे। गांव के उच्च प्राथमिक विद्यालय में बनाए जाने वाला बूथ देखा और उसकी जानकारी ली। इस दौरान मतदाता जागरुकता अभियान के तहत ग्रामीणों को जागरूक किया गया। उन्हें बताया गया कि सभी लोग शत प्रतिशत मतदान में सहयोग करें।

इस दौरान ग्रामीणों ने अधिकारियों को अपनी समस्याएं बताईं। बताया कि गांव में कोई भी मोबाइल नेटवर्क नहीं है। इसके अलावा चारों ओर जंगल से घिरे गांव में बिजली की व्यवस्था नहीं है। कक्षा आठ तक की पढ़ाई के बाद बच्चों को आगे पढ़ाई के लिए मैलानी, जोगराजपुर, लखीमपुर, पीलीभीत के लिए लंबी दूरी तय करके जाना पड़ता है। गांव में स्वास्थ्य सेवाएं भी नहीं है। अधिकारियों ने समस्याएं सुनने के बाद उनके निस्तारण करने का आश्वासन दिया।

15 हजार के इनामी को गिरफ्तार कर जेल भेजा

संवाददाता, पूरनपुर

● 2021 में दबिश देने आई उत्तराखंड पुलिस से लूटी थी एके-47

अमृत विचार : हजारा पुलिस ने 15 हजार के इनामी राघवपुरी गांव निवासी कृष्णा सिंह पुत्र जसवंत सिंह उर्फ जस्सा को गिरफ्तार किया। उसके पास से तमंचा और कारतूस बरामद हुए। आर्म्स एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया।

गिरफ्तार किए गए आरोपी के खिलाफ 24 अप्रैल 2021 को माधोटांडा थाने में उत्तराखंड के नानकमत्ता थाने की पुलिस चौकी प्रतापपुर के दरोगा जितेंद्र सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें बताया था कि 23 अप्रैल 2021 को उन्हें सूचना मिली थी कि ढाई हजार रुपये का इनामी हत्यारोपी जसवंत सिंह उर्फ जस्सा पीलीभीत जिले के माधोटांडा क्षेत्र के ग्राम वीरखेड़ा से पांच किमी दूर शारदा नदी किनारे वन विभाग की भूमि पर झाला बनाकर रह रहा है। इस पर टीम के साथ दबिश दी गई तो पुलिस टीम पर हमला कर दिया गया। आरोपी जसवंत के पुत्र कृष्णा सिंह व कमरजीत उर्फ किन्ने कांस्टेबल नवनीत कुमार की एके -47 लूटकर खेतों की तरफ भाग गए थे। लूटी गई एके-47 कुछ समय बाद ही बरामद कर ली गई थी। इस मामले में आरोपी कृष्णा सिंह भी शामिल रहा था। उस पर 15 हजार का इनाम घोषित था। हजारा पुलिस ने शनिवार को इनामी कृष्णा सिंह को गिरफ्तार कर लिया। उसे चालान कर जेल भेज दिया है।

संपत्ति का विवरण न देने पर रुकेगा चिकित्सकों का प्रमोशन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

● 25 चिकित्सक ए-लेवल के कार्यरत हैं जनपद में

● मानव संपदा पोर्टल पर अपलोड करना है चल अचल संपत्ति का विवरण

अमृत विचार : स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत सभी चिकित्सकों को अपनी चल अचल संपत्ति का विवरण अब सरकार को बताना होगा। जिन चिकित्सकों ने चल अचल संपत्ति का विवरण नहीं दिया, उनकी पदोन्नति नहीं की जाएगी। जिले में लेवल ए के केवल एक चिकित्सक का विवरण अभी अपलोड किया गया है।

निदेशक प्रशासन डॉ. राजा गणपति ने 21 विभागों को पत्र जारी किया है। इसमें सभी सभी राज्य कर्मचारियों की चल अचल संपत्ति का विवरण मानव संपदा पोर्टल पर 11 फरवरी तक अपलोड करने के निर्देश दिए थे। साफ निर्देश थे कि विवरण जमा न करने वाले लेवल ए के चिकित्सकों की पदोन्नति के प्रकरणों पर विचार नहीं किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार सीएमओ कार्यालय में लेवल ए के 25 चिकित्सक कार्यरत हैं। सीएमओ कार्यालय में तैनात लेवल ए चिकित्सकों का अभी तक चल अचल संपत्ति का विवरण मानव संपदा पोर्टल पर अपलोड नहीं किया गया है। इससे इन चिकित्सकों की पदोन्नति पर तलवार लटक गई है। सीएमओ डॉ. आलोक कुमार ने बताया कि मुख्यालय से सभी कर्मचारियों, चिकित्सकों की चल अचल संपत्ति का विवरण मानव संपदा पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यालय के निर्देशानुसार धीरे-धीरे सभी की चल अचल संपत्ति का विवरण पोर्टल पर अपलोड कराया जा रहा है। यह चिकित्सकों को स्वयं करना होगा।

त्रिवेंद्र बोले-लोकसभा चुनाव में जीत के लिए घर-घर जाएं कार्यकर्ता

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार : आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा के प्रदेश कलस्टर इंचार्ज बनाए गए उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कार्यकर्ताओं में जोश भरा। जनपद आगमन पर शनिवार को उनका भव्य स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं संग बैठक कर उन्होंने पीलीभीत सीट पर इस बार चार लाख पार वोट का मंत्र दिया। साफ कहा कि हर बूथ पर भाजपा के पक्ष में 51 प्रतिशत मतदान कराने की तैयारी करनी है।

पूरनपुर रोड पर स्थित भाजपा कार्यालय पर चुनाव समिति की बैठक की और जीत का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि हम सभी को आगामी लोकसभा चुनाव में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। प्रथम मतदाता के रूप में अपना मत देने वाले युवाओं को भारतीय जनता पार्टी के समर्थन में वोट पड़वाना है, क्योंकि पीलीभीत ही नहीं बल्कि पूरे देश की सभी लोकसभा सीटों पर हमारा प्रत्याशी कमल का फूल और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं और इससे लाभांवित हुए लोगों से संपर्क करें। उन्हें आगामी योजनाओं से अवगत कराएं। हम सभी को हर बूथ पर जाकर महिला सशक्तिकरण और युवाओं पर विशेष ध्यान देना है। इसके बाद कार्यालय पर ही आयोजित अनुसूचित मोर्चा के सम्मेलन में प्रतिभाग किया। जिसमें कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अनूसूचित जन जाति का गौरव बढ़ाया है। आज केंद्र सरकार की संचालित विभिन्न योजनाओं से सीधे लाभ मिल रहा है जिससे अनुसूचित जाति के लोग भाजपा से जुड़ रहे हैं। यह वह जाति है जिसने कभी गुलामी स्वीकार नहीं की और अपना धर्म परिवर्तन नहीं किया। सनातन की रक्षा के लिए मुगलों के सामने कभी घुटने नहीं टेके। इस मौके पर बरेली मंडल क्लस्टर इंचार्ज एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा, जिला प्रभारी गुलशन आनन्द, जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, विधान परिषद सदस्य डॉ. सुधीर गुप्ता, बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्ता नंद, पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान, पूर्व मंत्री डॉ विनोद तिवारी, हेमराज वर्मा, लोकसभा संयोजक दीपक अग्रवाल, लेखराज भारती, स्वतंत्र देवल, विकास वाल्मीकि, शशिकांत वाल्मीकि, शांति स्वरूप सोनकर आदि मौजूद रहे।

भाजपा कार्यालय पर बैठक को संबोधित करते उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत। मंचासीन पूर्व मंत्री डॉ. विनोद तिवारी, बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद, पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान, भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह व अन्य।

● उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

बरखेड़ा ब्लॉक सभागार में भी हुई बैठक

बरखेड़ा में आयोजित बैठक में मौजूद कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, बरखेड़ा

अमृत विचार : उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत दोपहर में ब्लॉक सभागार पहुंचे। यहां उन्होंने लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति की विधानसभा बरखेड़ा स्तरीय बैठक को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित किया। कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर घर-घर जाकर लोगों से संपर्क कर भाजपा से जोड़ने की जिम्मेदारी दी। बरखेड़ा विधानसभा के संयोजक बनाए गए ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष कमलेश गंगवार से चुनावी तैयारियों की जानकारी की और सक्रियता का पाठ पढ़ाया। इस मौके पर विधानसभा प्रभारी आशुतोष शर्मा, नागेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट, राजेंद्र पाठक राजू, डॉ. सौरभ शर्मा, दिगंबर दयाल गंगवार, डॉ. हरस्वरूप मौर्य आदि मौजूद रहे।

खून के आंसू

हकीम जहीर अहमद

जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको

धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, नि:संतान रोगी (नशा छुड़वाये), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्दी का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊ पर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।

वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येक:-

शनिवार रविवार

बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली

मो. 9634499693

एयरपोर्ट जैसा नजर आएगा जंक्शन, 16.7 करोड़ से होगा कायाकल्प

रेलवे प्लेटफार्म पर मिलेगी एस्केलेटर की सुविधा, सर्कुलेटिंग एरिया का होगा विस्तार, कई अन्य सुविधाएं भी होंगी उपलब्ध

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार : पीलीभीत का रेलवे जंक्शन आने वाले दिनों में एयरपोर्ट लुक में नजर आएगा। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 16.7 करोड़ की लागत से रेलवे स्टेशन को सजाया संवारा जाएगा। सर्कुलेटिंग एरिया के विस्तार के साथ यात्रियों को एस्केलेटर समेत तमाम अन्य सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। इसको लेकर काम भी शुरू हो चुका है। प्रधानमंत्री मोदी 26 फरवरी को पुनर्विकास कार्य का वर्चुअल शिलान्यास करेंगे।

पीलीभीत रेलवे जंक्शन जनपद के अलावा उत्तराखंड के तमाम इलाकों के लोगों के लिए रेल यात्रा के लिहाज से प्रमुख रेलवे स्टेशन माना जाता है। ब्रॉडगेज कन्वर्जन के बाद रेलवे जंक्शन को भी बेहतर बनाने की कवायद चल रही है। इज्जतनगर मंडल के 10 रेलवे स्टेशनों के साथ पीलीभीत के रेलवे जंक्शन का चयन किया गया है। योजना के तहत 16.7 करोड़ रुपए की लागत से रेलवे जंक्शन का पुनर्विकास किया जाएगा। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकास के बाद रेलवे जंक्शन एयरपोर्ट लुक में नजर आएगा। योजना के तहत रेलवे जंक्शन के सर्कुलेटिंग एरिया का विस्तार किया जाएगा। टिकट विंडो एवं कार्यालयों में फॉल सीलिंग लगाई जाएंगी।स्टेशन आने-जाने वाले रास्ते चौड़े किए जाएंगे। बाहरी एरिया में खूबसूरत पार्क बनाया जाएगा।

पुनर्विकास के बाद कुछ इस तरह नजर आएगा पीलीभीत का रेलवे जंक्शन।

प्रधानमंत्री मोदी 26 को करेंगें पुनर्विकास कार्यों का वर्चुअल शिलान्यास

पीलीभीत। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 26 फरवरी को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत होने वाले पुनर्विकास कार्यों का वर्चुअल शिलान्यास करेंगे। यह जानकारी इज्जतनगर मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक संजीव शर्मा ने शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस के दौरान दी। रेलवे स्टेशन के वीआईपी रूम में हुई प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास किया जाएगा। यात्रियों को अत्याधुनिक सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। दिव्यांगजनों के लिए विशेष सुविधा दी जाएगी। इसको लेकर कार्य चल रहा है, शिलान्यास के बाद तेजी से काम होंगे। उन्होंने बताया कि दिसंबर तक कार्य पूरा करने का लक्ष्य है। उन्होंने वर्चुअल शिलान्यास कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में सांसद समेत अन्य जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। इस दौरान स्टेशन अधीक्षक धर्मेंद्र कुमार, वाणिज्य निरीक्षक पुष्पराज सिंह, इज्जतनगर मंडल के पीआरओ राजेंद्र सिंह समेत अन्य रेल अफसर मौजूद रहे। इस दौरान वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक ने किए जा रहे कार्यों का भी जायजा लिया।

यात्रियों को मिलेंगी विश्वस्तरीय सुविधाएं

रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया के विस्तार के साथ प्लेटफार्म पर एस्केलेटर की सुविधा मुहैय्या कराई जाएगी। अत्याधुनिक पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी। जिसमें तिपहिया वाहनों के लिए अलग लेन की व्यवस्था होगी। यात्रियों की सुविधा के लिए मॉर्डन टॉयलेट ब्लॉक का निर्माण कराया जाएगा। यात्री प्रतीक्षालय के सुधार के साथ कार्यालयों को प्लेटफार्म के लेवल तक उठाया जाएगा। वहीं रिफ्रेशमेंट रूम का विस्तार प्रतीक्षालय तक किया जाएगा। स्टेशन पर जलापूर्ति के लिए 30 हजार लीटर की नौ मीटर ऊंची टंकी का निर्माण किया जाएगा। दो वाटर हाइड्रेंट भी बनाए जाएंगें। मोबाइल चार्जिंग के लिए जगह-जगह चार्जिंग प्वाइंटस एवं ओवरब्रिज, प्लेटफार्म और सर्कुलेटिंग एरिया में एलईडी साइनेज लगाए जांएगे।

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल- बरेली

FREE ओ. पी. डी. परामर्श

बच्चों में सभी हड्डी व रीढ की समस्याओं के नि:शुल्क परामर्श के लिए मिलें

मुंबई के वरिष्ठ बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ द्वारा नि:शुल्क परामर्श

दिनांक :-
14 - 15 मार्च 2024

समय :-
सुबह 9 से 4 बजे तक

स्थान :-
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल , हड्डी रोग विभाग
कमरा नंबर - 1084

डॉ. तुषार अग्रवाल
बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ , मुंबई

रजिस्ट्रेशन के लिए कॉल करें - 9081800900 , 8006460900

Address: Department of Orthopedic (Room No-1084)
Rohilkhand Medical College & Hospital
Pilibhit Bypass Road, Bareilly

Rohilkhand
INFERTILITY & IVF CENTRE
Creating life.... completing families.

RISAA IVF
दिल्ली का जाना माना IVF सेन्टर अब बरेली शहर में

परामर्श शुल्क
₹200/- ₹100/-

प्रत्येक सोमवार
प्रातः 09:00 से 03 बजे तक

अपनी नन्हीं खुशियों को आज ही अपने घर लाये हमारे साथ !

हेल्पलाइन नं०
6398018900

उपलब्ध सुविधायें :-
● नि:सन्तानता सम्बन्धित सम्पुर्ण इलाज व जाँचें, ● टेस्ट ट्यूब बेबी (IVF) रियायती दरो पर,
● इन्फर्टीलिटी अल्ट्रासाउंड, ● ICSI, I.U.I., लेप्रोस्कॉपी हिस्ट्रोस्कोपी (दुरबीन द्वारा बच्चेदानी व अंडेदानी की जाँच)
● उच्चतम सफलता दर, ● विश्वस्तीय आधुनिकतम IVF लैब

स्थान :
IVF सैन्टर Ist Floor न्यू बिल्डिंग कमरा नं. 106
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
सुरेश शर्मा नगर चौराह, डेंटल कॉलेज रोड, बरेली फोन नं. 0581-2526012,11

पोल्ट्री फार्म में आग से 600 चूजे जले

संवाददाता, पूरनपुर

अमृत विचार : हजारा थाना क्षेत्र के सिंघाड़ा उर्फ टाटरगंज गांव में एक पोल्ट्री फार्म में आग लग गई। जिससे फॉर्म में मुर्गियों के करीब 600 चूजों की मौत हो गई। फार्म स्वामी अमरजीत भी गंभीर रूप से झुलस गए। उन्हें इलाज के लिए लखीमपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। संचालक के परिजनों ने तीन लाख रुपये समेत सात लाख के आसपास नुकसान बताया है।

हजारा क्षेत्र के शारदा पार टिल्ला नंबर चार गांव निवासी 35 वर्षीय अमरजीत सिंह पुत्र वेद सिंह का टाटरगंज में पोल्ट्री फार्म है। शनिवार की सुबह फॉर्म में अचानक आग लग गई। फॉर्म हाउस में आग की लपटों को देख ग्रामीण जमा हो गए। बताते हैं कि इस बीच फॉर्म स्वामी अमरजीत सिंह फार्म से चूजे और सामान निकालने में जुट गए। इस दौरान वह भी झुलस गए। ग्रामीणों ने जैसे-तैसे आग पर काबू पाया। आग में झुलसे अमरजीत को पलिया की सीएचसी लेकर गए। जहां से उन्हें लखीमपुर खीरी जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। परिजनों के मुताबिक, फार्म में चूजों के अलावा, तीन लाख नगदी, पंखे, बैट्री, इनवर्टर समेत अन्य सामान भी जलकर खाक हो गया है। ग्रामीणों ने घटना की सूचना तहसील प्रशासन को दी है। उनका कहना है कि आग के कारणों का पता नहीं लग सका। शॉर्ट सर्किट से हादसा होने की आशंका जताई जा रही है।

टाटरगंज में पोल्ट्री फार्म से उठतीं आग की लपटें। ● अमृत विचार

● फॉर्म से सामान और चूजे निकालने के प्रयास में एक झुलसा

छात्राओं ने रैली निकालकर दिया स्वच्छता का संदेश

बीसलपुर, अमृत विचार: राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन शनिवार को छात्राओं ने महावा गांव में स्वच्छता जागरुकता रैली निकाली। इस दौरान ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के साथ श्रमदान भी किया गया।

प्राथमिक विद्यालय महावा में आयोजित शिविर में स्वयंसेविका नीलम कुमारी, शिवांगी मौर्य, जिज्ञासा राठौर ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत का गायन किया। अध्यापकों को बैच लगाकर सम्मानित किया गया। गांव में रैली निकालकर स्वच्छता के लिए लोगों को जागरूक किया। प्राथमिक विद्यालय परिसर में साफ सफाई की गई।

बीसलपुर की ताइक्वांडो एक्सपर्ट खुशबू शर्मा और प्रियांशी गंगवार ने शारीरिक सुरक्षा के बारे में बताया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. महेंद्र पाल ने संचालन किया। इस मौके पर डॉ. पवन त्रिवेदी, डॉ. विचित्र कुमार, दिनेश कुमार, सालिकराम आदि मौजूद रहे। ग्राम कितनापुर में चल रहे शिविर में योग प्रशिक्षक सुभाष चंद्र सक्सेना ने योगाभ्यास कराया। ग्राम चौसरा में चल रहे छात्र इकाई के शिविर में श्रमदान किया।

सट्टा लगाते युवक गिरफ्तार

पूरनपुर, अमृत विचार : नगर के मोहल्ला खानकाह निवासी जब्बार को पुलिस ने शनिवार को सट्टा लगाने के आरोप में गिरफ्तार किया। उसके विरुद्ध सार्वजनिक जुआ अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस ने आरोपी के पास से 460 रुपये और सट्टा से जुड़ी डायरी बरामद की है।

सार-संक्षेप

महिला-दिव्यांग मतदाताओं को बांटे ग्रीटिंग कार्ड

पीलीभीत। मतदाता जागरुकता अभियान के तहत महिला मतदाताओं को ग्रीटिंग कार्ड बांटकर मतदान वाले दिन बूथों पर जाकर मतदान करने को प्रेरित किया गया। दिव्यांगजनों को भी ग्रीटिंग कार्ड देकर मतदान में हिस्सा लेने की अपील की गई। डीएम के निर्देश पर ग्राम पंचायत हिम्मतनगर में मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया। जनपदीय स्वीप कोऑर्डिनेटर इंतजार खान के नेतृत्व में चले अभियान के दौरान महिला एवं दिव्यांग मतदाताओं को ग्रीटिंग कार्ड देकर शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की गई। स्वीप कोऑर्डिनेटर ने कहा कि सभी मतदाता मतदान वाले दिन अपने बूथ पर जाकर मतदान करें, साथ ही मतदान के लिए अन्य महिलाओं को भी प्रेरित करें। स्वीप कोऑर्डिनेटर ने बताया कि विगत विधानसभा चुनाव में जनपद में 69.6 प्रतिशत मतदान हुआ। इस मतदान प्रतिशत को बनाए रखना सबसे बड़ी चुनौती है। मतदान प्रतिशत कम न हो पाए, इसी उद्देश्य उन ग्राम पंचायतों में जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है, जहां मतदान का प्रतिशत कम रहा था।

डीएम को नूरपुर गोशाला में मिली गदंगी

पीलीभीत। डीएम ने नूरपुर गोशाला का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने गदंगी मिलने पर साफ-सफाई कराने के निर्देश देने के साथ पशुओं को दिए जाने वाले चारे आदि की व्यवस्था भी देखी। डीएम संजय कुमार सिंह ने शनिवार को ललौरीखेड़ा ब्लॉक के अंतर्गत आने वाली नूरपुर गोशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पशुओं के चारा-भूसा की उपलब्धता आदि की जानकारी ली। उन्होंने गोशाला की भूमि के बारे में भी पूछा। जिस पर ग्राम प्रधान ने बताया कि गोशाला में 200 निराश्रित गोवंश हैं। पशुओं के लिए हरा चारा बोया गया है। ईयर टैगिंग की जानकारी लेने पर बताया गया कि सभी पशुओं की ईयर टैगिंग कराई जा चुकी है। निरीक्षण के दौरान गदंगी मिलने पर डीएम ने गोशाला की विशेष साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पंचायत सचिव आदि मौजूद रहे।

छापामारी कर लिया इमिडाक्लोप्रिड का नमूना, हड़कंप

पूरनपुर। खाद की दुकानों पर जिला कृषि अधिकारी ने कीटनाशक दवाओं की जांच की। एक दुकान से दवा का नमूना लिया गया। दो दुकानें बंद मिलने पर नोटिस जारी किया जाएगा। छापेमारी को लेकर खलबली मची रही ।शासन के निर्देश पर जिले भर में कीटनाशक दवाओं की चेकिंग की जा रही है। शनिवार को जिला कृषि अधिकारी विनोद यादव टीम के साथ पूरनपुर पहुंचे। उन्होंने असम हाईवे पर प्रदीप खाद भंडार का निरीक्षण किया। इस दौरान इमिडाक्लोप्रिड दवा संदिग्ध पाए जाने पर नमूना लिया। आसाम रोड के सिरसा चौराहे पर गुरु नानक खाद भंडार पर भी टीम पहुंची। दुकानों पर छापेमारी की भनक से दुकानदारों में खलबली मच गई। कई दुकानों के शटर गिर गए। कोतवाली रोड पर बालाजी इंटरप्राइजेज और महेंद्रा फर्टिलाइजर दुकान निरीक्षण के दौरान बंद पाई गई। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि विशेष अभियान चलाकर कीटनाशक दवाओं की चेकिंग की जा रही है। पूरनपुर में एक दुकान से दवा का नमूना लिया गया है। दो दुकानदारों को नोटिस भेजा जाएगा।

ट्रैक्टर-बुग्गी निकालने का विवाद, किसान की गला दबाकर हत्या

पोते ने बताया, पहले रास्ते से निकलने नहीं दिया, फिर गला घोंट दिया, पुलिस घटना को बता रही संदिग्ध, पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

संवाददाता, पसगवां (लखीमपुर खीरी)

अमृत विचार: कोतवाली क्षेत्र के गांव चोरहाखुर्रमनगर में शनिवार सुबह करीब 11 बजे किसान की गला दबाकर हत्या कर दी गई। इससे गांव में सनसनी फैल गई। परिजनों ने बताया कि मौत से पहले पड़ोसी खेत मालिक सेवाराम से गन्ना भरी बुग्गी और ट्रैक्टर को खेत से निकालने को लेकर विवाद हुआ। मृतक की पत्नी और पुत्र ने गला दबाकर हत्या किए जाने का आरोप लगाया है।

मृतक राजाराम।

घर के बाहर रोते बिलखते परिजन। ● अमृत विचार

घटना के बाद सहमें हुए बच्चे।

सूचना पर पहुंचे एसएचओ पसगवां व बरवर चौकी पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर जानकारी जुटाई। पुलिस मामले को संदिग्ध बता रही है। गांव चोरहाखुर्रमनगर निवासी राजाराम (48) अपने खेत में बुग्गी में गन्ना भरने गया था। राजाराम ने सेवाराम के खेत से ट्रैक्टर बुग्गी निकालने का प्रयास किया, लेकिन सेवाराम ने खेत से ट्रैक्टर निकालने से मना किया। जिसे लेकर दोनों में कहासुनी होने लगी। जिसके बाद मामला तूल पकड़ गया। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर सेवाराम ने अपने पुत्र जदुवीर के साथ मिलकर राजाराम का गला दबा दिया, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। राजाराम के बड़े बेटे संजय के पुत्र अमन व रमन भी अपने बाबा राजाराम के साथ खेत पर गए थे। झगड़ा होने पर एक बच्चा इसकी सूचना देने के लिए घर आ गया, जबकि दूसरा वहीं रुक गया। खेत पर गन्ना भरे वाहन निकालने पर विवाद होने की सूचना मिलते ही राजाराम के परिजन खेत पर पहुंचे।

> राजाराम के परिजन गला दबाकर हत्या किए जाने का आरोप लगा रहे हैं। प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध नजर आ रहा है। मृतक के शरीर पर चोट के कोई निशान नहीं मिले। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्याकांड का कारण स्पष्ट हो सकेगा। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।
> –**दीपक राठौर**, प्रभारी निरीक्षक थाना पसगवां।

राजाराम के परिजन सहित अन्य ग्रामीणों को आता देख सेवाराम व उसका पुत्र जदुवीर मौके से फरार हो गया। घटना स्थल पर परिवार वालों के पहुंचते ही राजाराम की मौत हो गई थी। पास में ही उसका पौत्र रो रहा था जिसने आरोपियों द्वारा मारपीट करते हुए गला दबाए जाने की बात बताई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। साथ ही पुलिस का दावा है कि मृतक के शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं मिले हैं। ट्रैक्टर निकालने को लेकर विवाद हुआ। आरोपी पक्ष ने खाई भी खोद रखी थी।

सातवें दिन सड़क किनारे बरामद हुआ युवक का शव

निघासन। कोतवाली तिकुनिया के गांव बनवीरपुर निवासी युवक का शव सातवें दिन गांव से चार किलोमीटर दूर सड़क किनारे बरामद हुआ है। मृतक के परिवार के लोग हत्या होने की आशंका जता रहे हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। शव मिलने के बाद परिवार में कोहराम मच गया। गांव बनवीरपुर निवासी बुद्धा ने बताया कि उनका भतीजा चंद्र राणा (35) 16 फरवरी को नाराज होकर घर से चला गया था। उसके बाद से उसकी लगातार तलाश की जा रही थी। रिश्तेदारियों में भी पता किया गया, लेकिन कहीं कोई पता न लगने पर कोतवाली तिकुनिया पुलिस को सूचना दी थी, लेकिन पुलिस ने भतीजे की तलाश करने में कोई रुचि नहीं ली। शनिवार को कुछ लोगों ने गांव से करीब चार किलोमीटर दूर सिसवारी गांव के पास सड़क किनारे पड़ा शव देखा। मौके पर तमाम लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पाकर मृतक के परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए और शव की शिनाख्त चंद्र राणा के रूप में की। शव मिलते ही परिवार में चीख पुकार मच गई। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने मृतक के परिवार वालों से पूछताछ की और शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की सही वजह साफ हो सकेगी। उसी के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस छानबीन कर रही है।

14 बीघा कृषि योग्य भूमि ही है जीविका का सहारा

संवददाता, पसगवां

अमृत विचार : मृतक राजाराम के पास मात्र 14 बीघा कृषि योग्य भूमि है। मृतक के दो बेटा और पांच बेटियां हैं। बेटियों की शादी हो चुकी है। एक बेटा अभी अविवाहित है।

गरीबी और संघर्ष के कारण शिक्षा का स्तर भी नहीं बढ़ पाया, किंतु राजाराम की 16 वर्षीय बेटी सरोज को पढ़ा लिखाकर कुछ बनाने की चाहत उसी के साथ चली गई। जीवनयापन के लिए अल्प खेती के अलावा मजदूरी ही सहारा था। मृतक के इकलौते भाई रामकुमार की पहले ही मौत हो चुकी है। ऐसे में उसकी अचानक हुई मौत से परिवार गहरे सदमे में आ गया है। मृतक के माता-पिता भी नहीं हैं। घटना के बाद से मृतक की पत्नी सुनीता सहित बेटे संजय व सरोज और पोते पोतियों पर दु:खों का पहाड़ टूट पड़ा।

हत्या की जानकारी पर परिजन व ग्रामीण मौके पर पहुंचे। मृतक के परिजन शव को देखकर विलाप करते हुए बेसुध से हो जाते दिखे। एक बेटे के विवाह आदि की जिम्मेदारी बड़े बेटे संजय व मां सुनीता पर आ गई।

–मृतक राजाराम की एक बेटी का शव भी वर्ष 2016 में बाहर एक खेत में मिला था। उसके साथ रिश्तेदारी के एक युवक ने दुष्कर्म की घटना को भी अंजाम देने के दौरान हत्या कर दी थी। दुष्कर्म का आरोपी अभी भी जेल में बंद है।

–आरोपी सेवाराम मूल रूप से उचौलिया थाना के गांव बरनैया का रहने वाला है। चोरहा में ससुराल है। शादी के कुछ समय बाद वह ससुर बिद्रा के यहां रहने लगा था।

गोवंश के हमले में युवक घायल

गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार: मैलानी थाना क्षेत्र के ग्राम शाहनगर निवासी सुधीर (25) दोपहर खेतों की ओर फसल देखने जा रहा था। बताया जाता है कि रास्ते में छुट्टा विचरण कर रहे गोवंश ने हमला कर उसे गंभीर घायल कर दिया। परिवार वालों ने उसे सीएचसी भर्ती कराया है, जहां हालत खतरे के बाहर बताई गई है।

वाहन की टक्कर से नेपाली नागरिक की मौत, दूसरा गंभीर

पलियाकलां, अमृत विचार : नेपाल जाने वाली रोड पर दुधवा जंगल में किसी तेज रफ्तार किसी वाहन ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में एक नेपाली युवक की मौत हो गई। जबकि दूसरा गम्भीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलिया में भर्ती कराया है। पुलिस ने मृतक की शिनाख्त के बाद शव का पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।

मृतक रामकुमार चौधरी।

पलिया से गौरीफंटा होते हुए नेपाल जाने वाली रोड पर तेज रफ्तार किसी वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में नेपाली युवक रामकुमार चौधरी पुत्र बम बहादुर चौधरी निवासी फुलवारी नेपाल की मौत हो गई, जबकि पीछे सवार उसका दूसरा साथी गम्भीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। घायल का नाम अनिल चौधरी पुत्र भागे राम चौधरी निवासी फुलवारी नेपाल का होना बताया है।

सिर्फ 50 फीसदी हुआ निर्माण प्रधानमंत्री करेंगे उद्घाटन

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- रेलवे स्टेशन परिसर में कार्यक्रम को लेकर शुरू हो गई तैयारियां
- अमृत भारत योजना के तहत किया गया स्टेशन का सौंदर्यीकरण

अमृत विचार: रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत योजना के तहत हो रहे सौंदर्यीकरण के उद्घाटन की तैयारियां शुरू हो गई हैं। प्रधानमंत्री मोदी 26 फरवरी को वीडियो कांफ्रेंस कर इसका आरंभ करेंगे। हालांकि स्टेशन पर योजना के तहत अब तक करीब 30 फीसद की निर्माण कार्य पूरा हुआ है। आधी-अधूरी तैयारियों के बीच स्टेशन का उद्घाटन लोगों में चर्चा का विषय बन गया है।

अमृत भारत योजना के तहत करीब 16 करोड़ से स्टेशन का सौंदर्यीकरण हो रहा है। इसके तहत स्टेशन परिसर को अत्याधुनिक बनाने के साथ यात्री सुविधाओं में भी बढ़ोत्तरी की जा रही है। सौंदर्यीकरण का कार्य कई चरणों में पूरा होना है। हालांकि पहले चरण का काम फरवरी तक पूरा होना था, जो अब तक पूरा नहीं हो सका है। रेलवे के लोग बताते हैं कि पहले चरण का करीब 30 प्रतिशत काम ही अभी हो पाया है। जबकि 70 फीसद होना अभी बाकी है। फिलहाल सर्कुलेटिंग एरिया का काम काफी हद तक हो गया है। 26 फरवरी को पीएम मोदी के उद्घाटन और लोकार्पण कार्यक्रम को लेकर स्टेशन पर तैयारियां शुरू हो गई।

रेलवे बोर्ड से हो रही निगरानी

उद्घाटन समारोह को लेकर की जा रही तैयारियों की मॉनीटरिंग रेलवे बोर्ड कर रहा है। इसके लिए कुछ कर्मचारी लगाए गए हैं जो परिसर में बैठकर समारोह को लेकर की जा रही तैयारियों के बारे में पल-पल की अपडेट बोर्ड को दे रहे है।

बांटे जा रहे निमंत्रण पत्र

उद्घाटन समारोह को लेकर रेलवे बोर्ड की ओर से निमंत्रण कार्ड बांटने के निर्देश है। इसके लिए मंडल रेल प्रबंधक की ओर से कार्ड छपवाए गए हैं, जिन्हें बांटने की जिम्मेदारी स्थानीय रेलवे अधिकारियों को दी गई है।

निर्माण कार्य पूरा होने में लगेंगे तीन से चार माह

प्रथम चरण का निर्माण कार्य जिस गति से हो रहा है ऐसे में सौंदर्यीकरण से यात्री सुविधाओं से सुसज्जित होने में तीन से चार माह का समय अभी और लगेगा, क्योंकि मुख्य निकास द्वार रखने के साथ स्टेशन पर कुछ ही कमरे दुरुस्त हो पाएं हैं।

लूटपाट व मारपीट में पांच नामजद

लखीमपुर खीरी। थाना मितौली के गांव भीखामपुर निवासी व्यास कुमार मिश्र ने कोर्ट के आदेश पर सदर कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि वह वर्तमान में मोहल्ला गांधीनगर देवकली रोड पर राहुल मिश्रा के मकान में किराए पर रहते हैं और पेशे से शिक्षक हैं। नौ फरवरी 2023 की रात करीब नौ बजे वह देवकली रोड स्थित मोहल्ला गणेश नगर से लकी मैरिजलॉन अपने पिता और एक पुत्र के साथ शादी में जा रहे थे। रास्ते में दन्ने उर्फ शिव सेवक ने देवेंद्र मिश्रा, मनोज कुमार, सूरज और लक्की ने उसकी गाड़ी रोक ली और 6000 रुपये की मांग की। मना करने पर गाड़ी की चाभी निकाल ली और तोड़फोड़ की। 1500 रुपये छीन लिए। एक सोने की अंगूठी और गाड़ी के कागज, आधार कार्ड, लाइसेंस, हेलमेट, एटीएम, पैनकार्ड बीमा और मोबाइल आदि छीन लिया। डंडों से मारपीट में उसके पिता को चोटें पहुंची। उसने सदर कोतवाली पुलिस को तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। प्रभारी निरीक्षक सदर अंबर सिंह ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। जांच की जा रही है।

पोस्टमार्टम के बाद घर पहुंचा शव तो मचा कोहराम

संवाददाता, निघासन

अमृत विचार: निघासन नगर पंचायत के गोविंदपुरी मोहल्ला (मोहनलाल पुरवा) निवासी पृथ्वीपाल का शव पोस्टमार्टम के बाद शनिवार को उसके घर लाया गया। शव पहुंचते ही घर में चीख-पुकार मच गई। महिलाएं शव से लिपटकर विलाप करने लगीं। उधर, शव पहुंचने की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। परिवार वालों ने शव जलाने से इंकार कर दिया और उसे दफन किया।

शव लाए जाने के दौरान उमड़ी भीड़ और मौजूद पुलिस। ● अमृत विचार

- शव देखने को उमड़ी भीड़, पुलिस का छूटा पसीना
- परिजनों का शव जलाने से इंकार किया गया दफन

गोविंदपुरी मोहल्ला (मोहनलाल पुरवा) निवासी पृथ्वी पाल (55) 19 फरवरी की शाम साइकिल से दुकानों पर मसाला आदि की सप्लाई करने गया था। उसके बाद से वह घर वापस नहीं आया। काफी तलाश के बाद भी उसका कोई पता नहीं चला तो परिवार वालों ने गुमशुदगी दर्ज कराई थी। शुक्रवार को उसका शव सिंगाही रोड पर ग्राम सहतेपुरवा मोड़ के पास झाड़ियों में पड़ा मिला। पुलिस ने तीन लोगों को नामजद करते हुए रिपोर्ट दर्ज की थी और शव पोस्टमार्टम को भेजा था। शनिवार को शव का पोस्टमार्टम के बाद शाम को पुलिस सुरक्षा के बीच घर पहुंचा तो परिवार में चीख पुकार मच गई। बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई। प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार मिश्रा भी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। शव पहुंचने के बाद परिवार वालों ने शव को जलाने से मना कर दिया। परिवार वालों का कहना था कि उनके यहां शव जलाने की परम्परा नहीं है। इसलिए शव को दफनाया जाएगा। बाद में परिवार वालों ने शव दफन कर दिया। प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार मिश्रा ने बताया कि परिवार वालों ने अपनी परंपरा के अनुसार शव दफनाया है। अभी पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं मिली है। इसलिए मौत का कारण बता पाना संभव नहीं है।

अमृत विचार
क्लासीफाइड

सूचना

सूचित हो कि मैंने वर्ष 2013 में आवासीय आराजी/प्लॉट का बैनामा कराया था, उक्त बैनामें की दफा 60 का कागज वास्तव में कहीं गुम हो गया है। **सावित्री देवी पत्नी श्री नन्हे लाल, निवासी ग्राम अहिरोला, थाना भुता, परगना व तहसील फरीदपुर, जिला बरेली**

आर्यन्स रेस्टोरेन्ट
पीलीभीत बाईपास बरेली पर तेज गति से रोटी बेलने वाले हैल्पर और झाड़ू पोंछा सफाई वाले की आवश्यकता है।
वेतन योग्यतानुसार, रहना खाना फ्री।
फोन : 9027526127

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

एक नजर

विश्व गुर्दा दिवस पर होगी क्विज प्रतियोगिता

गोला गोकर्णनाथ। विश्व गुर्दा दिवस 13 मार्च को क्विज प्रतियोगिता में होम्योपैथिक चिकित्सा के क्षेत्र में सर्वाधिक अंक अर्जित करने वाले मेधावी छात्रों को समारोह आयोजित कर सम्मानित किया जाएगा। नगर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी रहे डॉ. ओपी श्रीवास्तव ने बताया कि वह राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज और प्राइवेट होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज के अंतिम वर्ष के ऐसे छात्र-छात्राओं को सम्मानित करेंगे, जिन्होंने सर्वाधिक अंक पाए हैं। यह सम्मान समारोह डॉ. ओपी श्रीवास्तव सेंटर फॉर एडवांस स्टडी इन होम्योपैथिक लखनऊ में होगा। समारोह में मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, मेडल और मेडिकल इक्यूपमेंट से सम्मानित किया जाएगा।

सड़क दुर्घटना में दो लोग घायल

गोला गोकर्णनाथ। लखीमपुर रोड पर हुई सड़क दुर्घटना में करन अली (50) पुत्र समर अली निवासी ग्राम भल्लियाबुजुर्ग सिर में चोट लगने से गंभीर घायल हो गए। एम्बुलेंस से घायलावस्था में उन्हें सीएचसी लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। दूसरी घटना में कोतवाली क्षेत्र के ग्राम विलियनगंज निवासी अखिलेश (25) किसी वाहन की टक्कर से घायल हो गए। जिन्हें सीएचसी लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उन्हें भी जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

चीनी मिल में झुलसे मजदूर की मौत, शव रखकर किया हंगामा

मिल अधिकारियों ने दिया आठ लाख का चेक, किया अंतिम संस्कार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

अमृत विचार : बजाज हिंदुस्तान शुगर लिमिटेड चीनी मिल में झुलसे मजदूर की मौत के बाद परिजनों ने हंगामा कर दिया और तत्काल मुआवजा दिलाने की मांग करने लगे। किसान नेताओं की मध्यस्थता के कारण मिल अधिकारियों ने मौके पर आकर 10 लाख का मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया, लेकिन परिजन अड़ गए। इस पर मिल अधिकारियों ने इस शर्त पर एक जून 2024 की तारीख का आठ लाख का चेक दिया कि 10 लाख का मुआवजा मिलने पर चेक वापस कर देंगे। चेक लेने के बाद परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

ग्राम जगन्नाथपुर निवासी घनश्याम पुत्र कढ़िले राम काफी अर्से से बजाज मिल में ठेके पर मजदूरी करता था। 16 फरवरी को घनश्याम मिल के खौलते रस से झुलस गया, जिसे लखीमपुर के बाद लखनऊ के मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। 23 फरवरी की दोपहर घनश्याम की मृत्यु हो गई तो पोस्टमार्टम के बाद शव मृतक के गांव जगन्नाथपुर लाया गया। मामले की संजीदगी देखते हुए गांव में पुलिस तैनात कर दी गई।

मृतक की मां, बहन को चेक देते किसान नेता यूनियन अध्यक्ष कुलवंत सिंह और चीनी मिल के कारखाना प्रबंधक आरके मिश्रा। ● अमृत विचार

● मुआवजा मिलने पर वापस करना होगा चेक

शनिवार को भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के जिलाध्यक्ष कुलवंत सिंह और राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पटेल श्रीकृष्ण वर्मा, जिलाध्यक्ष मनोज कुमार फौजी गांव पहुंच गए। उन्होंने मृतक की मां गोमता देवी और बहन लीलावती के लिए तत्काल मुआवजे की मांग की, जिस पर मिल के कारखाना प्रबंधक आरके मिश्रा और पीसी गुप्ता ने बताया कि मुआवजे की 10 लाख रुपये तीन महीने में मृतक की मां को मिल जाएगा। किंतु किसान नेताओं ने तत्काल चेक देने को कहा। कहा कि मुआवजे की राशि मिलते ही चेक वापस कर दिया जाएगा। इस पर मिल अधिकारिओं ने भारतीय स्टेट बैंक पीलीभीत का आठ लाख रुपये का अकाउंटपेयी चेक मृतक की माता गोमता देवी के नाम दिया। चेक पर पहली जून 2024 की तारीख डाली गई। मुआवजे का चेक मिलने पर परिवार वाले संतुष्ट हो गये, जिन्होंने शाम को शव का अंतिम संस्कार कर दिया। ग्राम पंचायत जलालपुर की प्रधान नजमा, मृतक के चचेरे भाई रामसेवक, मृतक के भतीजे अमित कुमार, स्वतंत्र शाही, बबलू, महेश सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

पालिकाध्यक्ष और मेला कमेटी अध्यक्ष में बोरिंग को लेकर रार

बोरिंग को लेकर हुए विवाद को निपटाने पहुंचीं नगर पालिकाध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव।

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

● शनिवार को मोहल्ला शिवपुरी पहुंचकर नगर पालिकाध्यक्ष ने शुरू कराई बोरिंग

● मेला कमेटी अध्यक्ष ने नगर पालिकाध्यक्ष पर लगाया मनमानी करने का आरोप

अमृत विचार : नलकूप की बोरिंग का कार्य बंद होने के मामले में शनिवार को नगर पालिकाध्यक्ष मोहल्ला शिवपुरी पहुंची। उन्होंने मोहल्ले की महिलाओं से बात कर बोरिंग का काम फिर से शुरू करवा दिया। उधर, सभासद का कहना है कि लेखपाल ने जो आख्या दी है उसके अनुसार जिस जगह पर बोरिंग हो रही है वह जमीन नगरपालिका की है। हालांकि बोरिंग का काम शुरू होने से मोहल्लेवासी खुश हैं।

नगर पालिका प्रशासन ने मोहल्ला शिवपुरी, भुईफोरवानाथ सहित आसपास के अन्य मोहल्ले के लोगों को बेहतर जलापूर्ति मुहैया कराने के लिए शिवपुरी में नलकूप की बोरिंग शुरू कराई थी, जिस जमीन पर बोरिंग हो रही थी, मेला कमेटी ने उसे अपनी बताकर आपित्त की तो काम बंद हो गया। मोहल्ले की महिलाओं ने शुक्रवार को नगर पालिका पहुंचकर धरना-प्रदर्शन कर काम शुरू कराने की मांग की। नगर पालिकाध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव ने शनिवार को मोहल्ले में जाकर बोरिंग निर्माण का जायजा लेकर महिलाओं को काम पूरा कराने का आश्वासन दिया। उधर, शिवपुरी मोहल्ले की सभासद पिंकी देवी ने बताया कि एसडीएम के निर्देश पर लेखपाल ने जमीन की पैमाइश की थी। बोरिंग कार्य गाटा संख्या 739 पर हो रहा है। मेला कमेटी के विपुल सेठ का कहना है कि बोरिंग का कार्य जिस जमीन पर हो रहा है वह गाटा संख्या 739 नहीं 749 है, जिसका रकबा करीब 39 डिसमिल है। इस संबंध में नगर पालिकाध्यक्ष से जांच कराने के लिए कहा है, लेकिन वह जांच न कराकर मनमानी कर रही हैं।

सार-संक्षेप

मध्य प्रदेश के मजदूरों को ठेकेदार नहीं दे रहा मजदूरी

लखीमपुर खीरी। मध्य प्रदेश के ग्राम भाठखमरिया निवासी आठ मजदूरों ने ठेकेदार पर मजदूरी न देने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि मजदूरी न मिलने से उन्हें खाने और खर्चे के लाले पड़ रहे हैं। पीड़ित मजदूर शनिवार को डीएम से मिले और शिकायती पत्र देकर मजदूरी दिलवाने की मांग की। ग्राम भाठखमरिया जिला दमोह निवासी लक्ष्मन, हीरा, बलीराम मिश्री, संगीता बाई, किरन बाई, मुस्कान हलकीबाई आदि शनिवार को डीएम कार्यालय पहुंचीं और शिकायती पत्र देकर डीएम को बताया कि वह सभी लोग केंद्रीय विद्यालय पलिया में स्कूल बिल्डिंग बनाने में मजदूरी करते हैं। उन लोगों ने दिसंबर से 18 फरवरी 24 तक काम किया है। ठेकेदार ने काम आज तक मजदूरी का कोई पैसा नहीं दिया है। उन्हें सिर्फ खाने व खर्चे भर का ही रुपया दिया है। वह लोग जब ठेकेदार से रुपये मांगते हैं तो ठेकेदार मजदूरी देने से इंकार कर रहा है। इससे अब उनके सामने रोटी जुटाने में भी दिक्कत हो रही हैं। उन्होंने डीएम से मजदूरी दिलाने की मांग की है। डीएम ने पीड़ितों को कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

अधिवेशन की बैठक में प्रोन्नत फार्मासिस्ट सम्मानित

लखीमपुर खीरी। डिप्लोमा फार्मेसिस्ट राजपत्रित अधिकारी एसोसिएशन की ओर से शनिवार को सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें प्रोन्नति पाए फार्मासिस्टों को सम्मानित किया गया। जिलाध्यक्ष परमानंद ने बताया कि शनिवार को टीबी क्लीनिक सभागार में संगठन की बैठक हुई। इसमें एसोसिएशन के प्रांतीय अधिवेशन को सफल बनाने को लेकर पदाधिकारियों के साथ बैठक की गई। इसके अलावा फार्मासिस्ट से चीफ फार्मासिस्ट के पद पर प्रोन्नति पाने वाले बीएन सिंह, सीपी पांडेय, संकटा प्रसाद, टीआर रहमान एवं सुनील कुमार मिश्रा को सम्मानित कर अधिवेशन को सफल बनाने के लिए तैयारियों में जुटने का आह्वान किया गया। इस पर सभी सदस्यों ने प्रांतीय अधिवेशन में शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने पर एकमत से अपनी सहमति जताई। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष महंथ सिंह, डीपीआरए के प्रांतीय उपाध्यक्ष सचिन वर्मा, नीरज कुमार वर्मा, सज्जन गौड़, सरिता गुप्ता आदि मौजूद रहीं।

फ्रॉड करने का नया तरीका, मैसेज भेजकर ठग लिया

निघासन। क्षेत्र में एक युवक को 25 हजार रुपये भेजने का मैसेज भेजकर 8300 रुपये खाते में डलवा लिए, जब युवक ने खाते को चेक करवाया तो बैंक कर्मचारियों ने कोई भी पैसा न आने की जानकारी दी। पीड़ित ने पुलिस से मामले की शिकायत की है। क्षेत्र के गांव लुधौरी निवासी प्रकाश कश्यप ने बताया कि शनिवार सुबह ही उसके मोबाइल पर कॉल आई। ठग द्वारा बताया गया कि उसके खाते में 25 हजार रुपये ट्रांसफर किए हैं। अभी थोड़ी देर में हमें जरूरत पड़ेगी तभी आप ट्रांसफर कर देना। मैसेज पढ़ने के बाद विश्वास हो गया। थोड़ी देर बाद दोबारा दूसरे नंबर पर पांच हजार रुपये भेजने को कहा। उसने दो-तीन बार में 8300 रुपये भेज दिए। खाता चेक कराने के बाद पता चला कि कोई भी पैसा उसके खाते में नहीं आया। तब उसे ठगी का एहसास हुआ। इस बारे में प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार मिश्र ने बताया कि ऐसे ठगों से सावधान होने की जरूरत है। शिकायत मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

माघ पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने शारदा में लगाई डुबकी

पलिया कलां। माघ की पूर्णिमा को अनेक श्रद्धालु सूर्योदय से पूर्व ही शारदा नदी तट पर पहुंच गए और उन्होंने नदी में डुबकी लगा मंदिरों में पूजा-अर्चना की तथा घाट पर मौजूद पंडा-पुजारियों से संकल्प करा खिचड़ी, आटा, दाल, तिल के लड्डू, फल, मीठा, रुपया, वस्त्र आदि दान किया। इसके अतिरिक्त कुछ भक्तों ने नदी तट पर सत्यनारायण की कथा भी सुनी। उधर बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां से विभिन्न वाहनों द्वारा शाहजहांपुर के ढाई घाट मेले को भी गंगा स्नान के लिए कल ही रवाना हो गए थे। वे वहां श्रीकुल आश्रम पलिया के संस्थापक आचार्य गोविंद माधव मिश्र के निर्देशन पर एक माह से लगाए गए यज्ञ पंडाल में पहुंचकर यज्ञ की पूर्णाहुति एवं आरती में शामिल हुए, वहीं आश्रम से जुड़े जलालाबाद के लोगों द्वारा आयोजित भंडारे का भी उन्होंने प्रसाद पाया।

कृषक राजेश को गृह राजयमंत्री ने किया सम्मानित

गोला गोकर्णनाथ। कृषि जागरण मंच भारत सरकार के तत्वाधान में आयोजित उन्नतशील कृषक सम्मान समारोह में करनपुर मुर्तिहा निवासी राजेश कुमार दीक्षित को सम्मानित किया गया है। लखीमपुर के शिवशक्ति मैरिज लॉन में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् के अधिकारी, प्रदेश और जिला के कृषि अधिकारियों की मौजूदगी में हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय गृह राजयमंत्री अजय मिश्र टेनी ने जिले के कृषि कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले किसानों की प्रशंसा कर उन्हें सम्मानित किया। इसी क्रम में विधानसभा श्रीनगर ब्लॉक लखीमपुर ग्राम करनपुर मुर्तिहा निवासी उन्नतशील कृषक राजेश कुमार दीक्षित को ट्राफी और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया।

नौसरजोगी में विधायक निधि से बनी सीसी रोड

गोला गोकर्णनाथ। भाजपा विधायक अमन गिरि की क्षेत्रीय विकास निधि से नौसरजोगी में सीमेंटेड रोड बन जाने से ग्रामीणों में खुशी है। विधायक प्रतिनिधि जवाहर वर्मा ने बताया कि ग्रामीणों की मांग पर विधायक अमन गिरि के अथक प्रयासों से बिजुआ ब्लॉक के ग्राम नौसरजोगी में 33 लाख 24 हजार रुपये की लागत से 660 मीटर सीसी एवं 340 मीटर तारकोल रोड का निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग के द्वारा स्वीकृत कराकर रोड कराया जा रहा है। इससे लोगों में खुशी है। ग्रामीणों ने बताया कि इस रोड पर हल्की वारिश होने पर भी पैदल निकलना मुश्किल हो जाता था। सीमेंटेड रोड बनने से अब स्कूली बच्चों और दोपहिया, चौपहिया वाहन चालकों को भी सहूलियत मिलेगी।

प्रतियोगिता में भाग लेने को लखनऊ रवाना हुई टीम

गोला गोकर्णनाथ। नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में 25 और 26 फरवरी को राज्य स्तरीय युवा उत्सव में प्रतिभाग करने के लिए विजेता युवाओं की टीम लखनऊ के लिए रवाना की गई है। जिला युवा अधिकारी मयंक भदौरिया ने बताया कि युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा प्रतियोगिताओं का आयोजन कर युवाओं को मंच प्रदान किया जा रहा है। इसके माध्यम से वह अपने नए विचारों को समाज तक ले जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि जिले से राज्य स्तर पर युवा उत्सव में आयोजित भाषण प्रतियोगिता में सिमरन कनौजिया, फोटोग्राफी में चित्रांश और मंजीत, पेंटिंग में नैना गुप्ता और अलका, कविता लेखन में दुर्गा प्रसाद और अंशिका और संस्कृति कार्यक्रम के साथ पांच अलग अलग विधाओं में युवा प्रतिभागी प्रतिभाग करेंगे। जिसके लिए युवाओं की टीम शनिवार को लखनऊ के लिए संदीप वर्मा के नेतृत्व में रवाना की गई है।

नमो युवा चौपाल का आज से, दो मार्च तक चलेगी

लखीमपुर खीरी। भारतीय जनता युवा मोर्चा की ओर से रविवार से नमो युवा चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। इसकी जानकारी युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष राम पांडेय ने शनिवार को प्रेसवार्ता में दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर चौपाल का आयोजन दो मार्च तक होगा। इसमें हर मंडल में 20-20 कार्यक्रम आयोजित होगें। जिलाध्यक्ष ने बताया कि जिले में 33 मंडल हैं। इस तरह कुल 660 कार्यक्रम होंगे। चौपाल में युवा मोर्चा के पदाधिकारी केंद्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं पर चर्चा कर इनके बारे में जानकारी देंगे। इसमें से पांच कार्यक्रमो में क्षेत्रीय सांसद और पांच में क्षेत्रीय विधायक सहित स्थानीय प्रतिनिधि शामिल होगें। वार्ता में मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अमिय त्रिपाठी, विकास शुक्ला, शिवम शर्मा, शिवांश भदौरिया, पीयूष वाजपेयी, तुषार त्रिवेदी आदि मौजूद रहे।

इंटर कॉलेज निर्माण में मनमानी पर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, निघासन

अमृत विचार : ब्लॉक क्षेत्र के गांव छेदुई पतिया में दो मंजिला इंटर कॉलेज का निर्माण कराया जा रहा है। निर्माण कार्य में मोरंग की जगह मिट्टी, रेता व दोयम ईंट का प्रयोग किया जा रहा है।

ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार को कई बार बताया गया कि निर्माण भवन में मानक के अनुसार कार्य कराया जाए, किंतु ठेकेदार अपनी मनमानी के चलते निर्माण भवन में घटिया सामग्री लगवा रहा है। वहीं ग्रामीणों द्वारा जेई सुरेंद्र वर्मा से फोन पर वार्ता कर नाराजगी जताई। बता दें कि छेदुई पतिया में केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र के कार्यक्रम में ग्रामीणों ने इंटर कॉलेज निर्माण कार्य में हो रहे भ्रष्टाचार की शिकायत की थी। इस दौरान श्रीपाल, संतोष, सुरेंद्र, निशू, जितेंद्र, लवकुश, सोनू, रितेश आदि ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। इस बाबत जेई सुरेंद्र वर्मा ने बताया कि पिछली बार एक ट्राली ईंटा गड़बड़ आई गई थी, जिसे हटवाया गया है।

विरोध प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

बौद्ध बिहार मंदिर में मनाई रविदास जयंती

करनपुर में संत रविदास की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, रजागंज

अमृत विचार: क्षेत्र के गांव करनपुर मुर्तिहा स्थित बौद्ध बिहार मंदिर पर माघ पूर्णिमा के दिन संत रविदास जयंती मनाई गई।

बौद्ध कमेटी के अध्यक्ष राघवेंद्र गौतम ने संत रविदास की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जंयती मनाई। एडवोकेट गौतम कुमार बौद्ध ने कहा कि माघ पूर्णिमा को माघी पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है। संत रविदास का जन्म उत्तर प्रदेश के वाराणसी में हुआ था। उनकी नाम कलसा देवी और पिता का नाम संतोखदास था। रविदास के जमाने में दिल्ली में सिकंदर लोदी का शासन था। कहते हैं सिकंदर लोदी ने उनकी ख्याति से प्रभावित होकर उन्हें दिल्ली आने का निमंत्रण भेजा था, लेकिन उन्होंने बड़ी विनम्रता से ठुकरा दिया था। मध्ययुगीन साधकों में रविदास का विशिष्ट स्थान है। रविदास कबीर की तरह ही उच्च कोटि के प्रमुख संतों में विशिष्ट स्थान रखते हैं। स्वयं कबीरदास ने संतन में रविदास कहकर इन्हें मान्यता दी। विजय कुमार, ऋषिकांत गौतम, रामनरेश, हीरालाल, जानकी प्रसाद, डॉ. विमलेंद्र गौतम, गोकुलराज, ओमप्रकाश आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

रविदास जयंती पर निकाली जनचेतना यात्रा

संपूर्णानगर, अमृत विचार : संत शिरोमणि रविदास जयंती पर पर तराई क्षेत्र के विभिन्न गांवों में एक जन चेतना यात्रा का आयोजन किया गया। संपूर्णानगर क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में शनिवार को एक जन चेतना यात्रा आयोजित की गई, जिसकी शुरुआत क्षेत्र की ग्रामसभा बसही से करीब 12 बजे हुई तथा कृष्णा नगरए बालपुर, सिंगाही खुर्द, संपूर्णानगर मुरारखेड़ा मिर्चिया होते हुए रानीनगर स्थित रविदास मंदिर पर जाकर समापन हुआ। ट्रैक्टरों पर संत रविदास, संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर, सन्त बाबा गाडगे महाराज आदि समाज सुधारकों की तस्वीरें लगी हुई थीं। वहीं चौपहिया वाहनों और बाइकों पर भारतीय तिरंगा व नीले झंडे लगे थे।

साथी से विवाद पर कोतवाली पहुंचे वकील

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार : मेला मैदान स्थित शिव मंदिर से पूजा-अर्चना कर बाहर निकले एक अधिवक्ता को अज्ञात युवकों ने घेर कर रोक लिया और गाली गलौज की। वह किसी तरह से मौके से बचकर निकल आए। उन्होंने अज्ञात लोगों के खिलाफ कोतवाली सदर पुलिस को तहरीर दी है।

शहर के मोहल्ला सरनापुरम गढ़ी रोड निवासी अधिवक्ता श्याम जी मिश्रा ने बताया कि वह मेला मैदान स्थित शिव मंदिर पर रोज की तरह पूजा अर्चना करने गए थे। पूजा कर जब मंदिर से बाहर निकले तो पांच-छह अज्ञात युवकों ने उन्हें घेरकर रोक लिया और गाली गलौज करने लगे। वह किसी तरह से बचकर मौके से निकल आए। उन्होंने बताया कि वह आरोपियों को न तो जानते हैं और न ही उनका किसी से कोई लेना देना है। घटना के बाद से वह काफी परेशान और दहशत में हैं। उन्होंने अज्ञात लोगों के खिलाफ सदर कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

हमले की शिकायत करने साथियों के साथ कोतवाली पहुंचे अधिवक्ता श्यामजी मिश्रा।

● मंदिर से पूजा कर निकले अधिवक्ता से की गाली-गलौज

फंदा लगाकर युवक ने की आत्महत्या

गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार : पत्नी के मायके चली जाने के गम में कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पुनर्भूग्रंट में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। नगर से सटे ग्राम पुनर्भूग्रंट में कुसुमौरी अलीगंज निवासी जगतपाल के पुत्र अमरजीत उर्फ गुडडू (30) ने शनिवार सुबह ग्राम पुनर्भूग्रंट में अपने खाली मकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के पिता जगतपाल ने पुलिस को बताया कि उनका पुत्र शराब का आदी था, जिससे पत्नी और बच्चे से अक्सर झगड़ा होता था। इससे उसकी पत्नी मायके चली गई। गम भुला न पाने पर अमरजीत ने आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिवार वालों ने किसी से रंजिश होने से इंकार किया है।

खमरिया को हराकर फारूक इलेवन दुबहा ने जीता मैच

संवाददाता, निघासन

अमृत विचार : दुबहा में खेले जा रहे स्टार क्रिकेट टूर्नामेंट का दूसरा लीग मैच फारूक इलेवन दुबहा और खमरिया के बीच खेला गया। फारूक इलेवन दुबहा ने खमरिया को आठ विकेट से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

दुबहा के ग्राउंड पर खेले जा रहे स्टार क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे लीग मुकाबले में फारूक एलेवेन दुबहा ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग करने का फैसला लिया। जवाब में खमरिया एलेवेन ने निर्धारित 14 ओवर में 181 रनों का लक्ष्य दिया जवाब में उतरी फारूक एलेवेन ने 10 ओवर में दो विकेट खोकर 190 रन बनाकर फारूक इलेवन दुबहा ने जीत दर्ज कर ली। शगुन ने गेंद 30 पर 132 रन का योगदान दिया। इसके लिए शगुन को मैन ऑफ द मैच चुना गया। इस मौके पर शादाब खां, शरीफ खां, नागेश पाठक, नितिन गिरि, शोभित जयसवाल, धीरू श्रीवास्तव, आदर्श गिरि, राकेश गुप्ता आदि रहे।

विजेताओं को पुरस्कार देते शोभित जायसवाल।

15 पेड़ों का परमिट लेकर काटे 18 पेड़

पलिया कलां अमृत विचार : थाना मझगईं के ग्राम मलिनियां में एक ठेकेदार ने 15 सूखे पेड़ों का परमिट बनवाकर आम के 18 पेड़ काट डाले। इसकी शिकायत जब लोगों ने वन विभाग की मझगई रेंज में की तो संबंधित वीट के फॉरेस्ट गार्ड ने मौके पर पहुंचकर जांच की, जिसमें दो पेड़ अधिक काटे गए बताया गया। उन्होंने कहा कि ठेकेदार के विरुद्ध वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। दुधवा टाइगर रिजर्व के निकटवर्ती थारू ग्रामों में हरे वृक्षों का सफाया होने से पर्यावरण पर बुरा प्रभाव पड़ने के पूरे आसार हैं। जिम्मेदार लोग लालच के चलते इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

स्वास्थ्य के लिए | **नोएडा के रिसर्च सेंटर में कराई जाएगी जांच, गत वर्ष कैंसर के मिले थे 128 संदिग्ध रोगी**

मुंह का कैंसर रोकने के लिए तंबाकू उत्पादों की सैंपलिंग

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: खासकर मुंह के कैंसर की रोकथाम के लिए शासन ने तंबाकू उत्पादों की जांच कराने का निर्णय लिया है। इसके लिए हर साल 25 धुआं रहित और 10 धुएंयुक्त उत्पादों का सैंपल लिए जाएंगे, जिनकी जांच नोएडा स्थित कैंसर रिसर्च सेंटर में होगी। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग के लोगों ने सैंपल लेकर भेजने की तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए गैर संचारी रोग प्रकोष्ठ (एनसीडी सेल) के प्रभारी अनिल गुप्ता सहित पूरी टीम सैंपल आदि लेने में जुटी है।

तंबाकू का सेवर स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। हालांकि यह चेतावनी तंबाकू उत्पादों पर भी अंकित रहती है। इसके बावजूद लोग इसका सेवन करने से बाज नहीं आ रहे हैं। तंबाकू उत्पाद का सेवन मुंह से लेकर गले आदि में कैंसर का कारण बन रहा है। ऐसे में भारत सरकार ने तंबाकू उत्पादों की जांच के लिए इनकी सैंपलिंग कराने के निर्देश दिए हैं। इस पर स्वास्थ्य विभाग के लोगों ने तंबाकू उत्पादों के सैंपल लेकर भेजने की कवायद शुरू कर दी है। विभागीय लोग बताते हैं कि सैंपल लेने का उद्देश्य तंबाकू में कैंसर का रोग होने की वजह की तलाश करना है।

तंबाकू उत्पाद का सैंपल दिखाते एनसीडी सेल के विजय वर्मा।

पिछले साल 57822 में मिले 128 कैंसर के संदिग्ध

जिले में कैंसर रोगियों की संख्या में इजाफा हो रहा है। हालांकि जिला अस्पताल में जांच के इंतजाम न होने के कारण संदिग्ध मरीजों को मेडिकल कॉलेज भेजा जाता है। अप्रैल 2023 से जनवरी 24 तक 57822 मरीजों की स्क्रीनिंग में 128 मरीज कैंसर के संदिग्ध मिले। जबकि मुंह के कैंसर के मिले 10 मरीजों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया।

धुआं रहित व युक्त दोनों की होगी सैंपलिंग : स्वास्थ्य विभाग के लोग बताते हैं कि धुआ रहित उत्पादों में खाने वाली तंबाकू और धुआं युक्त में बीडी, सिगरेट आदि का सैंपल लेना है। इसमें धुआं रहित उत्पाद 50 ग्राम और धुआं युक्त उत्पाद की मात्रा 100 से 120 ग्राम रखनी है।

"शासन के निर्देश पर धुआं रहित एवं युक्त उत्पादों की सैंपलिंग की गई है। इसे नेशनल इंस्टीट्यूट आफ कैंसर प्रिवेशन एंड रिसर्च सेंटर नोएडा भेजा जाएगा। इसका उद्देश्य तंबाकू उत्पाद के सेवन से कैंसर होने की संभावनाओं की तलाश करना है।

-डॉ. अनिल कुमार गुप्ता, एसीएमओ

प्रधानमंत्री का बनारस से लाइव प्रसारण जनता ने सुना

मैलानी, अमृत विचारः कस्बा में नगर पंचायत अध्यक्ष कीर्ति माहेश्वरी और भाजपा नेता समाज सेवी भवानीशंकर माहेश्वरी की ओर से विकसित भारत संकल्प यात्रा में वैनिटी वैन के माध्यम से लोगों को प्रधानमंत्री ने योजनाओं को बताया। बनारस से लाइव मोदी का भाषण जनता ने सुना। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत मैलानी नगर पंचायत अध्यक्ष कीर्ति माहेश्वरी और बंटी भैया की तरफ से हुए कार्यक्रम में बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग, अटल पेंशन योजना, कृषि विभाग, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत अभियान का स्टाल लगाकर नगर वासियों को प्रधानमंत्री की तरफ से जो भी योजनाएं लाई गई हैं उनका सभी वर्गों को मिला है। पीएचसी प्रभारी डॉ. संजीव कुमार, सरस्वती धूरिया, शिवगोविंद कुशवाहा, प्रताप सिंह रावत, भाजपा नेत्री गुरमीत कौर, नगर पंचायत कार्यालय के अधिशासी अधिकारी राजेश चौधरी, कर्मचारी इमरान, दिलशाद हुसैन, राहुल, थाना अध्यक्ष पंकज त्रिपाठी सहित पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

नगर पालिका प्रशासन की लापरवाही दुकानदारों पर पड़ रही भारी

120 मीटर गली का सात लाख से हो रहा सीसी निर्माण, गली बंद करने से दुकानदारों का कामधंधा हो गया चौपट

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: ओवरब्रिज के सामने से रानीगंज जाने वाली गली का नगर पालिका निर्माण करा रही है। इसके लिए गली को बैरिकेडिंग लगाकर बंद कर दिया है। इससे गली के दुकानदारों का कामधंधा सात दिन से चौपट है। दुकानदार बताते हैं कि यदि निर्माण कार्य हीरालाल धर्मशाला की ओर से शुरू होता तो राहगीरों का आवगमन में कोई नहीं दिक्कत होती और न ही हमारा काम धंधा चौपट होता।

रेलवे स्टेशन के सामने ओवरब्रिज के साइड से रानीगंज जाने वाली 120 मीटर लंबी गली का निर्माण नगर पालिका प्रशासन ने शुरू करा दिया है। जिसकी लागत करीब सात लाख रुपये है। इसके लिए रानीगंज की ओर की पटरी को बैरिकेडिंग लगाकर पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। इससे शहरवासियों से लेकर गली के दुकानदारों की दिक्कतें बढ़ गई हैं, जबकि ओवरब्रिज और संकटा देवी चौराहे की ओर से आने वाले लोग शहर आने के लिए इसी गली से आवागमन करते थे।

इससे गली के साथ आयरन स्टोर, सर्राफा, चाय, पान पुड़िया आदि की दुकानें भी गुलजार रहती थीं। मगर, पिछले सात दिन से गली बंद होने से राहगीरों को जहां असुविधा हो रही है, वहीं दुकानों पर सन्नाटा रहता है। दुकानदार बताते हैं सात दिन से दुकानदारी पूरी तरह ठप है और करीब 10 दिन अभी और प्रभावित रहने का अनुमान है, क्योंकि सीमेंटेड गली बन रही है। इसे सेट होने में भी सात-आठ दिन लगेंगे।

सड़क निर्माण के कारण बैरिकेडिंग कर बंद किया गया रानीगंज बाजार जाने वाला मार्ग।

साइड पटरी के निर्माण को लेकर रानीगंज मार्केट में पसरा सन्नाटा। ● अमृत विचार

चाय और समोसे विक्रेता सत्यदेव का कहना है कि पहले लोगों का आवागमन होने से काम धंधा अच्छा चलता था, लेकिन गली का निर्माण शुरू होने के बाद से गिनती के ग्राहक ही आते हैं। गली के निर्माण ने काम-धंधा चौपट करके रख दिया है।

किराना की दुकान करने वाले दाताराम ने बताया कि ओवरब्रिज के पास बैरिकेडिंग लगा दी गई है। इससे लोगों का आना-जाना सात दिनों से पूरी तरह बंद है। ऐसे में पूरा-पूरा दिन दुकान पर खाली बैठे रहते हैं। देखो कब तक काम पूरा होता है।

आयरन स्टोर स्वामी दुर्गेश कुमार बताते हैं कि बाजार जाने के लिए यह मुख्य गली है। ट्रेन से लेकर एलआरपी आदि की ओर से आने वाले लोग इसी से निकलते थे, जिससे दुकानदारी भी अच्छी होती थी, लेकिन इसके बंद होने से काम धंधा भी बंद है।

सर्राफ कारोबारी अनुभव रस्तोगी का कहना है कि निर्माण कार्य होने से गली सात दिन से बंद है और करीब आठ-दस दिन और बंद रहेगी। यदि सड़क का निर्माण कार्य हीरालाल धर्मशाला की ओर से शुरू कराया जाता तो काम धंधा भी चलता रहता।

गली में रहता है सन्नाटा

शहर की सबसे व्यस्त गलियों में शुमार स्टेशन से रानीगंज की ओर जाने वाली गली सात दिन से सन्नाटे में हैं, जबकि गली सुबह से लेकर देर रात तक गुलजार रहती थी। गली में पैथॉलोजी, सर्राफा से लेकर मशीनरी, आयरन आदि की दुकानें होने से हर समय लोगों का आवागमन रहता था। मगर, बैरिकेडिंग लगने से गली दिन भर सूनी रहती है।

दिसंबर में पूरा होना था काम

गली का निर्माण दिसंबर में ही पूरा होना था, लेकिन लापरवाही के चलते फरवरी की शुरुआत तक काम शुरू नहीं हो सका। नगर पालिका के लोग बताते हैं जनवरी में काम शुरू होना था, लेकिन 22 जनवरी के कार्यक्रम में ट्रैफिक को लेकर प्रशासन स्तर से काम रुकवा दिया गया। हालांकि अब काम शुरू हो गया है, जो सात-आठ दिन में पूरा हो जाएगा।

कुछ व्यवधान के चलते गली का निर्माण समय पर शुरू नहीं हो पाया। हालांकि अब निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। करीब आधी गली बन चुकी है। निर्माण सेट होने में चार-पांच दिन का समय लगेगा। इसके बाद गली खोल दी जाएगी।
-संजय कुमार, अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका लखीमपुर।

तरुणी सम्मेलन में युवतियों को किया गया जागरूक

पूरनपुर, अमृत विचार: कोतवाली रोड स्थित एक बरात घर में शनिवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महिला समन्वय विभाग की ओर तरुणी सम्मेलन आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. दलजीत कौर रहीं। सम्मेलन में युवतियों और कई स्कूलों की सैकड़ों छात्राओं ने भाग लिया। इस दौरान देश के भविष्य में युवतियों के योगदान-विषय पर विमर्श हुआ। इसके साथ ही कई पहलुओं पर जागरूक भी किया गया। महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. मुनीता सिंह ने युवतियों को स्वास्थ्य को लेकर जागरूक किया। सामाजिक कार्यकर्ता संगीता सिंघल, पर्यावरण गतिविधि की जिला संयोजिका सूर्यबाला शर्मा, अंशिका पांडे, डॉ. ज्योति श्रीवास्तव, नगर पालिका चेयरमैन पीलीभीत डॉ. आस्था अग्रवाल ने भी विचार रखे। संजीता सिंह ने प्रश्नोत्तरी के माध्यम से ऐतिहासिक और पौराणिक जानकारियां दीं। इस अवसर पर हुई नृत्य प्रतियोगिता में निवेदिता प्रिंसी ग्रुप के नृत्य को सराहा गया। मोनिका गुप्ता, अंशु वर्मा, शिवांगी सक्सेना, आशा, मनीषा, आरती आदि मौजूद रहीं।

0000

माया मोह से दूर परमात्मा की शरण में रहें

बीसलपुर। वृंदावन धाम से आए संत ब्रह्मानंद महाराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा का अमृत पान करने से ही अंत :करण का शोधन हो जाता है। ज्ञान बैराग रूपी बीमार नेत्र खुल जाते हैं। संसार में मोक्ष प्राप्ति का यही एकमात्र सरल साधन है। वह ग्राम नीवाडांढ़ी में चल रहे श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव में प्रवचन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि परमात्मा सर्वशक्तिमान सर्वव्यापी है। परमात्मा ने हमें क्या दिया उसकी भक्ति करने से हमें क्या प्राप्त होगा। यह जीवन हमें किस लिए प्राप्त हुआ है इसका बोध हमें नहीं है। सांसारिक माया मोह में फंसकर हम परमात्मा से दूरी बनाए हुए हैं। मृत्यु का भी हमें भय नहीं है। रात दिन भौतिक सुखों को पाने के लिए परिश्रम करने में लगे रहते हैं। परंतु परिश्रम करने से भी वह सब प्राप्त नहीं होता है। मृत्यु अटल है परमात्मा के द्वार पर जाकर हमें अपने कर्मों का लेखा जोखा भी देना होता है, इसलिए सांसारिक माया मोह से दूर रहकर हमें परमात्मा की शरण में ही रहना चाहिए। श्रीमद् भागवत कथा ऐसा दिव्य ग्रंथ है जिसकी रचना देवताओं ने जगत के कल्याण के लिए की है। इसलिए सभी को इसका अमृत पान अवश्य करना चाहिए।

लिटिल चैंप बेबी शो में बच्चों ने बिखेरा जलवा

पीलीभीत, अमृत विचार : स्प्रिंगडेल कॉलेज में लिटिल चैंप बेबी शो का आयोजन शनिवार को किया गया। जिसमें विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं कराई गई। तीन से पांच साल के बच्चों ने बेस्ट ड्रेस्ड अप सेल्फ इन्ट्रोडक्सन, सुपर एक्टिव चाइल्ड प्रतियोगिताओं में भाग लिया। जबकि छह से आठ वर्ष के बच्चों ने फैंसी ड्रेस के साथ कैटवॉक किया। बेस्ट रेसिटेशन प्रतियोगिता में बच्चों ने कविताओं से समा बांधा। निर्णायक मंडल की अंजू सिंह, कविशा, शशि कला और सृष्टि सिंह रहीं। बेस्ट ड्रेस्ड अप प्रतियोगिता में अभिक गौड़ प्रथम जबकि प्रणवी चौधरी द्वितीय और अनवी राठौर ने तृतीय स्थान मिला। बेस्ट इंट्रोडक्शन में कीर्ति, सुयश और मृत्युंजय को क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान मिला। सुपर एक्टिव चाइल्ड प्रतियोगिता में अविष्का यादव को प्रथम, विवान अग्रवाल को द्वितीय और अथर्व अग्रवाल तृतीय रहे। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में आर्या प्रथम, भाव्या द्वितीय और अर्नव तृतीय रहे। बेस्ट रेसिटेशन प्रतियोगिता में अभिमान भारती को पहला, दिशांशी को दूसरा और आराध्या को तीसरा स्थान मिला। बेस्ट डांसर में लीजा को पहला, फातिमा को दूसरा, आराध्या और बुशरा सरताज को तीसरा स्थान मिला। प्रधानाचार्या प्रिया आनंद ने विजेताओं को सम्मानित किया।

रोडवेज भवन का जीर्णोद्धार कराने की मांग

गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार : रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के पदाधिकारियों ने रोडवेज पर यात्रियों को मूलभूत सुविधाओं के लिए ने विधायक को ज्ञापन सौंप कर बस स्टेशन का जीर्णोद्धार कराए जाने की मांग की है। रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के शाखा अध्यक्ष प्रमोद कुमार मिश्र ने अपने साथियों के साथ विधायक अमन गिरि के फार्म हाउस पर पहुंचकर सौंपे ज्ञापन में कहा है कि रोडवेज बस स्टेशन गोला डिपो भवन जर्जर हो चुका है। बस स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का अभाव है, जिससे क्षेत्र की जनता और यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। पदाधिकारियों का कहना है कि गोला छोटी काशी के नाम से विख्यात है। यहां तीर्थ यात्रियों का आना जाना लगा रहता है। क्षेत्र की जनता, यात्रियों को बेहतर परिवहन सुविधा और मूल भूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए रोडवेज भवन का जीर्णोद्धार कराया जाना जरूरी है। बताया जाता है कि विधायक ने शीघ्र ही इस समस्या का समाधान काने का आश्वासन दिया है। ज्ञापन देते समय अध्यक्ष प्रमोद कुमार मिश्रा, मंत्री आलोक अवस्थी, उपाध्यक्ष सुशील गुप्ता, क्षेत्रीय प्रतिनिधि शोभित गुप्ता, संयुक्त मंत्री संजय गुप्ता, मीडिया प्रभारी विपिन शर्मा आदि मौजूद रहे।

धनाराघाट पर चल रहे माघ मेले का समापन

पूरनपुर, अमृत विचार : शारदा नदी के तट एक माह से चल रहे माघ मेले का पूर्णिमा के दिन समापन हो गया। इस अवसर पर यज्ञ के बाद भंडारे हुए। जिनमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। सोमवार को साधु-संत धनाराघाट से अपने मूल स्थलों के लिए वापसी करेंगे। शारदा नदी के धनाराघाट पर एक माह से माघ मेला चल रहा था। नदी के तट पर साधु-संतों का जमावाड़ा लगा। कल्पवास के लिए मनगरिया बसाई गई। महीने भर साधुओं ने नदी में स्नान कर तट पर बनाई झोपड़ियों में कल्पवास किया। शनिवार को पूर्णिमा के दिन माघ मेले का समापन हो गया। इस अवसर पर सुबह से यज्ञ हुए। पूर्णाहुति के साथ यज्ञ संपन्न कराए गए। इसके बाद भंडारे हुए जिसमें दूर दराज के पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। पूर्णिमा पर तट पर मेला भी लगा। जहां कई दुकानें लगीं। मेले में बंगाली समुदाय के लोग भारी संख्या में पहुंचे। श्रद्धालुओं ने नदी में स्नान के बाद पूजा पाठ किया। मेले के आयोजक बाबा राघव दास ने बताया कि माघ मेला का समापन हो गया है।

गृह राज्यमंत्री ने किया विकास कार्यों का शिलान्यास

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय कुमार मिश्र टेनी ने शनिवार को पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में सांसद निधि से कराए जाने वाले विकास कार्यों का शिलान्यास किया। इसके तहत गांवों से लेकर शहर में इंटरलॉकिंग आदि का कार्य होगा।

खीरी सांसद एवं केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय कुमार मिश्रा के प्रवक्ता अंबरीश सिंह ने बताया कि इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य ब्लॉक बिजुआ की ग्राम पंचायत ऐलनगंज में, ग्राम पंचायत बेलवा मलूकापुर के गांव बेलवा में, ग्राम पंचायत गढ़ैया में जंगलीनाथ बाबा स्थान पर चबूतरा निर्माण व इंटरलाकिंग कार्य होगा। वहीं निघासन ब्लॉक की ग्रामसभा हरद्वाही के मजरा मथुरापुरवा में मेन रोड से सहनू थारू के घर तक, ग्रामसभा बनवीरपुर में पंचायत घर से राइस मिल गेट चौराहे तक, ग्रामसभा खमरिया में पीडब्ल्यूडी सड़क से नागेंद्र सिंह सेंगर के घर तक, ग्राम रहीमपुरवा में छोटेलाल के घर से संतोष लोधी के घर तक इंरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण होगा। वहीं गांव लालापुरवा में इंद्र बहादुर के घर से कृषक समाज बाल विद्या मंदिर तक इंटरलॉक सड़क बनेगी। इसी तरह ब्लॉक बेहजम के ग्राम सोनौरा में, ग्राम सभा सनिगवां के ग्राम भुड़हा में, ग्राम मल्लपुर गड़रिया में, सदर ब्लॉक की ग्राम पंचायत लखीमपुर देहात के मोहल्ला गांधीनगर में, ग्राम कैमहरा में बीबी बाजपेई स्कूल से फरधान रोड पर, इंटरलॉक व नाली निर्माण होगा। वहीं करनपुर में श्मशान घाट में बैठने के लिए बेंच,चबूतरा निर्माण होगा। नगर पालिका परिषद लखीमपुर में पुलिस लाइन में विद्युत ट्रांसफार्मर के लिए चबूतरे निर्माण कार्य होगा। ग्राम सौठन में पंडित सवलिया प्रसाद द्विवेदी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की मूर्ति के सामने से बालकराम वर्मा के मकान तक इंरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य होगा। नगर पालिका लखीमपुर में जिला कारागार आवास गेट से मंदिर होते हुए जेल मार्ग तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण होगा।

इसके अलावा ब्लॉक पलिया, कुंभी, फूलबेहड़ आदि में पांच करोड की लागत से इंटरलाकिंग सड़क व नाली आदि का निर्माण होगा,जिसका केंद्रीय गृह राज्यमंत्री ने शनिवार को शिलान्यास किया। सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह, जितेंद्र त्रिपाठी, संजय मिश्रा, गंगाराम, अनूप मिश्रा, शशांक अवस्थी, अटल बिहारी बाजपेई, अटल राय, रवि मिश्रा, वीरपाल मिश्रा, दीपक मिश्रा, कन्हैया गुप्ता आदि मौजूद रहे।

पीडब्ल्यूडी डाक बंगले में विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास करते केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय कुमार मिश्र टेनी। ● अमृत विचार

● जिला मुख्यालय से लेकर गांवों में गली-नाली व चबूतरे का होगा निर्माण

इबादत की रात है शबे बरात हुड़दंग-तमाशे से बचें नौजवान

संवाददाता, पूरनपुर

● मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ऑफ इंडिया की बैठक में की गई अपील

अमृत विचार: शबे बरात इबादत की रात है। इसका एहतराम करें। नमाज पढ़ें। कुरान की तिलावत करें। गुनाहों से तौबा कर, दुआएं मांगें। नौजवानों से गुजारिश है कि हुड़दंग, तमाशे से बचें। तेज रफ्तार बाइक चलाने, ऊधम मचाने की कोशिश हरगिज न करें। ऐसा करके गुनहगार न बनें। मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ऑफ इंडिया के प्रदेश अध्यक्ष हाफिज नूर अहमद अजहरी ने उलमा के साथ बैठक में यह पैगाम आम किया है।

नगर के एक हॉल में शबे-बरात को लेकर उलमा की बैठक हुई। उलमा ने चिंता जताई कि इस मुबारक रात में कुछ लोग हुड़दंग करते हैं। तेज बाइकें दौड़ाते हैं। वर्चस्व दिखाने का प्रयास करते हैं। उनसे अपील है कि ऐसा न करें। इस्लाम में इसकी कोई जगह नहीं है। उलमा ने कहा कि माता-पिता की यह जिम्मेदारी है कि वह अपने बच्चों को हिदायत दें कि वे हुड़दंग से दूर रहें। कहीं जाना भी है तो एक बाइक पर दो लोग ही बैठें। रफ्तार संयमित रखें। बेहतर होगा कि नजदीकी मस्जिदों में इबादत में रात गुजारें। कब्रिस्तान जाकर बुजुर्गों के हक में दुआएं करें। पैगंबर-ए-इस्लाम की सीरत को अपने किरदार में शामिल करें। उलमा ने पुलिस-प्रशासन से पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की मांग उठाई है। जिला प्रभारी हाफिज असलम नूरी ने कहा कि मस्जिदों के इमाम हजरात अवाम को यह मैसेज दे दें कि रास्ते में भीड़ जमा न होने दें। इस मौके पर हाफिज शरीफ जामी, मौलाना दानिश रजा, हाफिज अरबाज रजवी, हाफिज अशरफ अजहरी, हाफिज तौसीफ रजा आदि मौजूद रहे।

गोवंश का पूजन कर खिलाया गुड़

पीलीभीत, अमृत विचार: भारत विकास परिषद की ओर से कलीनगर गोशाला में कार्यक्रम आयोजित किया गया। शनिवार को पहुंचे परिषद के सदस्यों ने गोसेवा की। संयोजक श्री अनूप सहगल, शाखा अध्यक्ष सौरभ सक्सेना की अगुवाई में गोशाला को 80 किलो गुड़, 20 क्विंटल हरा चारा, 50 किलो मसूर की चुनी, 50 किलो अरहर की चुनी, 50 किलो चोकर, 50 किलो खल, हरी घास पत्ती का चारा 40 किलो आदि केयरटेकर राजीव कुमार को मुहैया कराए। गोमाता का पूजन कर सेवा की गई। गोशाला के कर्मचारियों को अंगोछे भेंट किए गए। इस मौके पर जिला प्रभारी डॉ.अनिल सक्सेना, मनोज मित्तल, बीके कपूर, डॉ.विजय सिंह, शशि मेंनी ,मीना मिश्रा, अशोक शर्मा, अवनीश सक्सेना, हरीश जुलवानी, रवि देव शर्मा आदि मौजूद रहे।

नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की...जमकर झूमे भक्त

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार: बनकटी रोड पर चल रही श्रीमदभागवत कथा में शनिवार को बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। कथा व्यास गोपाल शरण महाराज ने बताया कि भागवत पुराण में 28 प्रकार के नर्क का वर्णन किया गया है। इसके अलावा गजेंद्र मोक्ष लीला का श्रवण कराया। कथा व्यास ने राम कथा के माध्यम से राजा दशरथ के द्वारा किए गए उपकारों का वर्णन किया और कृष्ण लीला में प्रवेश करते हुए बताया कि प्रभु कृष्ण सोलह कलाओं से पूर्ण और देवकी के गर्भ से जन्म लेकर देवकी के पास पहुंचे। प्रभु का जन्म का उत्सव नंद बाबा ने बड़ी धूमधाम से मनाया।

सम्पूर्ण संसार में प्रभु के जन्म की मंगल बधाई दी गई। नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की, तेरी माया का न पाया कोई पार कि लीला तेरी तू ही जाने.. इन भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। पीलीभीत के बांसुरी वादक सम्यक पाराशरी ने प्रस्तुति दी। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता बीडी पांडेय, पूर्व मंत्री डॉ. विनोद तिवारी, सिविल बार के अध्यक्ष विवेक पांडेय, अतुल अग्रवाल, रवि अग्रवाल, कार्तिक भसीन, प्रमोद पंत, अजय पांडेय, अभिषेक सिंह गोल्डी, राजेंद्र कुमार एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

कथा सुनाते गोपाल शरण जी महाराज।

● श्रीमदभागवत कथा सुनने को उमड़ी भक्तों की भीड़


भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते भक्त। ● अमृत विचार

रामचरित मानस पाठ के बाद हुआ भंडारा

बीसलपुर। मोहल्ला दुबे स्थित मौनी बाबा मढ़ी परिसर में दो दिवसीय वार्षिक अनुष्ठान रामचरितमानस पाठ का समापन शनिवार को हुआ। इसके बाद कन्या भोज, ब्रह्मभोज और फिर भंडारा आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और प्रसाद ग्रहण किया। श्रद्धालुओं ने भजन कीर्तन किए। महंत मनोज कुमार दुबे, राजेंद्र सक्सेना, देवांश राज सक्सेना, रामकृष्ण,मनोज श्रीवास्तव, रविंद्र बाबू मिश्रा, प्रेम कुमार, दुबेराम, रमेश चंद, सुनील कुमार, शिवम मिश्रा आदि सेवाकार्य में लगे रहे।

भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते भक्त। ● अमृत विचार

रोक के बाद भी सवारियां लटकाकर हो रही डग्गामारी, कैसे रुकें हादसे

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: कासगंज जिले में शनिवार को श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्राली तालाब में पलटने से 24 लोगों की मौत हो गई। अपने जिले में भी इस तरह के कई हादसे हो चुके हैं। बढ़ते हादसों को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने माल वाहक वाहनों और ट्रैक्टर-ट्रालियों पर सवारियां ढोने पर रोक लगाने के कड़े निर्देश दिए थे, लेकिन इसके बाद भी लोग खतरे से अनजान होकर जान जोखिम में डालकर सफर कर रहे हैं। मैजिक वाहन समेत डग्गामार वाहन लटकाकर फर्राटा भरते रहते हैं। वह थाने और चौकियों तक की परवाह नहीं करते। ऐसे में आखिर हादसों पर रोक कैसे लग पाएगी।

आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं। इसके बाद भी लोग खतरे से अनजान होकर जान जोखिम में डालकर सफर कर रहे हैं। अक्टूबर 2022 में कानपुर में ट्रैक्टर-ट्रॉली से हुए हादसे में 26 लोगों की मौत हो होने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त रुख अपनाया था और ट्रैक्टर-ट्राली पर यात्रा करने पर पाबंदी लगा दी थी। साथ ही सख्त आदेश दिए थे कि जिलो में क्षमता से कई गुना अधिक सवारियां भरकर ट्रैक्टर-ट्रॉलियां, टैक्सियां आदि माल वाहक वाहन किसी भी दशा में संचालित न हो सकें, लेकिन मुख्यमंत्री के इस आदेशों का असर पखवाड़े भर ही दिखाई पड़ा, इसके बाद व्यवस्था फिर वही पुराने ढर्रे पर आ गई। लोग अपनी सुरक्षा ताक पर रखकर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों, पिकअप आदि माल वाहक वाहनों का इस्तेमाल कर रहे। इन वाहनों में क्षमता से कई गुना अधिक सवारियां भी देखने को मिल रही हैं। शनिवार को शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में थानों और चौकियों के सामने से यह वाहन सरपट दौड़ते नजर आए, लेकिन पुलिस ने वाहनों को रोकने व टोकने की जरूरत नहीं समझी।

कासगंज में हादसे के बाद शहर में चला अवैध स्टैंडों पर अभियान

लखीमपुर खीरी। कासगंज में हादसे के बाद एआरटीओ आलोक कुमार ने यातायात पुलिस के साथ अभियान चलाकर अवैध रूप से संचालित ऑटो, टैक्सी स्टैंड पर जमकर कार्रवाई हुई। परिवहन और ट्रैफिक पुलिस के अधिकारी एक साथ उतरे और एलआरपी, राजापुर, संकटा देवी पर खड़े मैजिक वाहनों, बसों आदि को सीज करने और चालान करने की कार्रवाई की। इस दौरान दिल्ली, हरियाणा की सवारियां ढोने वाली लग्जरी बसें भी सील की गईं। नौ बड़े वाहन सील किए गए, जबकि 15 डग्गामार वाहनों का चालान किया गया। एआरटीओ ने बताया कि प्रतिदिन दो घंटे का अभियान चलाया जाएगा। साथ ही शहर के अलावा तहसीलों और कस्बों में भी अभियान चलाकर अवैध टैक्सी स्टैंडों पर कार्रवाई की जाएगी।

● ट्रैक्टर-ट्रालियों में भी भरकर जा रहे गंगा स्नान समेत अन्य कार्यक्रमों में

● क्षमता से कई गुना भरी सवारियां, थानों-चौकियों के सामने से गुजर रहे वाहन

सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया जा चुके हैं कि अभियान चलाकर ऐसे वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करें। अगर कहीं कोई लापरवाही मिलती है तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई भी होगी।
-नैपाल सिंह, एएसपी।

लखीमपुर शहर से सवारियां लटकाकर फर्राटा भरता मैजिक वाहन। ● अमृत विचार

भार वाहनों पर बैठकर यात्रा न करने के लिए लोगों को अभियान चलाकर समय-समय पर जागरूक किया जाता है। यदि ट्रॉलियों या माल वाहक वाहनों में सवारियां बैठी मिलती हैं तो चालकों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।
-आलोक कुमार, एआरटीओ प्रशासन।

यह है ट्रैक्टर-ट्राली के पंजीयन का नियम

कृषि कार्य के लिए ट्रैक्टर का पंजीयन कराने के लिए फीस नहीं देनी पड़ती है। केवल फाइनेंस का 1500 रुपये देना पड़ता है। यदि ट्राली का कामर्शियल पंजीयन कराया जाता है तो 1500 रुपये पंजीयन शुल्क लगता है। फिटनेस के लिए 800 रुपये, पांच साल के लिए परमिट के 13 हजार रुपये जमा करने होते हैं। इसके अलावा वार्षिक टैक्स भी जमा करना पड़ता है। जिले में सिर्फ आठ ट्रॉलियां से कार्मशियल के लिए पंजीकृत हैं, जबकि जिले में सैकड़ों ट्रॉलियां बिना पंजीयन के ईंट भट्ठों, मिट्टी ढुलाई, अवैध रेत खनन आदि में लगी हुई हैं। ट्रैक्टर चालक इन ट्रालियों को लेकर सूर्य अस्त होने से लेकर सूर्य के उदय होने तक दौड़ते हैं।

भारत की प्रज्ञा में ऋषि का सम्मान

हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> विकास का क्रम सूक्ष्म से स्थूल की ओर हुआ है। भारतीय चिंतन के पांच महाभूतों–आकाश, वायु, अग्नि, जल और पृथ्वी में आकाश पहला है। आकाश का गुण शब्द बताया गया है। ऋग्वैदिक पूर्वजों के अनुसार "ऋचाएं या कविताएं परम व्योम" में रहती हैं और वहीं से चलकर जागृत मनुष्यों के चित्त में उतर जाती हैं।"

अयोध्या अंतर्राष्ट्रीय चर्चा में है। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर विश्व आकर्षण है। लाखों श्रद्धालु दर्शनार्थ आ रहे हैं। अयोध्या में दर्शनार्थियों का मेला है। प्रसन्नता का विषय है कि यहीं सप्त ऋषियों का मंदिर भी बनाने की तैयारी है। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने यह घोषणा की है। सप्त ऋषि मंदिर का निर्माण मार्च से शुरू होना है। भारत के अंतःकरण में ऋषियों के प्रति श्रद्धा है। ऋषि अनूठे हैं। वे प्रकृति की प्रत्येक गतिविधि के द्रष्टा हैं। सो उन्हें ऋषि कहा गया-ऋषयो मंत्र द्रष्टार। जो मंत्र देखता है वही ऋषि है। वैदिक साहित्य के कवि ऋषि कहे जाते हैं। वे संन्यासी नहीं हैं। साधारण गृहस्थ हैं। वे परिवार चलाते हैं। खेती सहित जीविका के अन्य काम भी करते हैं लेकिन मंत्र सृजन भी करते हैं। वे प्रकृति के प्रति आत्मीय हैं। वे मधु प्रिय हैं। मधु और आनंद पर्यायवाची हैं। अस्तित्व के कण कण व हरेक रूप पर उनकी दृष्टि है। वे आश्चर्यजनक द्रष्टा हैं। जल, अग्नि, वायु, पृथ्वी के साथ ही आकाश तक देखते हैं। सूर्य के निराधार लटके होने पर भी उनके मन में प्रश्न थे। भारतीय परंपरा में आनंद प्राप्ति की अनेक साधनाएं थीं। साधनारत लोग साधू कहे गए। साधना में सिद्ध जन मुनि बताए गए लेकिन ऋषि की बात ही दूसरी है। राजा को बड़ा बताना हो तो राजर्षि कहा गया। प्राचीन साहित्य में ब्रह्मवेत्ता की बड़ी प्रशंसा है लेकिन उसे भी और बड़ा बताना हो तो ब्रह्म ऋषि कहने की जरूरत पड़ी। ऋषि पूरी सृष्टि को आत्मीयता से देखते हैं और पूरी आत्मीयता से मंत्र भी गाते हैं।

भारत की प्रज्ञा में बहुत गहरे तक ऋषि का सम्मान है। नारद को ही लीजिए। नारद जैसी क्षमता वाला दूसरा पात्र परंपरा में नहीं है। उनके लिए भौगोलिक दूरी का कोई मतलब नहीं। वे सभी लोकों में घूमते हैं। वाद्य यंत्र लेकर समय का अतिक्रमण करते हैं। एक पल में इस लोक में अगले पल दूसरे लोक में। वे वैदिक मंत्रों में मिलते हैं और पुराण काल की कथाओं में भी। महाभारत और रामायण की भी तमाम कथाओं में उनके विवरण हैं। उन्हें देव कहकर भारत का मन नहीं अघाया। सो देव के साथ ऋषि जोड़ा गया। वे देवर्षि कहे गए। जान पड़ता है कि परंपरा में ऋषि होना ही बड़ा होना है, बिना ऋषि हुए क्या होना? लेकिन ऋषि धरती पर ही थे। भारत के मन को लगा होगा कि कुछ प्रतिष्ठित ऋषियों को आकाश में भी देखा जाए। तब सात ऋषियों को आकाश में प्रतिष्ठित करने का अभिनव आयोजन हुआ होगा। कब हुआ? कैसे हुआ? इसके भौतिक प्रमाण नहीं। लेकिन यह हुआ। इसीलिए आकाश में तारों की एक विशेष आकृति को सप्त ऋषि कहा गया। आधुनिक काल में भी आकाश में तारों से बनी एक विशेष आकृति को सप्त ऋषि मंडल कहा जाता है। उन्हें प्रणाम भी किया जाता है।

भारत का मन ऊध्व प्रिय है। सूर्य ऊपर और ऊंचे है। सो स्तुतियां पाते हैं। चंद्र ऊपर है, हम उन्हें ब्रह्मांड का मन कहते हैं। हमारी प्रार्थना का ईश्वर कण-कण व्यापी है लेकिन हम उसे 'ऊपर वाला' कहते हैं। स्वर्ग है या नहीं? अब तक सिद्ध नहीं लेकिन हम स्वर्ग को भी ऊपर या आकाश स्थित सुनते आए हैं। समृद्धि संसारी है। हम 'समृद्धि' को ऊपर उठना बताते हैं। यश कीर्ति भी संसारी है, हम यशस्वी को ऊंचा या ऊपर बताते हैं। मेरे जैसे लोगों को ऊंचाई पर डर लगता है। लेकिन ऊंचाई की प्रतिष्ठा है। अग्नि प्रत्यक्ष है, इसकी लौ-लपट ऊपर जाती है। जल हमेशा ऊपर से नीचे को बहता है। लेकिन इस बहाव को भी बादल के रूप में ऊपर जाते देखकर हम प्रसन्न होते हैं। मनुष्य धरती पर है, अन्य ग्रहों में है या नहीं? पता नहीं। लेकिन देवताओं का निवास बहुत ऊपर परमव्योम में बताया जाता है। आकाश तक पहुंचना हमारी प्यास है। इसीलिए हमारे प्रिय सात ऋषि आकाश में चमकते हैं।

विकास का क्रम सूक्ष्म से स्थूल की ओर हुआ है। भारतीय चिंतन के पांच महाभूतों-आकाश, वायु, अग्नि, जल और पृथ्वी में आकाश पहला है। आकाश का गुण शब्द बताया गया है। ऋग्वैदिक पूर्वजों के अनुसार "ऋचाएं या कविताएं परम व्योम" में रहती हैं और वहीं से चलकर जागृत मनुष्यों के चित्त में उतर जाती हैं।" सप्त ऋषि आकाश में हैं। अयोध्या में उन्हें धरती पर भी प्रतिष्ठित करने की योजना है। आकाश में तारे हैं। तारों के विशेष प्रकार के प्राकृतिक आकर्षक संयोजन भी हैं। रात्रि में आकाश में तारों से बना एक बड़ा मार्ग-हाईवे भी दिखाई पड़ता है। अंग्रेजी में इसे 'मिल्की वे' कहा जाता है। यह दूधिया मार्ग जैसा दिखाई पड़ता है। लेकिन हम सब इसे 'आकाश गंगा' कहते हैं। गंगा भौगोलिक दृष्टि से उत्तरांचल, उ.प्र., बिहार और प. बंगाल राज्यों से होकर समुद्र में बहती हैं लेकिन गंगा जल में भारत की प्रीति अथाह है। वे ऋग्वेद में स्तुतियां पाती हैं। आदि कवि वाल्मीकि (रामायण बालकाण्ड) गंगा के प्रवाह में सहस्त्रों सूर्यों की दीप्ति देखते हैं। प्रकृति की दिव्य शक्तियां देवता हैं। ऋग्वेद में देवता अमृत बंधु बताए गए हैं।

आचार्य वराह मिहिर ने 560 ई. के आसपास ज्योतिर्विज्ञान पर वृहत संहिता लिखी थी। डॉ. सुरेश चन्द्र ने इस की व्याख्या की है। आकाश गंगा या सप्त ऋषियों को आकाश में बैठाना भारत का भावरस हो सकता है। वैसे भी हमारे पूर्वजों की दृष्टि आकाश की ओर रही है। कालिदास की रचना 'मेघदूत' में आकाश मार्ग की रम्यता का ललित वर्णन है। वराह मिहिर ज्योतिर्विज्ञानी थे। उन्होंने भी सप्त ऋषियों को आकाश में देखा, प्रतिष्ठित किया। लिखते हैं, "सप्त ऋषियों से उत्तर दिशा सौभाग्यशाली नायिका की तरह सुशोभित होती है।" बताया है कि पश्चिमी यूनानी ज्योतिष में इन तारों में एक भालू के आकार की कल्पना की गई है।" ये सप्त ऋषि ध्रुव तारे की परिक्रमा करते हैं। मरिचि, वशिष्ठ, अंगिरा, अग्नि, पुलस्त्य, पुलह और क्रेतु ये सात नाम उन्हें दिए गये हैं।" तारों में ऋषि देखना विज्ञान का विषय नहीं है। ऋषि वैदिक परंपरा में कवि हैं। मनुष्य हैं। तारे मनुष्य नहीं हैं। भरतीय भावबोध ने उन्हें आकश में बैठाया है।

ऋग्वेद सहित चार वेदों में अनेक ऋषियों के लगभग बीस हजार मंत्र हैं। सभी ऋषि आदरणीय हैं। वराह मिहिर ज्योतिर्विज्ञानी ने अपनी सूची दी है। महाभारत में सप्त ऋषियों की दो सूचियां हैं। अलग-अलग संदर्भ में। ऋग्वेद में दस मण्डल या खण्ड हैं। दूसरे से लेकर सातवे मण्डल तक 6 मंडलों को 'वंश मंडल' कहा जाता है। 6 मंडलों में 6 ऋषि कुलों के मंत्रों के संकलन हैं। यह सूची स्थायी है। दूसरा मंडल गृत्समद् वंश कुल का है और तीसरा है विश्वामित्र वंश का। चौथा वामदेव का, पांचवा अत्रि का, छठा भरद्वाज और सातवां वशिष्ठ कुल का। बताते हैं कि गृत्समद ने बाद में स्वयं को शौनक कुल घोषित कर दिया था इसलिए उन्हें शौनक कुल भी कहा जाता है। कण्व कुल के भी तमाम मंत्र हैं। ये सात ऋषि ऋग्वेद के मुख्य द्रष्टा हैं। मूल बात है इन्हें 'नभ-मण्डल' में प्रतिष्ठित करना। सृष्टि जब तक रहेगी, तब तक सूर्योदय व सूर्यास्त भी होंगे। आने वाले हरेक सूर्यास्त के बाद आकाश में दिखाई पड़ेंगे विश्वामित्र, वशिष्ठ, अत्रि और भरद्वाज सहित सात ऋषि। हमारे प्रतिभाशाली पूर्वज। क्या हम उन्हें भुला सकते हैं? वे आकाश में बैठे हुए भूलने की कोशिश असफल कर देंगे।

साहित्यकार और भैंस

> मुंशी प्रेमचंद ने भी 'गोदान' ही लिखा 'भैंसदान" नहीं। चलिए मान लिया कि गाय का महत्व बहुत है। पर बकरी तो छोटा पशु है।

कवियों और साहित्यकारों पर यदि मैं कोई तीखी टिप्पणी करूं, तो इस वर्ग के लोग हमें आड़े हाथों ले लेंगे, किंतु यदि मैं किसी बड़े की आड़ ले लूं, तो आक्रमण से बच जाऊंगा। आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी ने अपने एक विचारोत्तेजक लेख "कवियों में उर्मिला विषयक उदासीनता" में कहा है कि 'कवि स्वभाव से ही उच्छृंखल होते हैं, जी में आये तो राई को पर्वत बना दें और कभी कहो पर्वत पर भी ध्यान न दें'। बात सही है। अब देखिए दुधारू पशुओं में गाय के गीत तो सबने गाये। हिंदुओं की तो वह माता भी हैं। भगवान भी अवतार लेते समय गाय और ब्राह्मण के ही हितकारी (गो द्विज हितकारी, जै असुरारी, सिंधु सुता प्रिय कंता) होते हैं। मुंशी प्रेमचंद ने भी 'गोदान' ही लिखा 'भैंसदान" नहीं। चलिए मान लिया कि गाय का महत्व बहुत है। पर बकरी तो छोटा पशु है। दूध भी कम ही देती है, किंतु पुराने से लेकर नए साहित्यकारों ने इसका नामोल्लेख किया है। संस्कृत के नीति शास्त्रज्ञों ने इसके गले के थन को उपमा के लिए प्रयुक्त किया।' अजा गलस्तनस्तैव तस्य जन्म निरर्थकम्'। तुलसी बाबा को भी बकरी का खुर-चिह्न ही उपमा के लिए याद आया' "जे सुमिरे गिरि मेरु सिला कन होत अजा खुर बारिधि बाढ़े'(कवितावली)। रही सही कमी गांधी जी ने पूरी कर दी, क्योंकि उन्हें बकरी का दूध ही पसंद था। फतेहपुर जिले की बिंदकी तहसील में 'टिकरी'और 'बकरी' नाम के गांव हैं। पूरा नाम तो 'पैगम्बरपुर बकरी' है, किंतु रोजमर्रा में 'बकरी' ही कहते हैं। किसी ने भैंस की सुधि नहीं ली, जब कि वह सबसे ज्यादा दूध देती है और बहुत सीधी होती है। बस रंग रूप काला है। इसे पक्षपात नहीं तो क्या कहेंगे? साहित्यकारों ने यह भी नहीं सोचा कि अंत समय में इन्हीं के पुत्र (भैंसा) की सवारी वाले यमराज से सामना होना है। कुछ तो डरते। इस मामले में नामचीन उपन्यासकार बाबू भगवतीचरण वर्मा होशियार निकले। उन्होंने भैंस को तो इग्नोर किया, किंतु भैंसा को डाइरेक्ट साध लिया और "भैंसा गाड़ी" शीर्षक एक लंबी कविता लिख दीः-

चरमर चरमर चूं चरर मरर जा रही चली भैंसा गाड़ी। भर भर कर फिर मिटने का स्वर, कॅप कॅप उठते जिसके स्तर स्तर। हिलती डुलती हंफती कॅपती, कुछ रुक रुक कर कुछ सिहर सिहर।।

चरमर चरमर चूं चरर मरर-।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

विद्वान साहित्यकारों द्वारा किए गए इस अन्याय की काफी कुछ भरपाई गांव गिरांव के सीधे-साधे कम पढ़े लिखे लोगों ने जरूर कर दी है। उन्होंने भैंस पर तमाम लोकोक्तियां बनाई हैं, जिनका धड़ल्ले से प्रयोग होता है जैसे- गई भैंस पानी में, भैंस के आगे बीन बजावै भैंस खड़ी पगुराय, खइबे दूध चरइबे भैंसी, पढ़ैं लिखैं की ऐसी तैसी, माठा रोटी घर मा खइबे झबरेन भैंस चरइबे जाय, जोण्डी की रोटी भैंस का दूध, मानो रन जीतो रजपूत। इत्यादि।

हमारी जन्मभूमि के जिले कानपुर ने भी भैंसे का ध्यान रखकर एक गांव का नाम "भैंसऊ'रक्खा है और कर्मभूमि के नगर लखनऊ में श्मशान घाट को "भैंसाकुंड" कहते हैं। हालांकि यहां अब इस मरघट को "बैकुंठ धाम" कहने लगे हैं। कुछ बड़ों ने साहित्य क्षेत्र में 'वाद' चलाए हैं, जैसे 'छायावाद', 'रहस्यवाद' आदि। अब अगर हमारे लेख से प्रेरित हो कलम के सिपाहियों ने भैंस के साथ न्याय कर दिया, तो हम एक नये वाद "भैंसवाद" के प्रवर्तक माने जाएंगे।

आंदोलन से उपजी समस्याओं की कौन लेगा सुध

अजय कुमार मिश्र
मुख्य सतर्कता अधिकारी इफको, बरेली

> संवैधानिक रूप से और नैतिक रूप से भी देश पर सभी नागरिकों का बराबर अधिकार है जो भी नागरिक अपनी क्षमता और समर्पण से अपना कार्य कर रह हैं।

एक बार फिर किसान आंदोलन चर्चा में है। जिस प्रकार पिछले किसान आंदोलन में तांडव हुआ था उसको देखते हुए पंजाब हरियाणा बॉर्डर और दिल्ली की ओर आने वाले सभी राजमार्ग सुरक्षा के घेरे में है। किसान अपनी मांगों पर अड़े हैं जबकि सरकार उनकी मुख्य मांग को मानने में अपनी मजबूरी बता रही है और इन दोनों के बीच दिल्ली और आसपास के प्रदेशों की जनता पिस रही हैं। इस समय बच्चों की परीक्षा चल रही है। अभिभावक बच्चों की पढ़ाई को लेकर चिंतित है लेकिन पक्ष-विपक्ष राजनीति में व्यस्त हैं। बॉर्डर पर जिस तरह की स्थिति है उसे देख कर यह कतई नहीं लगता कि आंदोलनकारी शांतिपूर्ण आंदोलन की राह पर हैं पर सरकार बल प्रयोग करके अपनी सत्ता खतरे में नही डालना चाहती और दूसरी ओर सरकार को किसानों की मुख्य मांगें मानने में देश की आर्थिक अव्यवस्था डगमगाने का डर भी है।

संवैधानिक रूप से और नैतिक रूप से भी देश पर सभी नागरिकों का बराबर अधिकार है जो भी नागरिक अपनी क्षमता और समर्पण से अपना कार्य कर रह हैं। वह उस रूप में अपने व्यवसाय के माध्यम से देश की भी सेवा कर रहा है। मजदूर से लेकर किसान और नौकरीपेशा सभी का देश की प्रगति में योगदान है। संविधान ने हमें अभिव्यक्ति और स्वतंत्रता का अधिकार दिया है जिसमें हम अपनी बात और अपनी मांग लोकतांत्रिक व्यवस्था के माध्यम से शांतिपूर्ण ढंग से चुनी हुई सरकार के सामने रख सकते हैं लेकिन लोकतंत्र की आड़ में अराजकता फैलाना और अव्यवथा फैलाना स्वीकार नहीं किया जा सकता। जिस तरह पिछला किसान आंदोलन चला था और यह आंदोलन चल रहा है यह सोची समझी रणनीति के तहत राजनीति से प्रेरित उग्र और अराजक आंदोलन है जिसमे पूरे देश के 10 प्रतिशत किसान भी वैचारिक रूप से शामिल नहीं है।

आंदोलनकारियों को न तो आम जनता को हो रही परेशानियों से मतलब है और न ही इस प्रकार की मांग जबरन थोपने पर देश में होने वाले असर से मतलब है, उन्हें तो बस सरकार को घुटनों पर लाना है। मजेदार बात यह है कि किसानों की एक मुख्य मांग डब्लूटीओ से देश को अलग करने की भी है जबकि डब्लूटीओ में देश को शामिल करने वाली तत्कालीन सरकार वाली कांग्रेस और किसान आंदोलनकारी आज साथ-साथ है। आंदोलन को प्रत्यक्ष और परोक्ष समर्थन कर रही विपक्षी पार्टियां सत्ता में रहते हुए किसानों के लिए क्या करती रही हैं। वह सबके सामने है। मेरे विचार से पिछले किसान आंदोलन में सरकार के ढुलमुल रवैए ने ही एक बार फिर यह विषम स्थिति सामने खड़ी की है। अगर सरकार सत्ता लोभ से दूर होकर पिछले किसान आंदोलन में हुई अराजकता को सबक सिखाती और बलप्रयोग करके कानून व्यवस्था को प्राथमिकता देती जो कि सरकार का दायित्व भी था तो शायद आज यह बुरी स्थिति सामने न आती।

हमारा समाज कृतज्ञ समाज है। सबको सम्मान देना हमारी संस्कृति है। इसी के चलते हम डॉक्टर को ईश्वर के रूप में, शिक्षक/ गुरु को ईश्वर से भी बड़ा और किसानों को अन्न दाता कहकर सम्मानित करते है लेकिन वर्तमान स्थितियां अलग हैं। ऐसे परिपेक्ष्य में जब समाज में अधिक से अधिक लाभ कमाने की होड़ है, जहां डॉक्टर और शिक्षक की प्राथमिकता ही व्यावसायिक हो चुकी है जहां अनैतिक लाभ के लिए इंजेक्शन वाली लौकी और अन्य सामान खेतों से सीधे बाजार में आता हो और आम जनता धोखे में यूरिया मिला नकली दूध लेने को विवश हो, वहां किसी को अन्न दाता या ईश्वर के रूप में सम्मानित करना बेमानी है। सब अपने अपने लाभ के लिए अपने विवेक और अपनी व्यक्तिगत नैतिकता के आधार पर काम कर रहे हैं। इसलिए किसी को अतिरिक्त सम्मान देना अनावश्यक है। एक और बात जिसका मैं स्वयं गवाह हूं: बुंदेलखंड और मध्यप्रदेश में होने वाले कठिया गेहूं की कीमत खुले बाजार में 40/50 रुपए प्रतिकिलो है। इस दाम पर भी बमुश्किल ही यह गेहूं लोगों को मिल पाता है। आपने भी देखा होगा कि पिसे हुए आटे का प्रचार किया जाता है कि राजस्थान और मध्यप्रदेश के गेहूं से बना हुआ आटा है। कभी यह नहीं प्रचारित किया जाता कि यह पंजाब के गेहूं का आटा है। अगर आमजनता में जिसके पास आर्थिक विकल्प उपलब्ध है , वह पंजाब के गेहूं को कतई उपयोग नहीं करना चाहता क्यों कि सबको पता है कि वहां का गेहूं अनेक प्रकार के अंधाधुंध कीटनाशकों और रसायनों से पैदा हुआ है। पंजाब की जमीन वहां का पानी घोर प्रदूषण का शिकार है वहां की पराली केवल पंजाब ही नहीं दिल्ली तक को प्रदूषित कर रही है आखिर इसका जिम्मेदार कौन है?

भारतीय-संस्कृति


डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

भारतीय-संस्कृति को केवल किताबों में पढ़ कर तो जाना नहीं जा सकेगा। संस्कृति प्रवाह की तरह है, गतिशील है। भारत की सांस्कृतिक-धाराओं, उपधाराओं, अन्तर्वर्ती-धाराओं को लोकजीवन में उतर कर ही जाना जा सकेगा। ये धाराएं किस प्रकार मिलती हैं और बिछुड़ती भी हैं।

लोकधारा में आपको शैव और शाक्त धारा भी मिलेंगी और वैष्णव-धारा भी। बौद्ध-धारा कहीं चली नहीं गई, लोकधारा में उनकी भी पहचान की जा सकती है। विभिन्न जनपदीय, जनजातीय, प्रदेशीय संस्कृतियों का संगम होता है और उस संगम से नई अवधारणाओं का जन्म होता है। नए विचारों का जन्म होता है। नए सौंदर्यशास्त्र का जन्म होता है। सांस्कृतिक-प्रवाह को हम किसी संप्रदाय में बांध कर नहीं समझ सकते। उदाहरण के लिए हम भक्ति-आंदोलन को ही लें, भक्ति-आंदोलन में लोकमानस का तत्त्व बहुत प्रबल है। इस आंदोलन का स्रोत केवल वेद-वेदान्त, उपनिषद ही नहीं है, इसमें आगम-परंपरा भी है, आलवार भी हैं, सिद्ध भी हैं, सहजिया-वैष्णव भी हैं, सहजयानी और वज्रयानी भी हैं। योग-परंपरा न होती तो समाधि की बात कैसे आ जाती, आउ समाधि भीतर। लोकधारा किसी से परहेज नहीं करती। इस्लाम का प्रभाव भी भाषा के रूप में देखा जा सकता है। सचाई तो यह है कि सभी सांस्कृतिक-धाराओं का स्रोत लोक में है। सभी दर्शनों का जन्म और विकास लोक की धरती पर ही होता है, लोक के लिए होता है। जो लोकातीत है, वह भी लोक के लिए ही है। लोक जीवन का सत्य दायरों में कैसे समा सकता है?

ब्रह्मविद्या -गुरु एवं शिष्य

ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

निष्कलं निष्क्रियं शान्तं निरवद्यम् निरञ्जनम्।/ अमृतस्य परं सेतुं/ दग्धेन्धनमिवानलम्।।-निर्गुण निराकार ब्रह्म के ध्यान की विधि बताते हुए श्रुति कहती है कि जो सोलह कलाओं अर्थात् संसार के सभी संबंधों से रहित, सर्वथा क्रियाहीन अर्थात् कूटस्थ, परमशांत और सब प्रकार के दोषों से रहित है, जो अमृत स्वरूप मोक्ष के परम सेतु हैं, जिनका आश्रय लेकर मनुष्य अत्यंत सुगमता पूर्वक इस संसार समुद्र से पार हो सकता है, जो लकड़ी का पार्थिव अंश जल जाने के बाद धधकते हुए अंगारों वाली अग्नि की भांति सर्वथा निर्विकार, निर्मल, प्रकाश स्वरूप हैं, निर्विशेष, निर्गुण निराकार परमात्मा को तत्व से जानने के लिए उन्हीं देव की मैं शरण लेता हूं। जिस प्रकार आकाश को चमड़े की भांति लपेटना मनुष्य के लिए सर्वथा असंभव है, उसी प्रकार परमात्मा को जाने बिना कोई भी जीव इस दुख समुद्र से पार नहीं हो सकता। यह बात प्रसिद्ध है कि श्वेताश्वतर नामक ऋषि ने तप के प्रभाव से उन परमदेव परमेश्वर को उन्हीं की दया से जान लिया था और ऋषि परंपरा से सेवित इस परम पवित्र ब्रह्मतत्व का उपदेश परमहंस संन्यासियों को दिया। इस परम गुह्यविद्या के ज्ञान का वर्णन पूर्वकल्प मे भी उपनिषदों मे किया गया था अर्थात् यह ब्रह्मविद्या परंपरागत रही है। पुत्र व शिष्य को इस विद्या का अधिकारी बनाना आचार्य का दायित्व है। भाव यह है कि शिष्य के गुणों को जानकर ही उसे ब्रह्मविद्या का उपदेश दिया जाना चाहिए। जिसकी परमेश्वर में अत्यंत भक्ति है और जैसी परमेश्वर में है, वैसी ही भक्ति गुरु में भी है ऐसे श्रद्धावान महात्मा के हृदय मे ही इन उपदेशों का गूढ़ अर्थ प्रकाशित होता है।

कुरीतियों के सुधारक संत रविदास

सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

सद्गुरु रविदास भक्तिकालीन संत परंपरा में बहुत सम्मानीय कवि हैं। उनकी रचनाओं में समतामूलक समाज की परिकल्पना, चेतना, जन आंदोलन हैं, पाखंड का विरोध है। समतामूलक की कल्पना में वे कहते हैं- रविदास जन्म के कारने, होत न कोई नींच।/नर कुं नींच करि डारि है, ओछे कर्म की कींच।/ न जच्चा बसलों होति, न जच्चा होति ब्राहमणों।/ कामन्ना बसलों होती, कामन्ना होति ब्राहमणों। -आशय यह है मानव जाति एक है सभी मनुष्य एक जैसे ही जन्मते हैं, मानव को जाति के आधार पर पशुवत जीवन जीने को बाध्य करना कुकर्म की श्रेणी में आता है। मैं रूखी सूखी खाऊं, औरन की भूख मिटाऊं। का संदेश देते हैं खुद भी खाओ और भूखे प्राणियों पर भी दया करो। मन्दिर-मस्जिद एक हैं, इन महं अंतर नाहिं।/रैदास राम रहमान का, झगड़ऊ कोऊ नाहिं।।/ एक माटी के सभै भांडे, सबका का एकै सिरजनहार।/रैदास व्यापै एकौ घट भीतर, सभ को गढ़े कुम्हार।

धर्मनिरपेक्षता का संदेश देते हैं जो आज भी प्रासंगिक है हिंदू मुस्लिम एकता पर बल है। मन चंगा तो कठौती में गंगा का संदेश है आपके विचार पवित्र हैं तो कहीं तीर्थ या गंगा में जाने की जरूरत नहीं। कर्मकांड और आडंबर के कभी नहीं, जो गए थे पास। सदा याद रखेगा उनको, भारत का इतिहास। दुखियों का दुख हारन हारा, मानवता के दास। सभी जन नमन करें हैं उनको, जो हैं संत रविदास।

मयकदे का सीधा रिश्ता शराफत से

मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

> ज़ाहिर है ये सच्चे होशमंद लोगों का घर है और जहां सच का बोलबाला हो वहां जाने से परहेज़ वहीं कर सकते है जो परले दर्जे के झूठे और बेईमान हो, और मुझे पता है कि आप ऐसे नहीं हैं।

मयखाने गए हैं कभी आप? ना गए हों तो बदनसीबी आपकी। ये दुनिया की उन बेहतरीन जगहों में शामिल है जहां कदम रखते ही आदमी अपनी सारी दुश्वारियां भूल जाता है। दुनिया की तमाम आफ़तें, मिलकर भी मयकदे की सीढ़ियां चढ़ने की हिम्मत नहीं कर पाती। यहां की आबो-हवा आपको खुद पर यक़ीन दिलाएगी। हौसला बढ़ाएगी आपका। सुकून महसूस करेंगे आप। यदि ऐसा न होता तो अब्दुल हमीद अदम जैसे शायर भला ये क्यों कहते।

मय-कदा है यहां सुकूं से बैठ
कोई आफ़त इधर नहीं आती।

आदमी को चाहिए क्या? बस चैन चाहिए। और जो ऐसा चाहते हैं उनके लिए मयकदे से बेहतर कोई दूसरी जगह तलाशना मुश्किल है।

यहां की आबोहवा आने वाले को पलक झपकते एक खुशमिजाज, ज़िंदादिल और मिलनसार इंसान में बदल देती है। यदि आपको सच्चे दोस्तों की तलाश है तो इससे मुफ़ीद जगह कोई दूसरी नहीं। यहां बने दोस्त बचपन के लंगोटियां दोस्तों को मात कर सकते है। ऐसे दिलदार और हाज़िरजवाब लोग जो बिना जान पहचान के आपके गले लग जाएं, अपनी जेब की आखरी पाई तक आप पर लुटा दें, आपके दुख दर्द बांट लें, आपके लड़खड़ाने पर सहारा दे और आपको घर छोड़ जाने की ज़िम्मेदारी भी उठा लें। ऐसे मददगार लोग जो अपनी कहने के साथ-साथ आपकी भी सुनते है, मशविरा देते हैं और मदद करते हैं।

और फिर मयखाने में जाने वाले रोज़ जाते हैं वहां। वही बने रहना चाहते हैं और उसके प्रति वफ़ादार होते है। ज़ाहिर है ऐसे लोग भरोसेमंद है, अमीर मीनाई तस्दीक़ करते हैं इसकी।

मस्जिद में बुलाते हैं हमें ज़ाहिद-ए-ना-फ़हम!
होता कुछ अगर होश तो मय-ख़ाने न जाते।

और फिर पीने वाला और कहीं जाए भी क्यों? मयकदे तो पुण्यात्माओं की पनाहगाह है। अहमद हुसैन माइल कहते हैं।

तौबा खड़ी है दर पे जो फ़रियाद के लिए
ये मय-कदा भी क्या किसी क़ाज़ी का घर हुआ।

मयकदे का सीधा रिश्ता शराफत से है। ये नेकदिलों की बस्ती है। सो इसकी बुराई वही करते हैं जो इससे नावाक़िफ़ या नासमझ हैं।

दुनियादारी है फरेब। अहम के नशे में धुत्त लोग बसते है इस दुनिया में। ऐसे में बस मयखाना ही वह जगह है जहां ईमान पर कायम सच्चे लोग रहते हैं। मयखाना वो इकलौती जगह है जहां आकर इंसान एकदम पाक साफ हो जाता है। दरअसल ये नीम बेहोशी से बाहर आने की जगह है। बशीर बद्र गवाही देते है इस बात की।

न तुम होश में हो न हम होश में हैं
चलो मय-कदे में वहीं बात होगी।

ज़ाहिर है ये सच्चे होशमंद लोगों का घर है और जहां सच का बोलबाला हो वहां जाने से परहेज़ वहीं कर सकते है जो परले दर्जे के झूठे और बेईमान हो, और मुझे पता है कि आप ऐसे नहीं हैं।

आबेहयात मिलती है मयखाने में। ज़ाहिर है जन्नत है ये। जन्नत जाना सभी चाहते हैं पर मरना कोई नहीं चाहता। और फिर सवाल यह भी कि जन्नत देखी किसने है? देखने वाले वापस आकर बयान कहां करते हैं उसके बारे में? किताबों में यह ज़रूर लिखा है कि आबेहयात की नदियां बहती हैं वहां। ये बताने वाले बिना मयखाने गये ये लिख सके होंगे यकीन करना मुश्किल है। दुनिया के छल कपट से बाहर निकल आना। सच्चे होने की निशानी है। ऐसे बंदे बस मयखाने में मिलते हैं। खुदा सच्चे लोगों की क़द्र ना करे ऐसा हो ही नहीं सकता। यदि जन्नत है तो मेरा मानना है कि मयखाने के पीछे का दरवाजा सीधे जन्नत मे खुलता है।

नितांत समाजवादी और सभी की जेब बर्दाश्त कर सके ऐसी जगह है मयखाना। यहां दिमाग़ का भी इलाज होता है और मन का भी। मयकदे न होते तो हमें हजार गुना ज्यादा मानसिक अस्पतालों की ज़रूरत होती। ऐसा न होता तो लोग जाते ही नहीं। यहां पहुंचा आदमी बहुत जल्दी हल्का हो जाता है, ख़ुशियों से भरपूर, तरोताज़ा हवा में तैरता है वो। गहरी नींद जैसा सूकून मिलता है उसे। यहां आकर फ़क़ीर भी ऐसे सपने देखता है, जहां वो बादशाह होता है, ऐसे सपने जहां उसे किसी चीज़ की कमी नहीं होती और मनचाहा करने की आज़ादी होती है। आजाद होने से अच्छा और हो तो आप मुझे बता सकते हैं।

दुनिया भर के बेहतरीन उस्ताद, विचारक, शायर, दार्शनिक, और हकीम मिलेंगे यहां आपको। ऐसे तपे तपाये अनुभवी लोग जो ज़िंदगी के बेशक़ीमती पाठ मुफ्त में पढ़ा सकते हैं। दुनिया के सारे सच्चे, नेक, भले और ईमान पर भरोसा रखने वाले लोग भी यहीं मौजूद है। बड़े दिलवाले, खरे कुंदन से दमकते बंदे। हमेशा सच बोलने वाले ऐसे लोग जिनकी संगत आपको बहुत कुछ सिखा सकती है। आप यहां आये और बेहतर हुए बिना लौट जाएं ये मुमकिन ही नहीं। ऐसा न होता तो जौक़ जैसा मशहूर शायर ऐसा कभी ना कहता।

'जौक़' जो हैं मदरसे के बिगड़े हुए मुल्ला!
उन को मय-ख़ाने में ले आओ संवर जाएंगे।

संवरना चाहते हैं? ज़ाहिर है हां ही कहेंगे आप ,तो आईए मयखाने चलते हैं। संवरने निखरने, दमकने के लिए उससे मुफ़ीद जगह इस धरती पर और कोई दूसरी है नही।

संस्कृति की विशिष्ट परंपरा


रमेश चंद्र पाठक
सेवानिवृत्त आईएएस

भारतीय संस्कृति की परम विशिष्ट परंपरा सनातन काल से यह रही है कि इसके सभी पर्व और त्योहार सूर्य और चंद्रमा की गति और स्थिति से जुड़े रहे हैं। यज्ञोपवीत संस्कार और विवाह जैसे मांगलिक कार्यों में देवगुरु बृहस्पति और दैत्य गुरु शुक्राचार्य को भी यथोचित सम्मान दिया गया है। यह प्रसंग इसलिए है कि गंगा स्नान के माघ मास का पुण्य प्राप्त करने का इस वर्ष का अंतिम दिन माघ पूर्णिमा आ गई है। इस साल यह कम से कम दस दिन के विलंब से है। बैशाख, ज्येष्ठ, आषाढ़, श्रावण और भादो इन पांच महीनों में तीन साल बाद किसी एक महीने में अधिमास हो जाता है। इसका कारण सामान्य रूप से यह समझ लीजिए कि सूर्य का राशि परिवर्तन लगभग निश्चित है और पृथ्वी 365.24-दिन में परिभ्रमण करती एक साल बाद उसीबिंदु पर आ जाती है। सूर्य के सापेक्ष, वैसे तो अनन्त ब्रह्मांड में तो सूर्य नारायण के साथ करोड़ों मील दौड़ गई होती है। हमारा जीवन तो सूर्य से ही जुड़ा है इसलिए हमें क्या कि सूर्य कितना दौड़ चुके हैं। यह बिल्कुल उसी तरह है जैसे कि आपके बालों के अन्दर एक छोटी सी जूं बैठी है और आप मुंबई से न्यूयॉर्क पहुंच गए हैं लेकिन जूं की सीमा तो वहीं तक है जहां तक सिर में बाल हैं। चन्द्रमा शीघ्र गति होने के कारण इस परिपथ को लगभग दस दिन अग्रगामी हो जाता है, इसलिए इस अवधि को सौरमास के साथ सामंजस्य स्थापित करने के लिए भारतीय पंचांग में अधिमास की गणना की जाती है।

यह गणित कैसे किया जाता है की क्लिष्टता में पड़ने की हमें जरूरत नहीं है। इस बार श्रावण मास में अधिमास आने से पूर्णिमा दस दिन आगे बढ़ गई है। जिस वर्ष भाद्रपद में अधिमास पड़ेगा उस साल यह बारह दिन आगे बढ़ जाएगी।

मौत की ट्रैक्टर-ट्राली

गंगा स्नान को जा रहे श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर ट्राली गांव ककराला के तालाब में डूब गई। करीब तीन घंटे तक तालाब में डूबे लोगों को निकाला जाता रहा। तालाब के चारों ओर बड़ी संख्या में मौजूद ग्रामीण। ● अमृत विचार

ट्रैक्टर-ट्राली से हुए बड़े हादसे

01.10.2022- कानपुर में श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली पलटी, 26 लोगों की मौत

22.02.2023- हाथरस में ट्रक और ट्रैक्टर-ट्राली की भिड़ंत, हादसे में 4 की मौत

15.04.2023- तिलहर में पुल से नीचे गिरी ट्रैक्टर ट्रॉली, 14 श्रद्धालुओं की मौत

23.08.2023- सहारनपुर में श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्राली नदी में गिरी, 9 की मौत

24.11.2023- सिरसा में ट्रैक्टर-ट्राली पलटने से पंजाब के 5 श्रद्धालुओं की मौत

03.12.2023- मुजफ्फरनगर मीरापुर में हादसे में ट्रैक्टर-ट्रॉली सवार 3 की मौत

09.02.2024- हरदोई में श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर ट्राली पलटी, 2 की मौत

बच्चे को गोद में उठाए भागता जाता ग्रामीण।

हादसे में इनकी गई जान

1- शकुंतला देवी पत्नी वीरपाल (70)
2- उसमा पत्नी शिवम (24)
3- मीरा पत्नी दिग्विजय सिंह चौहान (65)
4- सपना पत्नी गौरव (22)
5- पुष्पा पत्नी सत्येंद्र (45)
6- शिवम पुत्र मुकेश (30)
7- देवासी पुत्री शिवम (6)
8- दीक्षा पुत्री रजनेश (19)
9- गायत्री पत्नी रजनीश (52)
10- श्याम लता पत्नी रणवीर (40)
11- सुनैना पुत्री हरीश (10)
12- गुड्डी पत्नी खुन्नी लाल (75)
13- सिद्धू पुत्र गौरव
14- कुलदीप पुत्र मुकेश (7)
15- संध्या पुत्री मुकुट (5)
16- शिवांगी पत्नी राजेश (25)
17- मीरा पत्नी राजपाल (55)
18- कार्तिक पुत्र राजेश (4)
19- पायल पुत्री राजेश (दो महीना)
20- लड्डू पुत्र मुकुट (3)
21- अंजलि पत्नी मुकुट (24)
22- जवित पत्नी संजीव 25 वर्ष
23- प्रियांशू पुत्र राहुल (छह)

हर ओर मातम, बदहवासी और बस चीख पुकार ...

एक के बाद एक मौत की खबर से गांव कसा में मच गया कोहराम, होश खो बैठे परिजन

कार्यालय संवाददाता, एटा

अमृत विचार : एक के बाद एक की मौत की खबर गांव में पहुंचती रही और फिर चीखें बढ़ती गईं। हर ओर मातम छाया था। घरों में चीखपुकार थी।

ग्रामीण अपनों की सलामती की दुआ कर रहे थे। बड़ी संख्या में ग्रामीण कासगंज जिला अस्पताल और घटना स्थल पर निकल पड़े। मौत की सूचनाएं जैसे-जैसे पुष्ट होती गईं, मृतकों के परिवारों की महिलाओं के चीत्कारों से नगला कसा दहल उठा। चार गांवों के लोग इस ट्रैक्टर ट्रॉली से गंगा स्नान को गए थे। इनमें नगला कसा के ही सबसे अधिक 46 लोग थे। ट्रैक्टर ट्रॉली पड़ोस के गांव रोरी के रहने वाले राहुल की थी। कैबिनेट मंत्री लक्ष्मीनारायण एवं आगरा जोन की एडीजी अनुपम कुलश्रेष्ठ गांव पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों को सांत्वना दी।

माघ पूर्णमासी पर गंगा स्नान का गांव वालों ने अचानक ही विचार बना लिया और पड़ोस के गांव रोरी निवासी राहुल से ट्राली मांगी। वह तैयार हो गया। उसके साथ इस गांव के तीन और लोग आए। जबकि गांव बनार और खिरिया से दो-दो लोग गंगा स्नान करने को चल दिए। अन्य सभी 46 लोग नगला कसा के थे। कई लोगों का गंगा स्नान जाने का पहले से कोई विचार नहीं था। लेकिन गांव से ट्रैक्टर ट्रॉली जाने और संग-साथ के लोगों को देख उन्होंने भी मन बना लिया और ट्रॉली में बैठ गए। लेकिन गंगा तक पहुंचने से पहले ही काल ने इस ट्रॉली पर झपट्टा मार दिया।

गांव नगला कसा में परिजनों को सांत्वना देते कैबिनेट मंत्री लक्ष्मीनारायण चौधरी।

ग्रामीणों से जानकारी करतीं एडीजी आगरा जोन अनुपम कुलश्रेष्ठ। ● अमृत विचार

● कैबिनेट मंत्री एवं आगरा की एडीजी ने गांव में पहुंचकर दी सांत्वना
● चार गांवों के लोग गए थे ट्रैक्टर ट्रॉली से गंगा स्नान करने



अपनों की मौत पर बिलखता ग्रामीण।

पोस्टमार्टम हाउस के बाहर रोता-बिलखता परिवार। ● अमृत विचार

पल-पल बढ़ रही थी बेचैनी

सबसे पहले गांव में जो खबर पहुंची, वो केवल ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने की थी। मौत के बारे में किसी को जानकारी नहीं थी। समय बीता तो मृतकों की संख्या का अंदाजा लगाया जाने लगा। सबसे पहले छह लोगों की मौत बताई। इसके बाद संख्या लगातार बढ़ती गई और खबरें मिलने पर गांव के लोगों के दिल बैठते गए। एक-एक पल की खबर लेने के लिए लोग मोबाइल फोन के जरिए संपर्क बनाए हुए थे। पल-पल बेचैनी बढ़ रही थी। सब्र नहीं हुआ तो खुद ही घटनास्थल की ओर निकल पड़े।

दूसरों को बंधाते रहे हिम्मत, खुद बेहाल

गांव में सुबह के समय कुछ स्पष्ट ही नहीं हो पा रहा था कि हादसे में कौन मरा और कौन जिंदा बचा। जिन लोगों के परिजन ट्रैक्टर ट्रॉली में गए थे, वो सभी परेशान थे। एक-दूसरे को हिम्मत बंधा रहे थे। लेकिन अपनी ही हालत को काबू में रखना बहुत मुश्किल था। इसके बाद संख्या लगातार बढ़ती गई और खबरें मिलने पर गांव के लोगों के दिल बैठते गए। एक-एक पल की खबर लेने के लिए लोग मोबाइल फोन के जरिए संपर्क बनाए हुए थे। पल-पल बेचैनी बढ़ रही थी। सब्र नहीं हुआ तो खुद ही घटनास्थल की ओर निकल पड़े।कई महिलाएं बदहवाश हालत में गिर रही थीं। किसी का पति, किसी का भाई, किसी के पिता तो किसी के पुत्र इस हादसे में छिन गए थे।

घटनास्थल का निरीक्षण करतीं डीएम सुधा वर्मा और एसपी अपर्णा रजत कौशिक।

गांव ककराला में तालाब किनारे मौजूद कमिश्नर रविंद्र कुमार एवं आईजी शलभ माथुर।

जिसका मुंडन था उसका शव मिट्टी में दबा मिला

संवाददाता, गंजडुंडवारा

अमृत विचार : सुबह तेज आवाज के साथ ट्रैक्टर ट्रॉली तालाब में गिरी। लोगों की चीखें निकल गईं। पड़ोस में ही एक मंदिर के सेवादार की आंखों के सामने यह घटना हुई। वह चीखते-चिल्लाते तालाब की ओर दौड़ पड़े। अन्य तमाम लोग भी साथ हो लिए। तालाब में उतरकर ट्रॉली को उठाने का प्रयास किया, लेकिन वे सफल नहीं हुए। इसी बीच ककराला के ग्रामीण बड़ी संख्या में पहुंच गए।

सभी ने काफी मशक्कत कर करीब 45 मिनट बाद ट्राली को हटा दिया। तक तक चीखें पानी में डूब चुकी थीं। वे डूबे लोगों को खोजने लगे। माहौल बदहवासी भरा हो गया। पुलिस, अधिकारी भी पहुंच गए। तालाब में पानी उफाना हुआ था। पानी खींचने के लिए दमकल गाड़ियों के अलावा नगर पंचायतों से भी टैंकर मंगाये गए। करीब तीन घंटे तक एक-एक कर लोगों को निकालकर अस्पताल पहुंचाया जाता रहा।

कुछ की सांसें वहीं थम गई थीं तो कुछ में सांस की आस बाकी थी। शाम तक सभी लोगों को निकाला लिया गया लेकिन जिस बच्चे सिद्धू का मुंडन होना था वह नहीं मिला। देर शाम को उसका मिट्टी में दबा शव मिला तो लगा कि उम्मीद की आखिरी डोर भी टूट गई।

गांव ककराला में तालाब में जाल डालकर डूबे लोगों को तलाशते गोताखोर। ● अमृत विचार

● सुबह 10 बजे हुई घटना, उसके बाद तीन घंटे तक चला रेस्क्यू
● तालाब को घेर रहे सैकड़ों लोग वक्त को कोसते रहे

कांप उठी थी रूह

मंदिर के सेवादार महावीर के सामने यह घटना हुई। उन्होंने बताया कि जैसे ही ट्रैक्टर ट्रॉली तालाब में गिरी तो चीख-पुकार मच गई। उन्हें सुनकर मेरी रूह कांप उठी। बचाव के लिए दौड़ा तो हाथ-पैर कांप रहे थे।

ग्रामीणों ने दिखाया जज्बा

ग्रामीणों ने जज्बा दिखाया। ककराला और आसपास के ग्रामीण आगे आए और पानी में डूबे महिलाओं, बच्चों व पुरुषों को बाहर निकल रहे थे। श्रद्धालुओं को तलाशने के लिए जाल भी डाला गया। देर शाम तक सभी लोग निढाल हो गए लेकिन कोर्ठ और भी मिलेगी की उम्मीद में तलाश करते रहे।

सक्शन मशीनों एवं दमकल वाहनों से खाली कराया गया तालाब

तालाब से पानी निकालने के लिए लगाया गया दमकल वाहन। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

● पटियाली और भरगैन से मंगाए गए सक्शन वाहन

अमृत विचार : ट्रैक्टर ट्राली तालाब में पलट जाने से सभी लोग डूब गए। कुछ निकाल लिए गए तो अन्य को तालाब में पता नहीं लग रहा था। ऐसे में तालाब को खाली कराया गया। इसके लिए सक्शन मशीन और दमकल वाहनों को लगाया गया था।

डीएम सुधा वर्मा, एसपी अपर्णा रजत कौशिक मौके पर पहुंचे। इसके बाद बचाव कार्य में और तेजी आ गई। तालाब में से घायलों और शवों को निकाला गया। ग्रामीणों ने अन्य लोगों के तालाब में होने की आशंका व्यक्त की। इसी आशंका के चलते डीएम ने पटियाली के एसडीएम कुलदीप सिंह को तालाब खाली कराने के निर्देश दिए। एसडीएम ने पटियाली से दमकल वाहन एवं नगर पंचायत से सक्शन मशीन और भरगैन नगर पंचायत की भी सेक्शन मशीन को मंगाया । सक्शन मशीन और दमकल वाहन से तालाब से पानी निकाला गया। तालाब खाली होने के बाद उसमें कोई शव और घायल नहीं मिला। दमकल कर्मी और नगर पंचायत के कर्मचारी भी राहत कार्य में तत्पर दिखाई दिए।

असंतुष्ट दिखाई दिए ग्रामीण

इस घटना को लेकर प्रशासन अलर्ट रहा। पानी निकालने के लिए जिन संसाधनों का प्रयोग किया गया उनसे ग्रामीण असंतुष्ट दिखे। ग्रामीणों का कहना था कि दमकल वाहन और सेक्शन मशीन पानी निकालने में कारगर नहीं है। यहां पंपिंग सेट लगाए जाएं।

चीत्कार में बदल गए गंगे मईया की जय-जयकार के स्वर

कासगंज, अमृत विचार : पूर्णिमा पर गंगा स्नान को जा रहे लोगों को सुबह से ही रेला था। मार्ग पर ट्रैक्टर ट्राली एवं अन्य निजी वाहनों से गंगा स्नान को जा रहे श्रद्धालुओं गंगे मईया की जय-जयकार कर रहे थे। ट्रैक्टर ट्रालियों में ग्रामीण स्नानार्थी श्रद्धालु महिलाएं भजन कीर्तन भी गाती जा रही थीं। बच्चे भी उल्लास में डूबे थे।

इन्हीं सभी के बीच एटा के गांव कसा से भी गंगा स्नान को जा रहे श्रद्धालु गंगा मईया की जय-जयकार कररहे थे। उन्हें क्या पता था कि कुछ ही पल बाद क्या होने वाला है। अचानक ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित हुई और तालाब में जा पलटी। जय-जयकार करते श्रद्धालुओं की आवाज थम गई। करुण क्रंदन के स्वर सुनाई देने लगे। घटनास्थल पर हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई।

... बनाते रहे मोबाइल से वीडियो : घटना इतनी वीभीत्स थी किकेवल चीत्कार के स्वर सुनाई दे रहे थे। ऐसे में घायलों और उनके परिजनों को मदद की जरूरत थी। मौके पर मौजूद भीड़ में से तमाम लोगों ने मानवता का परिचय देते हुए दर्जनों लोग तालाब में उतर गए। घायलों और शवों को निकालने में जुटे। वहीं कुछ फोटो और वीडियो बनाने में लगे थे। लोगों ने ऐसे लोगों को रोकने का प्रयास भी किया, लेकिन वे वीडियो बनाने और फोटो खींचने में लगे रहे। इन्हें मौके की नजाकत से कोई लेना देना नहीं था।

जनप्रतिनिधि और अफसर पहुंचे जिला अस्पताल, जाना हाल

पोस्टमार्टम हाउस के बाहर घटना की जानकारी लेते एमएलसी रजनीकांत माहेश्वरी, विधायक सदर देवेंद्र राजपूत, भाजपा जिलाध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी एवं अमांपुर विधायक हरिओम वर्मा। ● अमृत विचार

जिला अस्पताल में घायलों का हाल जानते राज्यमंत्री धर्मेंद्र प्रधान। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

● घायलों के बेहतर उपचार के दिए निर्देश, मृतकों के परिजनों को बंधाया ढांढस
● कैबिनेट और राज्यमंत्री ने मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि के रूप में पीड़ित परिवारों को दी सांत्वना

अमृत विचार : जिले में हुई हृदय विदारक घटना ने लोगों को झकझोर कर रख दिया। कासगंज, एटा के जनप्रतिनिधियों एवं पुलिस प्रशासन के आलाधिकारियों ने जिला अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना। बेहतर उपचार के निर्देश दिए। मृतकों के आश्रितों को ढांढस बंधाया। मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि के रूप में कैबिनेट और राज्यमंत्री ने पीड़ित परिवारों को सांत्वना दी।

शनिवार का दिन जिले के लिए काफी दर्द भरा रहा। जिलाधिकारी सुधा वर्मा, एसपी अपर्णा रजत कौशिक मौके की ओर दौड़ पड़ी। इससे पहले पटियाली के एसडीएम कुलदीप कुमार, सीओ विजय कुमार राणा, इंस्पेक्टर गोविंद वल्लभ शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए थे। बचाव और राहत कार्य शुरू करा दिया था। डीएम ने बचाव और राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। अलीगढ़ परिक्षेत्र के डीआइजी शलभ माथुर, कमिश्नर रविंदर, सांसद राजवीर सिंह , सदर विधायक देवेंद्र राजपूत, अमांपुर के विधायक हरिओम वर्मा, एमएलसी रजनीकांत माहेश्वरी, एटा सदर विपिन कुमार डेविड, मारहरा विधायक बीरेंद्र सिंह लोधी, जिला पंचायत अध्यक्ष रत्नेश कश्यप, भाजपा जिलाध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी, सुनील वार्ष्णेय, बसपा जिलाध्यक्ष डीपी सिंह राना, सपा जिलाध्यक्ष विक्रम सिंह यादव, सपा के राट्रीय प्रवक्ता अब्दुल हफीज गांधी, महिला कांग्रेस की दिव्या शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनियों ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उनके प्रतिनिधि के रूप में प्रदेश सरकार के कैबिनेट गन्ना मंत्री लक्ष्मी नारायण एवं प्रदेश सरकार के राजस्व राज्यमंत्री अनूप बाल्मीकि भी जिला अस्पताल पहुंचे।

उन्होंने सीएमओ राजीव अग्रवाल ने घायलों के उपचार के संबंध में जानकारी ली। साथ ही निर्देश दिए कि शासन के निर्देशानुसार घायलों के उपचार किसी भी प्रकार निःशुल्क और बेहतन होने चाहिए। की कोताही न रहे।

जिला अस्पताल में एसडीएम संजीव कुमार से जानकारी लेते सांसद राजवीर सिंह। ● अमृत विचार

घटनास्थल पर सबसे पहले पहुंचे पीआरवी आरक्षी सुरेंद्र सिंह

कासगंज। सुबह तालाब में श्रद्धालुओं से ट्रैक्टर ट्राली पलटने की घटना से कुछ ही देर पहले वहां से पीआरवी आरक्षी सुरेंद्र सिंह गुजरे थे। वे कुछ ही दूर निकले कि उन्हें किसी ने बताया कि तिवारा तालाब पर ट्रैक्टर ट्राली पलट गई है। वह बिना देर लगाए मौके पर पहुंच गए और चौकी दरियावगंज पुलिस को सूचना दे दी। पीआरवी आरक्षी सुरेंद्र सिंह ग्रामीणों के साथ ताबाल में कूद पड़े और कई लोगों को निकाल लाए। कुछ ही मिनट में चौकी पुलिस भी आ गई थी। इसके बाद अन्य पुलिस कर्मी भी बचाव कार्य में लग गए। लोग आरक्षी सुरेंद्र की प्रशंसा करते रहे।

कार्यालय ग्राम पंचायत धिमरी, वि.खं. भदपुरा (बरेली)

निविदा आमंत्रण सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में स्वीकृत मनरेगा योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत को आबंटित/उपलब्ध धनराशि से कराये जाने हेतु निम्नांकित विवरण अनुसार कार्यों के लिए शासकीय विभाग में पंजीकृत सामग्री आपूर्तिदाताओं/फर्मों से निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। कार्यों का विवरण निम्न अनुसार है :-

क्र.सं.	कार्य का नाम	अनु. लागत
1.	पंचायत घर से पुत्तू लाल के घर तक सी.सी. निर्माण कार्य	3,99,396/-

इच्छुक पंजीकृत सप्लायर/फर्म सीलबंद निविदा दिनांक 25.02.2024 से दिनांक 26.02.2024 अपरान्ह 2:00 बजे तक निविदा बॉक्स में डाल सकते हैं। जो उसी दिन दिनांक 26.02.24 को सायं 4:00 बजे निविदादाता व उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी।

प्रधान-अरविन्द कुमार **सचिव-विशाल**

कार्यालय ग्राम पंचायत असुआ, वि.खं. भदपुरा (बरेली)

निविदा आमंत्रण सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में स्वीकृत मनरेगा योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत को आबंटित/उपलब्ध धनराशि से कराये जाने हेतु निम्नांकित विवरण अनुसार कार्यों के लिए शासकीय विभाग में पंजीकृत सामग्री आपूर्तिदाताओं/फर्मों से निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। कार्यों का विवरण निम्न अनुसार है :-

क्र.सं.	कार्य का नाम	अनु. लागत
1.	जादोपुर में मेन रोड से भारत सिंह के घर तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य	3,99,682/-

इच्छुक पंजीकृत सप्लायर/फर्म सीलबंद निविदा दिनांक 25.02.2024 से दिनांक 26.02.2024 अपरान्ह 2:00 बजे तक निविदा बॉक्स में डाल सकते हैं। जो उसी दिन दिनांक 26.02.24 को सायं 4:00 बजे निविदादाता व उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी।

प्रधान-प्रीति देवी **सचिव-विशाल**

कार्यालय ग्राम पंचायत मिलक वमनपुरी, वि.खं. नवाबगंज (बरेली)

निविदा आमंत्रण सूचना

पंजीकृत फर्मों व सामग्री आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्रा.पं. की कार्ययोजना 2023-24 के अन्तर्गत मनरेगा योजना के अन्तर्गत निम्न कार्यों को कराये जाने हेतु ईंट, रोड़ा, सीमेन्ट, बजरफुट, रेता, सरिया, गेट, टाइल्स/पत्थर, बजरी, टंकी का सामान, शौचालय के सामान की आवश्यकता है उक्त सामग्री की सीलबंद निविदायें ग्रा.पं. कार्यालय पर दिनांक 25.02.2024 को पूर्वान्ह 11 बजे से 27.02.2024 को 1 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 27.02.2024 की अपरान्ह 2:00 बजे खोली जायेगी। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। विवरण निम्न है :-

क्र.सं.	कार्य का नाम	अनु. लागत
1.	ऊदल प्रसाद के मकान से मोतीराम के मकान तक सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य	5 लाख

प्रधान-सविता **सचिव-नरेश कुमार राठौर**

7 दिन की मोहलत, कब्जा डेढ़ साल बाद भी नहीं हटाया

संवाददाता, बरेली/आंवला

- **आंवला भमोरा रोड के इफको मेन गेट और इफको टाउनशिप मुख्य द्वार के मध्य पाइप की रेलिंग हटाने का मामला**

अमृत विचार : हाईकोर्ट के आदेश को दरकिनार करने वाले इफको के अधिकारियों के सामने पीडब्ल्यूडी के अफसर भी दबाव में कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। पीडब्ल्यूडी ने दो साल पहले आंवला-भमोरा मार्ग पर इफको की ओर से किए गए अवैध अतिक्रमण हटाने को नोटिस भेजा था। इसमें सात दिन में अतिक्रमण न हटाने पर चेतावनी दी गई थी, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

भमोरा-आंवला स्टेट हाईवे पर चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है। पीडब्ल्यूडी सड़क के मध्य से दोनों ओर 75-75 फिट भूमि पर अपना स्वामित्व होने का दावा कर चुका है। इधर, इफको ने आंवला भमोरा रोड के इफको मेन गेट और इफको टाउनशिप मुख्य द्वार के मध्य पाइप की रेलिंग लगा रखी है। बताया जाता है कि रोजगार पाने को भू-दाता इसी स्थान पर कई बार बैठकर धरना प्रदर्शन कर चुके हैं। किसान इस जगह पर दोबारा धरना न दें, इसलिए अधिकारियों ने कटीले तार लगवाकर जगह को पूर्ण तरीके से बंद करा दिया था। इसकी जानकारी लगने पर पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड वन के एक्सईएन राजीव अग्रवाल ने 8 सितंबर 2022 को इफको के उपमहाप्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन को पत्र भेज इफको प्लांट और टाउनशिप गेट के मध्य पाइप की रेलिंग एवं कटीले तार को अतिक्रमण की श्रेणी में आना बताकर सात दिन में हटाने के निर्देश दिए थे, लेकिन, इफको ने इसे आदेश को दरकिनार करते हुए अब तक न तो रेलिंग हटाई है और न ही कटीले तार।

निर्माण खंड वन के एक्सईएन, राजीव अग्रवाल ने बताया कि अवैध तरीके से किया गया अतिक्रमण हटाने को लेकर इफको को आखिरी नोटिस रिमाइन्डर के तौर पर भेजा गया है। यदि इसे गंभीरता से नहीं लिया तो जल्द ही टीम भेजकर अतिक्रमण हटवा दिया जाएगा।

यहां भी बैकफुट पर पीडब्ल्यूडी

इफको प्लांट और इफको टाउनशिप गेट के मध्य बना गोलाकार चौराहा।

इफको प्लांट और इफको टाउनशिप गेट के मध्य इफको ने बीच सड़क पर एक गोलाकार चौराहा बनाया है। इफको की ओर से पीडब्ल्यूडी विभाग की सड़क के बीचों बीच किए गए इस कार्य को लेकर भमोरा के गांव सेंधा के शिशुपाल सिंह ने वर्ष 2017 में जनसूचना के माध्यम से जानकारी मांगी। जिसको लेकर 2 फरवरी 2017 को निर्माण खंड के अधिशासी अभियंता ने सड़क के मध्य इफको की ओर से बनाए गए इस गोलाकार चौराहे की अनुमति संबंधित कोई भी साक्ष्य होने से इन्कार किया था। जवाब में कहा गया था कि विभाग किसी किसान, दुकानदार की ओर से अस्थायी अथवा स्थायी निर्माण होने पर नोटिस जारी करने के बाद अतिक्रमण व अवैध कब्जे हटाने का कार्य करता है, लेकिन इफको की ओर से कई वर्षों से अतिक्रमण कर जगह का इस्तेमाल किया जा रहा है। इस पर पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी आज भी चुप्पी साधे हुए हैं।

सम्मन बगरज इनफिसाल मुकदमा

(आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जब्ता दीवानी सन् 1908)

नम्बर मुकदमा....... सन् ....जिलाअदालत उपजिलाधिकारी न्यायिक मुकाम मोहम्मदी मुद्दई बनाम मुद्दालेह अशोक कुमार आदि बनाम सैय्यद सहादत अली निवासी 13, जापलिंग रोड लखनऊ वारिदहाल 2 गोमती इन्क्लेव निकट पुराना पुलिस महा निदेशक कार्यालय हजरतगंज, लखनऊ

पेशी दिनांक 06 मार्च 2024

वजेह हो कि वादीगण ने आपके नाम एक नालिश बावत दावा स्वामित्व प्रस्थापन की लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख ... माह ....सन् ई. बमुकाम असांलतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से वाकिफ किया गया हो और छुक अमूर अहम मुतालिका मुकदमा का जवाब दे सके हाजिर हुजिये और जवाबदेही दावा की कीजिए और हम माह वही तारीख जो आपको हाजिरी के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कतई मुकदमा के तजवाज के लिये हुई है पर आपको सूचित हो कि गवाही की जिनकी शहादत में जुमला दस्तावेजों जिस पर बताइद अपनी देही के इस्तदलाल करना चाहते हो उस रोज पेश कीजिए।

और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होते तो मुकदमा बगैर हाजिर मसमूअ और फैसला होगा। मेरे दस्तखत और मोहर अदालत से आज बतारीख माह सन् 20 ई. जारी किया गया।

उपजिलाधिकारी, न्यायालय न्यायिक मोहम्मदी

कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति बिसौली (बदायूँ)

पत्रांक : कृ.उ.म.स./2023-24/सफाई/182 दिनांक : 23.02.24

सफाई ई-निविदा आमंत्रण

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि उत्पादन मंडी समिति बिसौली के नवीन मंडी स्थल बिसौली हेतु वित्तीय वर्ष 2024-24 (दिनांक 01.01.2024 से 31.03.2025) तक की दैनिक सफाई कार्य हेतु ई-निविदा दिनांक 16.03.2024 के सायं 05:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। ई-टेंडर हेतु सफाई के लिए नियम व शर्तो के अधीन इच्छुक व्यक्ति/फर्म/संस्था इस निविदा में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा के माध्यम से ऑनलाइन ई-निविदाएं वेबसाइट etender.up.nic.in पर दिनांक 24.02.2024 को प्रात: 10:00 बजे से दिनांक 16.03.2024 सायं 05:00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड की जा सकती है। निविदा दिनांक 18.03.2024 को दोपहर 03:00 बजे मंडी समिति बिसौली के कार्यालय में खोली जाएंगी जिसका विवरण निम्नवत् है।

क्र.	विवरण	नवीन मण्डी स्थल बिसौली के वार्षिक सफाई कार्य वर्ष 2024-25
1.	निविदा प्रपत्र का मूल्य जीएसटी सहित	रू. 1180 (एक हजार एक सौ अस्सी)
2.	निविदा प्रपत्र डाउनलोड/अपलोड करने की तिथि	दिनांक 24.02.2024 से 16.03.2024 की सायं 05:00 बजे तक
3.	निविदा प्रपत्र कार्यालय में जमा करने की तिथि व स्थान	दिनांक 16.03.2024 को अपरान्ह 05:00 तक मण्डी समिति कार्यालय बिसौली
4.	निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि व स्थान	दिनांक 18.03.2024 को दोपहर 3:00 बजे मण्डी समिति कार्यालय बिसौली
5.	निविदा कमेटी द्वारा वित्तीय बिड खोलने की तिथि	टेक्निकल बिड खोलने के उपरांत
6.	धरोहर राशि	50,000.00 (रू. पचास हजार मात्र) एफ.डी.आर. निविदा के साथ कार्यालय मण्डी समिति बिसौली में जमा करना अनिवार्य होगा।
7.	कार्यअवधि	दिनांक 01.04.2024 से 31.03.2025 तक

प्रत्येक निविदादाता को जमानत धनराशि के रूप में बैंक गारन्टी या एफडीआर रू. 50,000.00 बन्धक जोकि सचिव कृषि उत्पादन मण्डी समिति बिसौली के पक्ष में कार्यालय मण्डी समिति बिसौली में टेक्निकल बिड के साथ जमा करानी अनिवार्य होगी। इच्छुक व्यक्ति/फर्म/संस्था नियम/शर्ते एवं उपरोक्त के सम्बन्ध में पूर्ण जानकारी कार्यालय मण्डी समिति बिसौली से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त कर सकते हैं।

सचिव
कृषि उत्पादन मण्डी समिति
बिसौली (बदायूँ)

उपजिलाधिकारी/सभापति
कृषि उत्पादन मण्डी समिति
बिसौली (बदायूँ)

कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी आलमपुर जाफराबाद, जिला बरेली

पत्रांक : 552/लेखा/निविदा/क्षे.पं./2023-24 दिनांक 22.02.2024

अति अल्पकालीन निविदा सूचना

पंचम राज्य वित्त/15वां अनटाइड/15वां टाइड योजनान्तर्गत /वित्तीय वर्ष 2023-24 में स्वकीकृति निम्नलिखित निर्माण कार्यों को सम्पादित कराये जाने हेतु शासकीय विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रतिशत मोहरबंद निविदायें दिनांक 22.02.2024 से 01.03.2024 तक 12 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

क्र. सं.	कार्य का प्रकार	योजना का नाम	धनराशि	2% धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य अवधि
1.	हिम्मतपुर ताहरपुर में शमशान भूमि से प्यारे लाल के खेत तक मि. खड़ंजा कार्य	पंचम वित्त	997000	19940	1500	तीन माह
2.	ग्राम प्रेमराजपुर में मेन रोड से गौशाला तक मि. खड़ंजा	पंचम वित्त	897800	17956	1500	तीन माह
3.	सेंधा में मेन रोड से बसन्त शिक्षा संस्थान जू.हा. स्कूल सेंधा तक मि. खड़ंजा	पंचम वित्त	582300	11646	1200	तीन माह
4.	लंगूरा में मिलक मझारा की ओर मि. खड़ंजा कार्य	पंचम वित्त	998000	19960	1500	तीन माह
5.	भरताना में दसवां स्थल पर टीन शेड	पंचम वित्त	990000	19800	1500	तीन माह
6.	ग्राम मजनूपुर में मस्जिद के गेट से कमरूद्दीन के घर तक सी.सी. नाली निर्माण	15वां अनटाइड	996000	19920	1500	तीन माह
7.	ग्राम चाँदपुर नवदिया में चाँदपुर बल्लिया रोड से वीर पाल के ट्यूबवेल की ओर सी.सी.	15वां अनटाइड	999000	19980	1500	तीन माह
8.	ग्राम नठियाखेड़ा में ग्राम देवता से बुद्धु एवं उदल के घर की ओर सी.सी.	15वां अनटाइड	994000	19880	1500	तीन माह
9.	ग्राम खेड़ा में मेन रोड से ममता राजपूत एवं मोहन लाल के घर तक सी.सी.	15वां अनटाइड	315000	6300	500	तीन माह
10.	ग्राम भरताना में वलवीर के घर से शमशान भूमि तक सी.सी.	15वां अनटाइड	999000	19980	1500	तीन माह
11.	ग्राम रामपुर बुजुर्ग में रामकुमार के घर सत्यपाल के घर तक सी.सी. निर्माण	15वां अनटाइड	700000	14000	15000	तीन माह
12.	ग्राम सहसा में विजेन्द्र के घर से हामिक के घर तक सी.सी. व नाली निर्माण	15वां अनटाइड	850000	17000	15000	तीन माह
13.	ग्राम सरदार नगर में काली मंदिर से काली के थान एवं राधा के घर तक सी.सी. व नाली निर्माण	15वां अनटाइड	750000	15000	1500	तीन माह

नियम व शर्ते :-

1. निविदा फार्म/अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय/विकास खंड आलमपुरजाफराबाद से दिनांक 22.2.2024 से 01.03.2024 तक क्रय की जा सकती है।
2. निविदा प्रपत्र के साथ धरोहर धनराशि भरकर उसके साथ धरोहर राष्ट्रीयकृत बैंक का एफ.डी.आर./एन.एस.सी./बैंक ड्राफ्ट जो कि बन्धक खण्ड विकास अधिकारी आलमपुर जाफराबाद के पक्ष में मोहरबन्द लिफाफे में निविदा प्राप्ति के साथ संलग्न का खण्ड विकास अधिकारी आलमपुर जाफराबाद के कार्यालय में जमा करना होगा। धरोहर राशि का शेष 8 प्रतिशत धनराशि अनुबन्ध के समय अनिवार्य रूप से जमा करनी होगी।
3. डाली गई निविदा खण्ड विकास अधिकारी आलमपुर जा० के समक्ष दिनांक 01.03.2024 को सायं तीन बजे तक उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष खोले जायेंगे।
4. निविदा के साथ जमानत राशि की एफ.डी.आर. खण्ड विकास अधिकारी आलमपुर जाफराबाद के नाम देय होगी।
5. कोई भी वाद विवाद की दशा में वाद विवाद जनपद न्यायालय बरेली में मान्य होगी।
6. निविदा भरते समय निविदा की प्रतिशत दरों का अंकों के साथ-साथ शब्दों में उल्लिखित किया जायेगा।
7. निर्धारित तिथि उपरान्त प्राप्त निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

खण्ड विकास अधिकारी
आलमपुर जाफराबाद, बरेली

कथक में चमकी रामपुर की बेटी श्रीया

संवाददाता, रामपुर, अमृत विचार : शहर के मोहल्ला बाजार मिस्टन गंज निवासी मनोज कुमार अग्रवाल की बेटी श्रीया अग्रवाल मेरठ की सुभारती यूनिवर्सिटी से मास्टर ऑफ परफार्मिंग आर्ट के अंतिम वर्ष की छात्रा हैं। शुरूआत से ही उनका रुझान नृत्य व कला के क्षेत्र में था। उन्होंने इस क्षेत्र में महारत हासिल करने के लिए शिक्षा शुरू दी। व्हाइट हॉल पब्लिक स्कूल से स्कूली शिक्षा हासिल करने के बाद वह मेरठ चली गईं। इस बीच उन्हें जानकारी मिली कि मध्यप्रदेश में खजुराहो नृत्य समारोह आयोजित हो रहा है। उन्होंने इस समारोह में प्रतिभाग करने का निर्णय लिया। श्रीया ने बताया कि इस नृत्य प्रतियोगिता में 1500 कलाकारों ने प्रतिभाग किया था, जो संपूर्ण विश्व में एक रिकार्ड है। इस वजह से उनका यह नृत्य गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज किया गया है। श्रीया अग्रवाल बताती हैं कि उनकी कला में माता-पिता का पूर्ण सहयोग मिल रहा है। बेटी की इस कामयाबी से माता पिता और परिजन बेहद खुश हैं।

12 ट्रेनों का संचालन 17 दिन रहेगा प्रभावित

संवाददाता बरेली, अमृत विचार : काठगोदाम स्टेशन पर ब्लॉक के चलते इज्जतनगर रेल मंडल की 12 ट्रेनों का संचालन 17 दिनों तक प्रभावित रहेगा। अधिकारियों के मुताबिक काठगोदाम स्टेशन पर प्लेटफार्म, लाइन नंबर एक और पिट लाइन नंबर सात पर मरम्मत कार्य किए जाएंगे। इसकी वजह से 25 फरवरी रात 9 बजे से ब्लॉक शुरू होकर 12 मार्च की रात 9 बजे तक रहेगा।इस दौरान ट्रेनों को हल्द्वानी और लालकुआं में शार्ट टर्मिनेट और शार्ट ओरिजनेट किया जाएगा। लालकुआं तक चलाई जाने वाली और लालकुंआ से चलने वाली ट्रेनें लालकुआं काठगोदाम के बीच, हल्द्वानी तक और हल्द्वानी से चलने वाली ट्रेनें हल्द्वानी से काठगोदाम के बीच निरस्त रहेंगी। वहीं ब्लॉक के दौरान काठगोदाम, हल्द्वानी और लालकुआं स्टेशनों से ट्रेनों में विशेष कोच, अतिरिक्त कोच लगाना और काटना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।

फॉर्म नं. आईएनसी-26

[कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के अनुसार]

सूचना

केंद्र सरकार के समक्ष, उत्तरी क्षेत्र

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 की उप-धारा (4) और कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के उप-नियम (5) के खंड (ए) के मामले में

और

वाइड अल्फा टेक सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड जिसका पंजीकृत कार्यालय बी 308, मेगा सिटी, संजय नगर, बरेली, उत्तर प्रदेश - 243005 में है, के मामले में

.... याचिकाकर्ता

एतद् द्वारा आम जनता को सूचना दी जाती है कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के तहत कंपनी की **15 जनवरी, 2024** को आयोजित असाधारण आम बैठक में पारित विशेष प्रस्ताव के संदर्भ में कंपनी के मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन के परिवर्तन की पुष्टि के लिए कंपनी अपने पंजीकृत कार्यालय को **"उत्तर प्रदेश राज्य" से "दिल्ली"** में बदलने में सक्षम बनाने के लिए केंद्र सरकार को आवेदन करने का प्रस्ताव करती है।

कोई व्यक्ति जिसकी अभिरुचि कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के इस प्रस्तावित परिवर्तन से प्रभावित होती हो, तो वह अपनी अभिरुचि को प्रकृति और विरोध के आधार को निवेशक शिकायत फॉर्म भरकर एमसीए-2 पोर्टल (www.mca.gov.in) द्वारा या शपथ पत्र द्वारा समर्थित अपने विरोध को पंजीकृत डाक द्वारा, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 14 दिनों के भीतर माननीय क्षेत्रीय निदेशक को बी-2 विंग, दूसरी मंजिल, पर्यावरण भवन, सीजीओ कॉम्प्लैक्स, नई दिल्ली - 110003 को भेज या डिलीवर कर सकते हैं, जिसकी 'एक कॉपी याचिका कर्ता कंपनी के निम्नलिखित पंजीकृत कार्यालय में जमा कर सकते है या डिलिवर कर संकते है:

बी 308, मेगा सिटी, संजय नगर, बरेली, उत्तर प्रदेश - 243005

दिनांक: 25 फरवरी, 2024

आवेदक के लिए और उसकी ओर से
वाइड अल्फा टेक सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड
विदुर गुप्ता
(निदेशक)
DIN: 09078350
पता: प्लॉट नंबर-301, सेक्टर-43, डीएलएफ फेज़-5, गोल्फ कोरेस रोड, गुड़गांव, हरियाणा - 122008

पंजीकृत कार्यालय:
बी 308, मेगा सिटी, संजय नगर, बरेली, उत्तर प्रदेश - 243005

कार्यालय नगर पालिका परिषद गोला गोकर्णनाथ (खीरी)

पत्रांक : 363/न.पा.परि.गोला/2023-24 **सूचना** दिनांक : 24.02.2024

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, गोला गोकर्णनाथ उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 128 से 149 तक में उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 8 सन् 2011 द्वारा संधोधित किये जाने के उपरान्त नगर विकास अनुभाग-9 से निर्गत शासनादेश संख्या 135/9-9-11-190-द्वि.रा.वि.आ./04 दिनांक 18 मार्च 2011 एवं शासनादेश संख्या 408/नौ-9-10-63ज/95टी.सी. दिनांक 22 फरवरी 2010 के अनुपालन में नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 296 व 298 में दिये गये प्राविधानों/शक्तियों का प्रयोग करते हुये स्व-कर निर्धारण गृहकर उपविधि/नियमावली 2023 प्रस्तावित है।

नगर पालिका परिषद, अधिनियम 1916 की धारा 300 (1) के अन्तर्गत उन सभी व्यक्तियों जिन पर उक्त नियमावली का प्रभाव पड़ने की सम्भावना है। आपत्ति/सुझाव आमंत्रित करती है जोकि प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर कार्यालय नगर पालिका परिषद, गोला गोकर्णनाथ में लिखित रूप से मय साक्ष्य के प्रस्तुत की जा सकती है। बाद मियाद कोई आपत्ति/सुझाव स्वीकार नहीं किये जायेंगे। निर्धारित अवधि में प्राप्त आपत्ति/सुझाव का निस्तारण करने के उपरान्त इसे नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 135 (2) के अंतर्गत उपविधि को उत्तर प्रदेश के गजट में अन्तिम प्रकाशनार्थ प्रस्तुत की जायेगी जो मुद्रण की तिथि से प्रभावी मानी जायेगी।

गृहकर (स्व-कर निर्धारण) उपविधि नियमावली 2023

1. संक्षिप्त नाम, प्रसार एवं प्रारम्भ :-

1. यह उपविधि भवन एवं सम्पत्ति गृहकर (स्व-कर निर्धारण) उपविधि नियमावली 2023 कहलायेगी। 2. यह नगर पालिका परिषद, गोला गोकर्णनाथ के सीमान्तर्गत प्रयोग होगी। 3. यह उपविधि उ.प्र. राजपत्र (गजट) में प्रकाशन होने के दिनांक से नगर पालिका परिषद, गोला गोकर्णनाथ में लागू होगी।

2. **अर्थ :** स्व कर निर्धारण प्रणाली के तहत भवन स्वामी स्वयं ही अपने भवन की माप कर इसमें उल्लिखित दरों के आधार पर आंगणन कर भवन पर कर निर्धारण कर सकेगा।

3. **परिभाषाएं :** इस नियमावली में,

1. ' नगर पालिका' से तात्पर्य नगर पालिका परिषद गोला गोकर्णनाथ-खीरी से है। 2. 'अधिनियम' से तात्पर्य उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1916 से है। 3. 'अधिशासी अधिकारी' से तात्पर्य अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद गोला गोकर्णनाथ-खीरी से है। 4. 'अध्यक्ष/प्रशासक/बोर्ड' का तात्पर्य नगर पालिका परिषद गोला गोकर्णनाथ-खीरी के अध्यक्ष/प्रशासक/बोर्ड से है। 5. 'भवन/भूमि' से तात्पर्य नगर पालिका परिषद गोला गोकर्णनाथ-खीरी की सीमा में स्थित भवन/भूमि से है। 6. 'स्व कर निर्धारण प्रणाली' से तात्पर्य नगर पालिका परिषद गोला गोकर्णनाथ-खीरी की सीमा में स्थित भवन/भूमि से है। 7. 'आवासीय भवन' से तात्पर्य उस भवन से है, जिसका प्रयोग उसके स्वामी/अध्यासी द्वारा निवास के रूप में किया जा रहा है। 8. 'व्यवसायिक भवन' से तात्पर्य उस भवन से है, जिसका प्रयोग व्यवसायिक गतिविधियों के रूप में हो रहा है। 9. 'मिश्रित भवन' से तात्पर्य उस भवन से है, जिसमें आवासीय के साथ-साथ व्यवसायिक गतिविधियों के रूप में हो रहा है। 10. 'पक्का भवन' से तात्पर्य ऐसा भवन जिसका छत आर.सी.सी. या आर.बी.सी. पद्धति से निर्मित हो तथा आधुनिक भवन निर्माण सामग्री का प्रयोग किया है। 11. 'अन्य पक्का भवन' से तात्पर्य ऐसा भवन जिसकी छत कड़ी/गाटर पटियों से निर्मित हो। 12. 'कच्चा भवन' से तात्पर्य ऐसा भवन जिसकी छत अस्थायी साधनों यथा छप्पर, लोहा, सीमेन्ट की चादर,टीन शेड आदि से निर्मित है। 13. 'मासिक किराया दर' से तात्पर्य इस नियमावली में भवन/भूमि कारपेट आच्छादित क्षेत्रफल के लिए निर्धारित प्रतिवर्गफुट किराये से है। 14. 'वार्षिक मूल्य' से तात्पर्य पालिका अधिनियम की धारा 140 उल्लिखित वार्षिक मूल्य से है। 15. 'आच्छादित क्षेत्रफल' से तात्पर्य कुर्सी क्षेत्र के ऊपर जिसपर भवन निर्मित है, निर्मित भवन के प्रत्येक तल के कुल आच्छादित क्षेत्र से है। 16. 'कारपेट एरिया' से तात्पर्य भवन के उस क्षेत्र से है जहाँ कारपेट बिछाया जा सके। 17. 'मुहल्ले की क्षेणी' से तात्पर्य मुहल्ले के विकास की स्थिति, भवनों की स्थिति, नाली, सड़क, ,खडंजे, स्थानीय लोगों के रहन-सहन इत्यादि से है। 18. 'मार्ग की चौड़ाई' से तात्पर्य सार्वजनिक मार्ग के दोनों ओर स्थित दोनों सरकारी नली/नाला के बीच की दूरी से है।

4. वार्षिक मूल्यांकन के आधार पर आगणति कर से सम्बन्धित आधार भूत तथ्य :-

नगर पालिका या इस निमित्त उसके द्वारा प्राधिकृत कार्यपालक अधिकारी नगर पालिका क्षेत्र या उसके भाग से नियमावली में विहित रीति के अनुसार क्षेत्रवार समय-समय पर किराया दर और कर निर्धारण सूची तैयार करवायेंगे (संशोधित धारा 141) इस अधिनियम की किसी अन्य उपबंध में किसी बात से प्रतिकूल होते हुए भी किसी भनव के संबंध में 'कर भुगतान' के लिये-

1. प्राथमिक रूप से उत्तरदायी स्वामी या अध्यासी अपने द्वारा संदेय सम्पत्ति कर की धनराशि के सम्बन्ध में प्रतिवर्ष अपनी देनदारी का निर्धारण स्वयं कर सकता है और अपने द्वार इस रीति से इस प्रकार निर्धारण कर के साथ स्व निर्धारण विवरण ऐसे प्रपत्र में जैसा कि विहित किया जाये, जमा कर सकता है।

2. सर्वेक्षण के दौरान आवासीय और व्यवसायिक भवनों के पृथक-पृथक भवन संख्याएं आवंटित की जायेंगी।

3. व्यवसायिक भवनों पर कर निर्धारण नगर पालिका अधिनियम में उल्लिखित नियमों के अनुसार किया जायेगा।

4. आवासीय भवनों का स्व-कर निर्धारण से पूर्ण विवरण फार्म वित्तीय वर्ष 2023-13 में भवन स्वामी द्वारा पालिका कार्यालय में जमा किया जायेगा। यदि भवन नवनिर्मित है, तो निर्माण पूर्ण होने के 15 दिवस के भीतर पूर्ण विवरण पत्र पालिका कार्यालय में जमा किया जायेगा।

5. कारपेट एरिया की गणना निम्नानुसार की जायेगी।

1. कमरे - आन्तरिक आयाम की पूर्ण माप 2. आच्छादित बरामदा - आन्तरिक आयाम की पूर्ण माप। 3. बालकनी, कॉरीडोर, रसोई, भण्डार गृह - आन्तरिक आयाम की 50 फीसदी माप। 4. गैराज - आन्तरिक आयाम की 1/4 माप। 5. स्नानगृह शौचाल, पोर्टिको और जीने से आच्छादित क्षेत्र-कारपेट एरिया का भाग नहीं होगा। **अथवा** कारपेट एरिया-आच्छादित क्षेत्रफल का 80 प्रतिशत भाग।

8. कर का निर्धारण :- कर का निर्धारण निम्नांकित के आधार पर किया जायेगा। 1. वार्षिक मूल्य की गणना : वार्षिक मूल्य = कारपेट एरिया X निर्धारित प्रति इकाई का क्षेत्रफल किराया दर X12 यावार्षिक मूल्य = आच्छादित क्षेत्रफल X निर्धारित प्रति इकाई का क्षेत्रफल मासिक किराया X12X80 प्रतिशत 7. करों का भुगतान :- अधिशासी अधिकारी या उसके द्वारा प्राधिकृत बनाये गये नियम के अधीन निर्धारित भवन/भूमि (सम्पत्ति) कर के भुगतान हेतु स्वामी/अध्यासी को बिल भेजेगा, जिसमें एक ऐसा दिनांक निर्दिष्ट होगा, नगर पालिका परिषद गोला गोकर्णनाथ-खीरी कार्यालय अथवा उसके द्वारा अधिसूचित बैंक में कर का भुगतान किया जायेगा। स्वकर निर्धारण का भुगतान सार्वजनिक सूचना द्वारा सूचित किये जाने पर भी निर्धारित तिथि तक किया जायेगा। निर्धारित अवधि में भुगतान न करने की दशा में नियमावली में दी गयी शास्ति तथा नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 173 (क) के भी अनुसार कर की वसूली की जायेगी। धारा 173 (क) की कार्यवाही का खर्च तथा बकाया धनराशि पर 10 प्रतिशत विलम्ब शुल्क भी लिया जायेगा।

8. स्वत: अध्यासित भवनों के लिये छूट :- 1. 10 वर्ष तक पुराने भवनों के वार्षिक मूल्यांकन में 25 प्रतिशत की छूट अनुमन्य होगी। 2. 10 वर्ष से 20 वर्ष तक पुराने भवनों के वार्षिक मूल्यांकन में 32.5 प्रतिशत की छूट अनुमन्य होगी। 3. 20 वर्ष से अधिक पुराने भवनों के वार्षिक मूल्यांकन में 40 प्रतिशत की छूट अनुमन्य हागी।

9. किराये पर उठे आवासीय भवन :- 1. 10 वर्ष तक के पुराने भवन पर वार्षिक मूल्यांकन में 25 प्रतिशत की वृद्धि की जायेगी। 2. 10-20 वर्ष तक के पुराने भवन पर वार्षिक मूल्यांकन में 12.50 प्रतिशत की वृद्धि की जायेगी। 3. 20 वर्ष से अधिक पुराने भवनों कें वार्षिक मूल्यांकन में कोई वृद्धि नहीं होगी।

10. अनावासीय सम्पत्तियों के तात्पर्य:-

(1) प्रत्येक प्रकार की वाणिज्यिक कॉम्पलैक्स दुकानें एवं अन्य प्रतिष्ठान जैसे बैक, होटल, (श्री स्टार), होटल, रेस्टोरेंट, कोचिंग। (2) सेंटर (राज्य सरकार द्वारा सहायता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थानों को छोड़कर)। (3) प्रत्येक प्रकार के क्लीनिक, पाली क्लीनिक, डायग्नोस्टिक सेन्टर, पैथोलॉजी सेन्टर, प्रयोगशालाएं, रिसर्च सेन्टर, नर्सिंग होम, चिकित्सालय, मेडिकल स्टोर। (4) पेट्रोल पम्प, गैस गोदाम, गैस एजेन्सी आदि। (5) चार सितारा या उससे अधिक स्टार वाले होटल, वार, पव, वादगृह (जहां भोजन के साथ मदिरा आदि परोसी जाती है।) (6) सामुदायिक भवन, कल्याण मण्डप, विवाह मंडप आदि इसी प्रकार के अन्य भवन। (7) औद्योगिक इकाइयां (भवन एवं भूमि) सरकारी / अर्द्धसरकारी और सार्वजनिक स्थल के कार्यालय। (8) टावर और होर्डिग्स वाले भवन, टी.वी. टावर, दूरसंचार टावर या अन्य कोई टावर जो भूमि सतह पर अथवा भवन के शिखर पर लगाये जाते हैं। (9) छात्रावास, शैक्षणिक संस्थान जो अधिनियम की धारा 129'क' के खण्ड (ग) के अधीन आच्छादित न हो। (10) क्रीड़ा केन्द्र जैसे जिम, शारीरिक स्वास्थ्य केन्द्र, थियेटर तथा सिनेमा घर। (11) अन्य प्रकार के अनावासीय भवन जो उपर्युक्त श्रेणियों में नहीं आते हैं।

नोट:- ऐसी सम्पत्तियां कर से मुक्त होगी जैसे:- कब्रिस्तान / श्मशान घाट, सार्वजनिक पूजा स्थल या धार्मिक प्रयोग अनुसंधान एवं विकास के सरकारी सहायता प्राप्त संस्थाओं के मैदान, कृषि क्षेत्र, उद्यान, मान्यता प्राप्त या गैस मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थाओं के खेल के मैदान तथा क्रीड़ा स्थल / खेल के मैदान, प्राचीन स्मारक, भवन स्वामी द्वारा अध्यासित ऐसा भवन जो 30 वर्ग मी. क्षेत्रफल या 15 वर्ग मीटर तक के कारपेट एरिया वाले भूखण्ड पर निर्मित हो परन्तु भवन स्वामी का नगर पालिका सीमा में कोई अन्य भवन न हो।

11. रेन्ट कन्ट्रोल के मकान:- रेन्ट कन्ट्रोल अधिनियम 1972 के अधीन आने वाले आवासीय भवनों पर नगर पालिका परिषद गोला गोकर्णनाथ-खीरी प्रत्येक करों की गणना के लिए वार्षिक किराये का निर्धारण रेन्ट कन्ट्रोल अधिनियम के अंतर्गत नहीं होगा। बल्कि इसके किराये का निर्धारण उ.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1916 के प्राविधानों के अनुसार किया जायेगा, ऐसे भवनों के करों की देयता अब किरायेदार की होगी।

12. जिन भवनों/व्यापारिक भवनों में किरायेदार और सर्वे में भवन स्वामी का पता नहीं चलता है तो ऐसे भवनों में किरायेदार/ अध्यासी को ही गृहकर, जलकर का भुगतान करना होगा।

13. अर्थदंड:- उ.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 299 (1) में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए नगर पालिका परिषद गोला गोकर्णनाथ-खीरी निश्चय करती है कि उपविधि के किसी भी नियम का उल्लंघन करना दण्डनीय अपराध होगा जो रू. 1000/- एक हजार तक हो सकता है और निरन्तर बने रहने की दशा में अतिरिक्त अर्थदण्ड देय होगा जो सर्वप्रथम दोष सिद्ध के दिनांक या अधिशासी अधिकारी अथवा नगर पालिका परिषद गोला गोकर्णनाथ खीरी के किसी प्राधिकृत अधिकारी द्वारा दिये गये नोटिस के दिनांक से प्रत्येक दिवस में लिए जिसके बारे में सिद्ध हो जाये कि जिसमें अपराधी अपराध करता रहा है, रू. 25/- पच्चीस रूपये मात्र प्रतिदिन अर्थदण्ड लिया जायेगा।

14. जब कभी भवन स्वामी द्वारा अध्यासित भवन को किराये पर दिया गया हो या किराये से वापस अपने अध्यासन में लिया गया हो, तो इसके 03 माह के अंदर प्रपत्र ख में ही पुन: विवरण प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा।

15. जब कभी भवन के कारपेट एरिया / भूमि के क्षेत्रफल अथवा दोनों में कोई परिवर्तन या परिवर्धन किया जाता है तो उसके 03 माह के अंदर यथास्थिति भवन स्वामी / अध्यासी द्वारा प्रपत्र 'ख' में ही पुन: विवरण प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा।

16. जिन भवनों / भूमि को नगर पालिका परिषद गोला गोकर्णनाथ-खीरी द्वारा भवन / भूमि की संज्ञा दी जा चुकी है उन्हें भी प्रपत्र क और ख पर उपरोक्तानुसार भरकर जमा करना अनिवार्य है तथा उसके भवन / भूमि पर यदि कोई पूर्व का बकाया है तो प्रपत्र क एवं ख के अनुसार देय कर एवं पूर्व कर भी जमा करेंगे।

17. कर निर्धारण दर:- गृहकर वार्षिक मूल्य का 10 प्रतिशत तथा जलकर वार्षिक मूल्य का 10 प्रतिशत देय होगा।

18. इस विधि किसी प्राविधान के बारे में बोर्ड यदि संतुष्ट है कि उपविधि के किसी प्राविधान का दुरूपयोग परिषद द्वारा किया जा रहा है अथवा कोई प्राविधान जनहित में नहीं है तो उक्त प्राविधान को निरस्त करने, छूट देने अथवा संशोधित करने का अधिकार बोर्ड में निहित होगा।

19. मुख्य मार्ग का तात्पर्य:- मुख्य मार्ग में वे सभी सड़के आयेंगी, जिसकी चौड़ाई 30 फिट से अधिक होगी।

20. अन्य मार्ग का तात्पर्य:- मुख्य मार्ग से अंदर के मार्ग व मोहल्ला / कालोनी में जाने वाली सड़के एवं मरम्मत गलियों अन्य मार्गो में आयेंगी।

21. अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद गोला गोकर्णनाथ-खीरी द्वारा अपनी सीमान्तर्गत स्थित भवनों / भूमियों का वार्षिक मूल्यांकन निम्न दरों पर निर्धारित किया जायेगा।

22. अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद गोला गोकर्णनाथ-खीरी द्वारा सत्यापित मासिक किराया प्रतिवर्ग फुट।

23. अन्तिम निर्णय अधिशासी अधिकारी/ नगर पालिका परिषद में निहित होगा किन्तु कर मुक्ति का अधिकार बोर्ड में निहित होगा।

करों की श्रेणी में वर्गीकरण एवं सम्पत्ति कर (गृहकर व जलकर) स्वत: निर्धारिण प्रक्रिया के अंतर्गत आवासीय भवनों/भूखण्डों की मासिक किराया दर प्रतिवर्ग फुट की सूची

30 फिट से अधिक चौड़े मार्ग पर स्थित भवन			16 फिट से 30 फिट तक चौड़े मार्ग पर स्थित भवन			16 फिट से कम चौड़े मार्ग पर स्थित भवन			आवासीय भूखण्ड जिसमें भवन न बना हो		
आर.सी.सी. / आर.बी.सी.छत सहित पक्का मकान	अन्य पक्का भवन	कच्चा भवन (खपरैल/ टीन शैड)	आर.सी.सी. / आर.बी.सी.छत सहित पक्का मकान	अन्य पक्का भवन	कच्चा भवन (खपरैल/ टीन शैड)	आर.सी.सी. / आर.बी.सी.छत सहित पक्का मकान	अन्य पक्का भवन	कच्चा भवन (खपरैल/ टीन शैड)	आर.सी.सी. / आर.बी.सी.छत सहित पक्का मकान	अन्य पक्का भवन	कच्चा भवन (खपरैल/ टीन शैड)
1	2	3	1	2	3	1	2	3	1	2	3
0.90	0.80	0.50	0.60	0.50	0.30	0.50	0.40	0.20	0.25	0.15	0.10

उपरोक्त तालिका में आवासीय भवनों/भूखण्डों की मासिक किराया दर प्रतिवर्ग फुट की सूची नगर पालिका सीमान्तर्गत समस्त 25 वार्डो के लिए है जो निम्नवत है :-

वार्ड का नाम व सम्मिलित मोहल्ले :- **वार्ड संख्या 01 :** (कुम्हार टोला प्रथम) वाल्मीकि बस्ती **वार्ड संख्या 02 :** (पश्चिमी दीक्षिताना प्रथम) मथुरा नगर, वीरेन्द्र नगर, ईदगाह (आंशिक) **वार्ड संख्या 03 :** (गोकर्णवार्ड प्रथम) ऊंची भूड़ (आंशिक) **वार्ड संख्या 04 :** (कुम्हार टोला द्वितीय) आचार्य टोला (ओंशिक) गुरूद्वारा **वार्ड संख्या 05 :** (मुन्नुगंज प्रथम) मुन्नूगंज, सेठानी, अहाता मलिन बस्ती **वार्ड संख्या 06 :** (गोकर्ण वार्ड द्वितीय) गजेन्द्र पुरी, मरघट मोहल्ला **वार्ड संख्या 07 :** (भूडवार्ड प्रथम) गुप्ता कालोनी, लक्ष्मी नगर, इन्दिरा नगर, कोडिया फार्म, डाक बंगला, त्रिलोक गिरी **वार्ड संख्या 08** (कुम्हार टोला तृतीय) पसियाना (आंशिक), आचार्य टोला (आंशिक), कटहरी बाम **वार्ड संख्या 09 :** (मुन्नूगंज द्वितीय) कोठी भटठा, बरकाती मस्जिद **वार्ड संख्या 10 :** (गोकर्ण वार्ड तृतीय) ऊंची भूड (आंशिक) लखहा मन्दिर, झण्डी मंदिर, पीलीभीत धर्मशाला **वार्ड संख्या 11** (पश्चिमी दीक्षिताना द्वितीय) गढ़ी मोहल्ला, पसियाना (आंशिक), पश्चिमी दीक्षिताना **वार्ड संख्या 12 :** (मुन्नूगंज तृतीय) अर्जुन नगर कालोनी, पंजाबी कालोनी, हनुमान मंदिर, बादल नगर **वार्ड संख्या 13 :** (पूर्वी दीक्षिताना प्रथम) पूर्वी दीक्षिताना **वार्ड संख्या 14** (पश्चिमी दीक्षिताना तृतीय) मां मंगला देवी मंदिर, पसियाना (आंशिक) **वार्ड संख्या 15 :** (मिल वार्ड) मिल हाउस, मिल भूड़, नाली लाइन, राम-श्याम गली, कहरौला **वार्ड संख्या 16 :** (पश्चिमी दीक्षिताना चतुर्थ) भारत भूषण कालोनी, ईदगाह (आंशिक) , शंकर आवास कालोनी **वार्ड संख्या 17 :** (भूडवार्ड द्वितीय) नीची भूड़ नूरी मस्जिद, उपाध्याय मार्केट **वार्ड संख्या 18** (मिल कालोनी) नई कालोनी, पुरानी कालोनी, एम ब्लाक, डेयरी, लाम्बा नगर **वार्ड संख्या 19 :** (गोकर्ण वार्ड चतुर्थ) तीथ, स्टेशन रोड, नीलकण्ठ, नई बस्ती **वार्ड संख्या 20 :** (कुम्हार टोला चतुर्थ) सब्जी मण्डी, मेला मैदान, चन्देली मार्केट, हमीद मार्केट, घोसियाना **वार्ड संख्या 21 :** (मुन्नूगंज चतुर्थ) मुन्नूगंज, बिलाल की तलैया, कबडियाना (आंशिक) **वार्ड संख्या 22 :** (गोकर्ण वार्ड पंचम) ऊंची भूड़ आंशिक, सीवर कुंआ, दुर्गा मन्दिर **वार्ड संख्या 23 :** (मुन्नूगंज पंचम) मुन्नूगंज गांधी विद्यालय, कबडियाना (आंशिक) आंख अस्पताल **वार्ड संख्या 24 :** (पूर्वी दीक्षिताना द्वितीय) पूर्वी दीक्षिताना **वार्ड संख्या 25 :** (भूड़ वार्ड तृतीय) नीची भूड़, नहर कोठी, नानक चौकी, घोसियाना (आंशिक)

नोट : (1) उक्त वर्णित मोहल्लों के अतिरिक्त कोई नया मोहल्ला या छूटा हुआ मोहल्ला उसके पास में सम्मिलित माना जायेगा। (2) वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों/अनावासीय भवनों के अलग-अलग मद के लिये वार्षिक मूल्य आवासीय दरों के गुणांक पर निर्धारित होगी एवं कर की गणना कुला कवर्ड क्षेत्रफल पर होगी। किन्तु शासन द्वारा उक्त के सम्बन्ध में निर्धारित गुणांकों के अनुसार कार्यवाही की जायेगी।

2. अनावासीय भवनों हेतु

निकाय का नाम	श्रेणी	सम्पत्ति का विवरण	अनावासिक भवन की मासिक किराये की दर
नगर पालिका परिषद, गोला गोकर्णनाथ	1	सरकारी अथवा गैर सरकारी छात्रावास, स्वीमिंग पूल, क्रीड़ा केंद्र तथा जिम शारीरिक स्वास्थ्य केंद्र, थियेटर जिनका प्रयोग मात्र सांस्कृतिक कार्यक्रमों हेतु होता हो, जिसमें वैवाहिक समारोहों से संबंधित सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्मिलित नहीं है, संगीत एवं नृत्यकेंद्र, सूक्ष्म एवं लघु औद्योगिक इकाइयें (उद्योग विभाग की परिभाषानुसार) एकल स्कीम सिनेमाघर (जो माल्स में स्थित नहीं है), 120 वर्ग फिट क्षेत्रफल तक की चाय, दूध, डबलरोटी,अंडे, धोबी/लॉड्री, फल, सब्जी, फोटोस्टेट, नाई/हेयर ड्रेसर (जिनमें दो से अधिक बाल काटने की कुर्सियां न हो और जिसमें वातानुकूलन/कूलर का उपयोग न होता हो) तथा दर्जी की दुकान।	आवासीय दर के समान
	2	महाविद्यालय, स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं वृहद उद्योग (उद्योग विभाग की परिभाषानुसार) मेडिकल स्टोर, प्रत्येक प्रकार के वाणिज्यिक काम्प्लेक्स, स्थापित बाजारों में स्थित स्पोर्ट काम्प्लैक्स, टैन्ट हाउस भवन निर्माण सामग्री की दुकान और गैर सरकारी कोचिंग सेन्टर।	आवासीय दर का दो गुना
	3	सरकारी, अर्ध सरकारी अथवा गैर सरकारी कार्यालय भवन, सार्वजनिक उपक्रम, राजकीय निगम और बोर्ड आदि, क्लीनिक, पॉलीक्लीनिक, डेन्टल क्लीनिक, डायग्नोस्टिक केन्द्र,पैथोलॉजी लैब, नर्सिंग होम, चिकित्सालय और स्वास्थ्य परिचर्या केन्द्र, फिजियोथिरेपी केंद्र, प्रसूति गृह, प्राविधिक विश्वविद्यालय, मेडिकल कॉलेज एवं डेन्टल कालेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, प्रबन्ध संस्थान, विधि संस्थान एवं अन्य व्यवसायिक शिक्षा प्रदान करने वाले संस्थान, पेट्रोल पम्प, गैस एजेन्सी, डिपो और गोदाम आदि, सामुदायिक भवन, कल्याण मण्डप,विवाह क्लब, ऑडीटोरियम (प्रक्षागृह) सामुदायिक केन्द्र, स्टाररहित होटल, एक सितारा और उससे ऊपर के होटल, टावर और होर्डिग वाले भवन, टेलीविजन टावर, दूरसंचार टावर या कोई अन्य टावर जो भवन की सतरह पर या शिखर पर रया खुले स्थान पर प्रतिस्थापित किए जाते हैं बैंक, ए.टी.एम. , फाइनेंस कम्पनियां, निजी क्षेत्र के कार्यालय और निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठान, माल्स, पब्स बार, वासगृह जहाँ भोजन के साथ मदिरा भी परोसी जाती है।	आवासीय दर का तीन गुना
	4	अन्य प्रकार के अनावासिक भवन जो उपर्युक्त श्रेणी में उल्लिखित नहीं है।	आवासीय दर का तीन गुना

उपरोक्त स्वकर निर्धारण दर पर किसी भी भवन स्वामी/अध्यासी को आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंतर्गत अपनी लिखित आपत्ति मुख्य कार्यालय नगर पालिका परिषद गोला गोकर्णनाथ-खीरी में दर्ज करा सकता है। समय सीमा के बाद प्राप्ति आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

शस्ति

उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम की धारा 299 में दिये गये प्रावधानों के अधीन उक्त नियमावली के किसी नियम का उल्लंघन किया जाना जुर्माने से दण्डनीय होगा, जो रूपया 1,000.00 तक हो सकेगा और जब ऐसा उल्लंघन निरन्तर किया जाये जो अग्रेतर जुर्माना, किये जा सकेगा, जो प्रथम दोष सिद्धि के दिनों से प्रत्येक दिन के लिए अपराध करते रहना सिद्धि होने पर रू. 25.00 प्रतिदिन होगा।

(राजस्व निरीक्षक)
नगर पालिका परिषद, गोला गोकर्णनाथ

(रत्नाकर मिश्रा)
उपजिलाधिकारी/अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद गोला गोकर्णनाथ

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में आयोजित हुए अंतर्राष्ट्रीय ज्योतिष सेमिनार में शामिल ज्योतिषियों ने पंचांग को लेकर की चर्चा

सटीक गणना के बिना बनाए जा रहे पंचांग, फैला रहे भ्रम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अंतर्राष्ट्रीय ज्योतिष सेमीनार में शामिल ज्योतिष। ● अमृत विचार

अमृत विचार : पंचांग अब व्यापार बन गया है। इसमें वैदिक और सामाजिक जरूरतों का ध्यान नहीं रखा जा रहा है। इसके कारण व्रत, त्योहार व अन्य गणनाएं आमजन को भ्रमित कर रही हैं। सभी पंचांग के अलग-अलग मत हो रहे हैं। सटीक गणना के बिना पंचांग बनाए जा रहे हैं। ऐसी दुविधा वाली स्थिति में संस्कृत विश्वविद्यालय से प्रकाशित पंचांग पर भरोसा करें। यह चंद्रमा की स्थिति का सही आकलन कर बनाए जाते हैं। इसके निर्माण में खगोल विज्ञान का विशेष महत्व होता है। ये बातें केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के निदेशक प्रो. सर्वनारायण झा ने कही।

वे शनिवार को विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय ज्योतिष सेमीनार को संबोधित कर रहे थे। सेमीनार में नेपाल और मॉरीशस के ज्योतिष शामिल हुए। प्रो. सर्वनारायण झा ने कहा कि भारतीय व्रत, पर्व, त्योहार, सूर्य, चंद्रमा एवं अन्य ग्रह नक्षत्रों की स्थिति के आधार पर मनाये जाते हैं। सूर्य, चन्द्र व अन्य ग्रह -नक्षत्र सम्पूर्ण विश्व के लिए एक हैं। इनकी चाल की स्थिति पर व्रत, पर्व, त्योहार एक ही तारीख व दिन को होना स्वाभाविक है। इसमें अतिसूक्ष्म अंतर मात्र अक्षांश, देशांतर के कारण या विभिन्न ऋषि परंपरा के कारण हो सकते हैं। पर, यह बिल्कुल अलग नहीं हो सकते। इसे एक रूप बनाने के लिये केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय कार्य कर रहा है। इसमें विश्व के ज्योतिषियों को एक साथ आना चाहिए और इसके लिए काम करना चाहिए। ताकि व्रत, पर्व, त्योहार की तिथियों में विसंगतियां न हों।

भारत-नेपाल में एक पंचांग पर आधारित हो पर्व : नेपाल पंचांग निर्णायक विकास समिति के अध्यक्ष प्रो. श्रीकृष्ण अधिकारी ने कहा कि भारत और नेपाल की संस्कृति और सभ्यता व्रत, पर्व और धर्माचरण एक जैसे हैं। इसीलिए दोनों देशों के पंचांग निर्माण का आधार ग्रन्थ और उनके अनुसार व्रत, पर्व समान तिथियों में होना चाहिए और इसके लिए दोनों देशों को सम्मिलित प्रयास करना चाहिए। प्रो. अधिकारी के साथ नेपाल संस्कृत विश्वविद्यालय के वाल्मीकि विद्यापीठ ज्योतिष विभाग के अध्यक्ष प्रो. धनेश्वर नेपाल और दक्षिण एशियाई ज्योतिष महासंघ के अध्यक्ष लक्ष्मण पन्थी ने भी विचार साझा किया।

ज्योतिष गणना के लिए प्रेरित करना समय की मांग: आचार्य पीवीबी सुब्रह्मण्यम्

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के उत्तराखण्ड स्थित देवप्रयाग परिसर के निदेशक आचार्य पीवीबी सुब्रह्मण्यम् ने कहा कि आलोचकों को आमंत्रित करना चाहिये। जिज्ञासुओं अथवा आम जनता के लिये संवेदीकरण कार्यक्रम करना तथा ज्योतिष के तथ्यों के प्रति गणना हेतु उनको प्रेरित करना समय की मांग है। उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. देवी प्रसाद त्रिपाठी ने कहा कि आवश्यकता है कि भारतीय परंपरा के सिद्धांत ज्योतिष के ग्रन्थों को परिष्कृत किया जाय और सम्पूर्ण देश में पंचांग की परंपरा अलग-अलग हो किन्तु गणित तो एक ही है।

भारतीय गणित व खगोल विज्ञान आज भी पूर्व की तरह तर्क संगत: डॉ. चन्द्रगुप्त

कमिन्स महाविद्यालय, पुणे के पूर्व प्राचार्य डॉ. चन्द्रगुप्त श्रीधर वर्णेकर ने कहा कि भारतीय गणित और खगोल विज्ञान आज भी पूर्व की तरह तर्क संगत है। इसे आधुनिक तकनीकी द्वारा समाज में प्रचारित-प्रसारित करने की जरूरत है। प्रो. मदनमोहन पाठक ने कहा कि आज सन्तानोत्पत्ति में बाधा और प्राकृतिक प्रसव नहीं होने में वैवाहिक विलम्ब कारण है। इसलिए उपयुक्त समय पर विवाह करना चाहिए और उसमें ज्योतिष शास्त्र अत्यन्त सहायक हो सकता है।

सार-संक्षेप

पांच साल के छात्र ने शराब की दुकान के विरुद्ध लगाई जनहित याचिका

कानपुर, अमृत विचार : आजाद नगर स्थित एमआर जयपुरिया स्कूल के एक छात्र ने हाईकोर्ट प्रयागराज में याचिका दायर कर स्कूल के बगल से शराब की दुकान हटवाने का आग्रह किया है। पांच साल के अर्थव ने शराब की दुकान होने होने वाली समस्या से भी अवगत कराया है। इस जनहित याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करते हुए अदालत ने राज्य सरकार के वकील से पूछा कि कानपुर में वह स्कूल अस्तित्व में आने के बाद शराब की दुकान के लाइसेंस का नवीकरण क्यों किया जा रहा है। अथर्व द्वारा दायर इस जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेन्द्र की खंडपीठ ने इस मामले की अगली सुनवाई की तिथि 13 मार्च, 2024 तय की है।

जातिवादी लोगों से सावधान रहने की जरूरत: माया

लखनऊ, अमृत विचार : बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कहा कि बहुजन समाज को जातिवादी ताकतों से सावधान रहने की जरूरत है। संत रविदास की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए बसपा प्रमुख ने उनके उपदेशों को अपनाकर जीवन संवारने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बसपा शासनकाल में भदोही जिले का नाम बदलकर संत रविदासनगर रखा गया, पर तत्कालनीन सपा सरकार ने जातिवादी व राजनीतिक द्वेष के कारण बदल दिया, पर प्रदेश की भाजपा सरकार ने नाम बहाल नहीं है। यह साबित करता है कि दोनों पार्टियों की सोच एक जैसी जातिवादी है। उन्होंने कहा कि संत रविदास ने अपना सारा जीवन इंसानियत का संदेश देने में गुजारा। उन्होंने जातिभेद व द्वेष के खिलाफ आजीवन संघर्ष किया।

छह डिप्टी एसपी का तबादला

लखनऊ,अमृत विचार :उप्र शासन ने शनिवार को छह पीपीएस अफसरों का तबादला किया है। डिप्टी एसपी स्तर के इन अफसरों की विभिन्न एडीजी जोन के स्टाफ अफसर के रुप में तैनाती दी गई है। 26वीं वाहिनी पीएसी गोरखपुर के सहायक सेनानायक संजय कुमार सिंह को एडीजी जोन गोरखपुर का स्टाफ अफसर बनाया गया है, जबकि राकेश प्रताप सिंह को पीएसी लखनऊ से एडीजी जोन लखनऊ का स्टाफ अफसर और परमानंद पाण्डेय को पीएसी मिर्जापुर से एडीजी जोन वाराणसी का स्टाफ अफसर के पद पर तैनाती दी गई है। ओजस्वी चावला को डिप्टी एसपी एसटीएफ से एडीजी जोन आगरा का स्टाफ अफसर, कुशल पाल सिंह पीएसी प्रयागराज से एडीजी जोन प्रयागराज का स्टाफ अफसर तथा सूक्ष्म प्रकाश को एलआईयू कानपुर नगर से एडीजी जोन मेरठ का स्टाफ अफसर बनाया गया है।

जिला होम्योपैथिक अधिकारी निलंबित

अयोध्या, अमृत विचार : जिला होम्योपैथिक अधिकारी को निलंबित कर दिया गया है। सीएमएस डॉ. संगीता भाटिया ने बताया किआदेश आ गया है। ऑफिस में रखा है। अभी बाहर हूं इसके बारे में अधिक नहीं बता सकती। जिला होम्योपैथिक अधिकारी डॉ. घनश्याम चौधरी पर चिकित्सकों ने आरोप लगाया था कि शासन की तरफ से बैठकों में प्रतिभाग करने के लिए मिलने वाले यात्रा भत्ता को पास करने के लिए डॉ.घनश्याम ने 40 प्रतिशत कमीशन की मांग की थी। जब चिकित्सकों ने कमीशन देने से मना कर दिया तो बताया गया कि अभी बजट नहीं है। आरोप है कि इसके बावजूद जिला होम्योपैथिक अधिकारी ने अपना यात्रा भत्ता पास करा लिया था। इसकी जानकारी होने पर चिकित्सकों ने उच्चाधिकारियों को शिकायत की थी। मामले की जांच अयोध्या मंडलाधिकारी सीएमएस ने की थी और रिपोर्ट निदेशक होम्योपैथिक को भेज दी थी। इसके बाद निदेशक ने अपनी रिपोर्ट प्रमुख सचिव आयुष लीना जौहरी को भेजी थी। इस बीच डॉ. घनश्याम चौधरी को निदेशक मुख्यालय से संबद्ध कर दिया गया था। अब प्रमुख सचिव ने आरोपों से घिरे डॉ. घनश्याम चौधरी को निलंबित कर दिया।

पूर्व रजिस्ट्रार पर फर्जी शिकायत करा वसूली करने का आरोप

फर्जी प्रमाण पत्र पर नौकरी करने वालों को बचाने में हुए थे निलंबित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● जगमोहन सिंह पर मदरसा संचालकों पर दबाव बना करोड़ों की वसूली का है आरोप

अमृत विचार : मदरसा बोर्ड के निलंबित पूर्व रजिस्ट्रार व अल्पसंख्यक कल्याण के डिप्टी डायरेक्टर प्रयागराज जगमोहन सिंह पर गंभीर आरोप लगा है। उनके खिलाफ शिकायत करने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है। आरोप है कि मदरसा संचालकों के खिलाफ फर्जी शिकायती पत्र बनाकर जांच करते थे। इसके नाम पर मोटी रकम वसूलते थे। वसूली के रकम से उन्होंने पश्चिमी उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड में होटल व प्रॉपर्टी का कारोबार भी करीबी लोगों के साथ मिलकर शुरू किया है।

प्रदेश सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री धर्मपाल सिंह हलफनाम के साथ एक शिकायती पत्र भेजा गया। गोरखपुर के उर्दू बाजार निवासी एजाज अहमद ने यह शिकायती पत्र भेजा है। इसमें आरोप लगाया कि मदरसा शिक्षा बोर्ड पूर्व रजिस्ट्रार व अल्पसंख्यक विभाग के उपनिदेशक प्रयागराज जगमोहन सिंह एक अन्य अधिकारी सहित तीन लोगों के साथ मिलकर अवैध वसूली की। हलफनामे पर एजाज अहमद ने लिखा कि अल्पसंख्यक विभाग के निलंबित उपनिदेशक प्रयागराज भ्रष्ट अधिकारी हैं। उन्होंने झूठ बोलकर दो-दो शादियां कर रखी हैं और बतौर मदरसा बोर्ड के रजिस्ट्रार कथिततौर पर 20 करोड़ से ज्यादा की अवैध कमाई की है।

एजाज अहमद के शिकायत पत्र में लिखा कि डिप्टी डायरेक्टर ने मेरे नाम से कोई जाली चिट्ठी तैयार करके खुद बलरामपुर के किसी मदरसे की कोई जांच कर रहे हैं। डिप्टी डायरेक्टर जांच के नाम पर कथिततौर पर धन उगाही कर रहे हैं। एजाज के इस शिकायती हलफनामे के साथ कैबिनेट मंत्री को सम्बोधित एक पत्र भी लिखा है। इसमें कहा गया है कि फर्जी पत्र को तैयार कर दो करीबी कर्मचारी मुख्य वक्फ निरीक्षक अफजल फरीद खान तथा अमरेंद्र वर्मा के माध्यम से जांच के नाम पर बलरामपुर के मदरसा प्रबंधकों से भारी धन उगाही के लिए दबाव बनाया। उनसे रुपये न मिलने पर फर्जी मुकदमें में फंसाने की धमकी दी। इसके अलावा वर्तमान में ग्राम्य विकास विभाग में समीक्षा अधिकारी के रूप में सेवा दे रहे सुधीर वर्मा की संदिग्ध भूमिका है। जो पूर्व में अल्पसंख्यक कल्याण विभाग में समीक्षा अधिकारी के रूप में तैनात रहे। शिकायतकर्ता ने इस मामले की गंभीरता से जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

इंजीनियर हत्याकांड में शेखर तिवारी जमानत पर रिहा

उरई, अमृत विचार : इंजीनियर हत्याकांड में सजा पाए बसपा के दिबियापुर क्षेत्र से विधायक रहे शेखर तिवारी की शनिवार को जालौन के जिला कारागार से शनिवार को रिहाई हुई। वह इंजीनियर हत्याकांड में जेल में बंद थे। बसपा शासनकाल के दौरान दिबियापुर के एक सरकारी गेस्ट हाउस में अधिशासी अभियंता मनोज गुप्ता की 2008 में पीट-पीट कर हत्या कर देने के मामले में उन्हें अदालत ने उम्रकैद की सजा सुनाई थी। वह जालौन के जिला जेल में सजा काट रहे थे। करीब 15 वर्ष बाद उन्हें इलाहाबाद हाईकोर्ट से जमानत मिल सकी। ज्ञात हो कि इंजीनियर हत्याकांड में साक्ष्य छिपाने के आरोप में दिबियापुर नगर पालिका की पूर्व अध्यक्ष व शेखर तिवारी की पत्नी विभा तिवारी को भी चार साल साल की सजा सुनाई गई थी। इंजीनियर हत्याकांड की रिपोर्ट दिबियापुर थाने में दर्ज हुई था।

कक्षा 9 से 12 तक समय से मिलेंगी सस्ती किताबें

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार : माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित हाईस्कूल व इंटर के विद्यालयों में में पढ़ने वाले बच्चों को समय से एनीसीईआरटी की किताबें सस्ती दरों पर मिल सके इसके लिए विभाग ने अभी से तैयारी शुरू कर दी है। बोर्ड परीक्षा समाप्त होते ही सस्ती दरों पर किताबें मुहैया कराने वाले प्रकाशकों के साथ अधिकारियों की बैठक आयोजित की जायेगी। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि नया सत्र शुरू होने के बाद बच्चों की पढ़ाई बधित न हो और बाहर से मंहगी किताबें न खरीदने पड़े इसके लिए विभाग ने अभी से अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। बोर्ड परीक्षा की बैठक के बाद उन प्रकाशकों की सूची भी फाइनल होगी जो सस्ती दरो में किताबें मुहैया करायेंगे। विभाग की ओर से इन प्रकाशकों की सूची जारी की जायेगी। सूची जारी होने के बाद जिले स्तर पर पाठ्य पुस्तक विक्रेताओं की अधिकृत दुकान का भी पता दिया जायेगा। इन दुकानों पर निधारित दरों पर किताबें बच्चों को मिल सकेंगी। इसी के साथ ही कोई दुकानदार मंहगी दामों में किताबें बेचने का प्रयास करता हे तो उसके खिलाफ कार्रवाई भी भी जायेगी। बता दें कि यूपी बोर्ड में हर साल कक्षा 9 से लेकर 12 तक 1 करोड़ से अधिक बच्चे रेगुलर पढ़ाई करते हैं। इसमें निजी और सरकारी दोनो ही विद्यालयों के बच्चें शामिल हैं।

हर साल सस्ती किताबों में देरी के चलते निजी प्रकाशकों को फायदा : माध्यमिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों के लिए हर साल देरी से सस्ती दरों पर किताबें मिलती थी। कई बार ऐसा होता था कि सत्र अप्रैल में ही शुरू हो जाता है और किताबें अगस्त सितंबर तक आ पाती थी।

वर्ग पहेली-353



बाएं से दाएं

1. शुक्रवार।
2. 1. जो योनि से उत्पन्न न हुआ हो, जो गर्भ से पैदा न हुआ हो, अजन्मा 2. नित्य।
5. वायुमंडल के जल के हिम बनने के कारण बरफ़ का धरती पर गिरना, ओले गिरना, पाले का पड़ना।
7. 1. दुर्गा, पार्वती 2. तांत्रिकों के अनुसार एक देवी 3. चामुंडा नामक देवी 4. संगीत में एक रागिनी।, भैरव संबंधी।
8. 1. कली का फूल के रूप में विकसित होना 2. भला या सुंदर लगना, फबना 3. भूनने पर चावल का फूल या फट जाना (खील या मुरमुरा बनना) 4. किसी सुखद समाचार से प्रसन्न होना।

ऊपर से नीचे

1. 1. पलाश की लकड़ी का बना हुआ एक प्रकार का अर्धचंद्राकार यज्ञ-पात्र 2. पूर्व दिशा।
2. 1. निरंतर या बिना रुके चलने वाला पाठ 2. अनुष्ठानपूर्वक चलने वाला चौबीस घंटे का पाठ।
3. 1. जिसमें किसी के प्रति दया या प्रेम न हो 2. निष्ठुर, निर्दय।
4. 1. एक विश्वप्रसिद्ध हीरा जो भारत की मुगल सल्तनत से नादिरशाह के पास गया और अब ब्रिटिश सम्राट के ताज में जड़ा है, कोहेनूर, कोहिनूर 2. आभा या रोशनी का पर्वत।
6. 1. आंख की पलकों का बंद होना, समाप्त होना 2. बंद होना 3. तिरोहित होना, छिपना।

वर्ग पहेली - 352 का हल

	1 नी		2 दा			3 नो
4 त	र	हे	ल			ब
	स		द			त
	ता		लि			ख़ा
		5 भ	या	व	ना	
6 डं	ब	र				
		7 म	न	मै	ला	

देश के एक लाख स्थानों पर होगा विहिप के संगठन का विस्तार : परांडे

अयोध्या कार्यालय

● बैठक में होगी जनसंख्या असंतुलन समेत लव जिहाद, घुसपैठ और अवैध धर्मान्तरण पर गहन चर्चा

अमृत विचार : विश्व हिन्दू परिषद के अतंरराष्ट्रीय महामंत्री मिलिंद परांडे ने शनिवार को यहां कहा कि विहिप अपने षष्ठी पूर्ति वर्ष के अंतर्गत देश के एक लाख स्थानों पर संगठन को विस्तार देगी। इसके अलावा कारसेवकपुरम् में विहिप प्रन्यासी मंडल की बैठक में हिंदू समाज को संगठित करने तथा देश में चल रहे जनसंख्या असंतुलन, लव जिहाद, विदेशी मुस्लिम घुसपैठ, गुपचुप तरीके से ईसाई मिश्नरियों द्वारा चलाये जा रहे अवैध धर्मांतरण जैसे गंभीर विषयों पर चिंतन करेगी।

वो श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण कार्यशाला में आयोजित पत्रकार वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा विहिप की यह प्रन्यासी मंडल की बैठक विलंब से और श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में विराजमान श्रीराम लला के प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम के उपरांत होने जा रही है। उन्होंने कहा प्रत्येक वर्षों की भांति ही इस वर्ष भी विश्व हिंदू परिषद सहित उसके अनुसांगिक संगठनों बजरंग दल, दुर्गावाहिनी और मातृशक्ति के प्रशिक्षण वर्गों का आयोजन भी होगा। कहा कि सीएए कानून का लाभ पाकिस्तान अफगानिस्तान और बांग्लादेश से आये हुये निर्वासित हिन्दू, जैन, बौद्ध सिक्ख समाज के लोगों को भारत की नागरिकता दिलाने के लिये विहिप पूरी निष्ठा के साथ आगे रहेगी। बैठक में विश्व हिन्दू परिषद के केंद्रीय अध्यक्ष आरएन सिंह (पद्मश्री), कार्याध्यक्ष व वरिष्ठ अधिवक्ता आलोक कुमार और विश्व हिन्दू परिषद के उपाध्यक्ष चम्पत राय भी मौजूद रहेंगे।

अखिलेश ने पुलिस भर्ती परीक्षा निरस्त होने पर साधा निशाना

हार से बचने को सरकार झुकने पर मजबूर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पुलिस भर्ती परीक्षा निरस्त किए जाने के मामले को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा है। अखिलेश ने कहा कि सरकार की नौकरी देने की नियत ही नहीं थी। सुरक्षा का दावा करने वाली सरकार इतनी लापरवाह निकली जिसकी वजह से पेपर लीक हुआ है। अगर इनकी नियत साफ होती तो, जिस समय पहला पेपर लीक हुआ था उसी समय सख्ती से कार्रवाई होती तो, इस तरह आज करोड़ों परिवार प्रभावित न होता।

सपा मुखिया अखिलेश यादव ने पुलिस भर्ती परीक्षा निरस्त किए जाने को लेकर एक्स पर पोस्ट किया है। यूपी पुलिस आरक्षी परीक्षा का निरस्त होना युवाओं की जीत है और भाजपा सरकार के प्रपंचों की हार। पहले तो भाजपाई कह रहे थे पेपर लीक ही नहीं हुए तो अब कैसे मान लिया। इसका मतलब अधिकारी और अपराधी मिले हुए थे और सरकार भी पीछे से अपना हाथ उनके सिर पर रखे हुई थी लेकिन तमाम सबूतों के आगे चुनाव में ऐतिहासिक हार से बचने के लिए सरकार झुकने पर मजबूर हुई है। भाजपा सरकार नौकरियों के नाम पर जो खेल बेरोजगार युवक-युवतियों से खेल रही है, उसका सच अब सब समझने लगे हैं। दिखावे के लिए नौकरियां निकालना, अरबों रुपये की फीस ले लेना, पेपर लीक होने देना फिर निरस्त करने का नाटक करना..., ये खेल भाजपा को इस बार बहुत महंगा पड़ेगा। इस बार युवाओं ने ठान लिया है कि न बहकावे में आएंगे न किसी भाजपाई झांसे में। युवा अगले हर चुनाव में भाजपा को बुरी तरह हराएंगे और हमेशा के लिए हटाएंगे।

नकल माफिया को संरक्षण का परिणाम: कांग्रेस

लखनऊ, अमृत विचार : प्रदेश कांग्रेस ने प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा पेपर लीक होने पर राज्य सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि यह प्रदेश सरकार का नकल माफिया को संरक्षण का परिणाम है।पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने कहा कि हर बार की तरह इस बार भी प्रदेश में भर्ती परीक्षा का पेपर लीक हुआ और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सिर्फ मंचों से भाषणों में नकल को रोकने की बात करते रहे। प्रदेश के 50 लाख परिवारों ने अपने पेट काट-काट कर अपने बच्चों को परीक्षा की तैयारी कराई, अपनी आजीविका से पैसे बचाकर कोचिंग कराई, नौजवान सुबह चार बजे उठकर दौड़ लगा रहे थे कि उनको नौकरी मिलेगी, लेकिन प्रदेश सरकार ने नौकरी देने के बजाय प्रदेश में नकल माफिया के राज को बढ़ावा दिया, इसीलिए प्रदेश में अधिकांश भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक हो गए।

सुडोकू-70

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		8			7	3	1	
			1				5	
6		1				4		
	1		5		3		8	4
	8						3	
7			2		4			
		4				5		2
	5				6			
		3	9			1		

सुडोकू - 69 का हल

9	1	5	6	8	4	7	2	3
4	3	2	7	1	5	8	9	6
7	8	6	2	9	3	4	1	5
8	5	3	1	2	6	9	4	7
6	4	1	9	5	7	3	8	2
2	9	7	3	4	8	5	6	1
3	2	4	5	6	9	1	7	8
5	6	9	8	7	1	2	3	4
1	7	8	4	3	2	6	5	9

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 25 फरवरी, रविवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष,तिथि-प्रतिपदा 20.35 तक तत्पश्चात द्वितीया।

आज का पंचांग



दिशाशूल- पश्चिम। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाफाल्गुनी 26 फरवरी 01.24 तक तत्पश्चात उत्तरा फाल्गुनी।

मेष आज नई योजनाओं के विषय में मित्रों से चर्चा करेंगे। आलस्य और प्रमाद से आपको बचना चाहिए। किसी भी चलते कार्य को अधूरा छोड़ने की प्रवृत्ति से बचें। व्यवसाय में लाभ की स्थितियां बढ़ेंगी। आज आपको परिवार के साथ समय अवश्य व्यतीत करना चाहिए।

वृष आज पैतृक संपत्ति के विवादों को लेकर आज शान्ति बनाए रखें। मन में कुछ नकारात्मक विचार जन्म लेंगे। आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में कमी आ सकती है। हृदय रोगियों को तनाव से बचना चाहिए। सिर्फ अपने काम पर ध्यान रखें।

मिथुन आज व्यापार में नए अनुबंध हो सकते हैं। घर का वातावरण काफी अच्छा रहने वाला है। धार्मिक कार्यों में आपका मन लगेगा। कारोबार को लेकर की गई यात्राओं से काफी अच्छा लाभ मिलेगा। आप अपने खर्चों पर नियंत्रण पाने का प्रयास करेंगे।

कर्क आज धन के अभाव के कारण जो काम रुके थे, वे शुरू हो सकते हैं। रचनात्मक कार्यों में आप काफी सक्रिय रहेंगे। कानूनी विवादों का समाधान निकल सकता है। परिवार की जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वाह करें। प्रेम संबंधों में आ रही गलतफहमियां दूर होंगी।

सिंह आज आपके मन में परोपकार की भावना रहेगी। आकस्मिक धन लाभ होने की संभावना बन रही है। व्यावसायिक परेशानियों का निपटारा होगा। साझेदारी में नया काम शुरू कर सकते हैं। मेडिकल संबंधी कार्यों से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है।

कन्या आज संतान के व्यवहार के कारण मन दुखी हो सकता है। जल्दबाजी में आपको निर्णय लेने से बचना चाहिए। समाज में सम्मानित लोगों को अपनी प्रतिष्ठा को लेकर कुछ समस्या हो सकती है। आलस्य के कारण आपके प्रदर्शन में कमी आयेगी।

तुला आज अपने विचारों में स्पष्टता रखें। व्यापार में नए साझेदार जुड़ सकते हैं। अविवाहित लोगों का विवाह तय हो सकता है। कड़ी मेहनत का सार्थक परिणाम प्राप्त होगा। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है।

वृश्चिक आज व्यवसाय में कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा। संतान पर अनावश्यक दबाव न बनाएं। धन के लेन-देन को लेकर समझदारी रखें। आज आप कारोबारी यात्रा पर जा सकते हैं। अविवाहित लोगों के विवाह को लेकर संभावना बन सकती है।

धनु आज समाज के उच्च वर्ग के लोगों से आपका मेल-मिलाप बढ़ेगा। आपकी दिनचर्या संयमित रहेगी। परिजनों का व्यवहार आपके प्रति कुछ रूखा सा हो सकता है। बच्चे पढ़ाई में काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। आज आपको उधार लेने से बचना चाहिए।

मकर आज स्वार्थवश काम करने के कारण आपकी आलोचना हो सकती है। किसी की भावनाओं का तिरस्कार न करें। यदि तनाव आपकी कार्यक्षमता को प्रभावित कर रहा है, तो मोटिवेशनल वीडियोज़ से आपको काफी सहायता मिल सकती है।

कुंभ आज अजनबी लोगों पर ज्यादा विश्वास करना हानिकर हो सकता है। लड़कियों के विवाह को लेकर आ रही अड़चनें दूर होंगी। मनोरञ्जन के लिए वेबसीरीज़ और सिनेमा का आनंद उठायेंगे। उच्च अधिकारी आपकी प्रशंसा करेंगे।

मीन आज उतावले व्यवहार से आपको बचना चाहिए। जॉब में आपका वर्चस्व काफी अच्छा रहेगा। योजनाबद्ध तरीके से किए गए कार्यों में सफलता मिलेगी। दूसरों के उलझे मामलों को आपको सुलझाना पड़ेगा। घरेलू खर्चों को लेकर थोड़ा तनाव उभर सकता है।

आज की फिल्में

विश्वासघात
सुबह : 10.00

अनाड़ी
रात : 07.00

अतरंगी रे
सुबह : 09.53

टाइगर जिंदा है
रात : 10.06

होटल ट्रांसिल्वेनिया 2
सुबह : 11.13

द मैन फ्रॉम टोरंटो
रात : 09.00

जजमेंटल है क्या
सुबह : 10.30

मदारी
रात : 07.30

छलांग
सुबह : 10.29

दृश्यम 2
रात : 09.06

आज की सुपरहिट फिल्म

कलर्स सिनेप्लेक्स पर रात-09.06 बजे

जोक्स ऑफ द डे

बालक अपने पड़ोस में जाता और महिला दरवाजा खोलती है।
महिला- बेटा क्या हुआ?
बालक- आंटी मम्मी ने एक कटोरी चीनी मंगाई है।
महिला (मुस्कुरा कर उसका सिर सहलाते हुए कहती है) -"अच्छा और क्या कहा है तेरी मम्मी ने ?
बालक-कहा है कि अगर वो डायन न दे तो सामने वाली चुड़ैल से ले आना।

पत्नी-मैं रोज पूजा करती हूं काश एक दिन श्रीकृष्ण के दर्शन हो जाए।
पति- एक बार मीराबाई बन कर जहर पी ले फिर देख श्रीकृष्ण तो क्या तूझे सारे भगवान नजर आ जाएंगे।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 985 फ्लैग 1095 डीएमओ 865 बोल्ड 1130, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1120 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन : तुलसी 1835, राज श्री 1335, फ़ॉर्चून कि. 1710, रविन्द्रा 1750, फॉर्चुन ली0 1555, जय जवान 1405, सचिन 1455, सूरज 1430, अवसर 1560, राग गोल्ड 1535, गृहणी 1445, क्लासिक (किलो) 1655, मोर 1550, चक्र टिन 1650, ब्लू 1555, आशीर्वाद मस्टर्ड 1660, स्वास्तिक 1805। किराना-(प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 14700, जीरा 41000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-10000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 15000-20000, सोंठ 41500, (प्रतिकि0) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950। चावल-(प्रति कु0)डबल चाबी सेला 10300, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4650, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7450, हरी पत्ती (1 किलो,5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 8000, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4350। दाल दलहन- मूंग दाल इंदौर 10800, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 6850-7700, मलका छांटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 10000-10800, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-11900, दाल चना 7250, लाल हिंदुस्तान 7450।

प्रधानमंत्री मोदी ने लॉन्च की दुनिया की सबसे बड़ी खाद्यान्न भंडारण योजना

नई दिल्ली, एजेंसी

● योजना के तहत 1.25 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को 11 राज्यों में प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) में अनाज भंडारण के लिए 11 गोदामों का उद्घाटन किया। ये गोदाम सहकारी क्षेत्र में सरकार की दुनिया की सबसे बड़ी अनाज भंडारण योजना का हिस्सा हैं। इस योजना में 1.25 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश शामिल है।

मोदी ने गोदामों और अन्य कृषि बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए देश भर में अतिरिक्त 500 पैक्स की आधारशिला भी रखी। इन पहलों का मकसद नाबार्ड और राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) की मदद से पैक्स गोदामों को खाद्यान्न आपूर्ति श्रृंखला के साथ निर्बाध रूप से जोड़ना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सहकारी क्षेत्र एक लचीली अर्थव्यवस्था को आकार देने और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को गति देने में सहायक है। उन्होंने कहा, 'आज हमने किसानों के लिए दुनिया की सबसे बड़ी भंडारण योजना शुरू की है। इसके तहत देश भर में हजारों वेयरहाउस और गोदाम बनाए जाएंगे।' उन्होंने कहा कि इसके तहत 700 लाख टन भंडारण क्षमता बनाई जाएगी।

मोदी ने सहकारी क्षेत्र से आग्रह किया कि वे खाद्य तेलों व उर्वरकों सहित कृषि उत्पादों के लिए आयात निर्भरता कम करने में मदद करें। उन्होंने अफसोस जताया कि देश में भंडारण बुनियादी ढांचे की कमी के कारण किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा, 'पिछली सरकारों ने इस समस्या पर कभी ध्यान नहीं दिया, लेकिन आज पैक्स के जरिए इस समस्या का समाधान किया जा रहा है।'

विकसित भारत के लिए विकसित कृषि जरूरी: मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए कृषि क्षेत्र का विकसित और आधुनिक होना आवश्यक है। प्रधानमंत्री ने प्रगति मैदान के भारत मंडपम में सहकारिता मंत्रालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, "कृषि प्रणालियों का आधुनिकीकरण भी विकसित भारत के निर्माण के लिए बराबरी का महत्व रखता है।" उन्होंने कहाकि कृषि और खेती-बाड़ी की नींव को मजबूत करने में सहकारिता व सहयोग की शक्ति की बहुत बड़ी भूमिका है। इसीलिए उनकी सरकार ने सहकारिता के लिए एक अलग मंत्रालय बन गया है।

अब भी सीईओ हूं, बर्खास्तगी की खबर अफवाह: रविंद्रन

नई दिल्ली। संकट से जूझ रही शिक्षा प्रौद्योगिकी कंपनी बायजू के संस्थापक बायजू रवींद्रन ने कर्मचारियों को एक पत्र लिखकर कहा है कि वह सीईओ बने रहेंगे और प्रबंधन में कोई बदलाव नहीं होगा। निवेशकों द्वारा नेतृत्व परिवर्तन के लिए मतदान करने के एक दिन बाद उन्होंने पत्र में शुक्रवार की ईजीएम को तमाशा करार दिया।

कर्मचारियों के लिए यह पत्र महत्वपूर्ण है, क्योंकि बायजू के शेयरधारकों ने शुक्रवार को शिक्षा प्रौद्योगिकी स्टार्टअप में कथित 'कुप्रबंधन और विफलताओं' के चलते संस्थापक-सीईओ रवींद्रन और उनके परिवार को बोर्ड से हटाने के लिए मतदान किया था। रवींद्रन ने कंपनी संस्थापकों की अनुपस्थिति में की गई वोटिंग को अमान्य और अप्रभावी बताया है।

अडाणी समूह उबर के साथ कर सकता है कारोबारी करार

नई दिल्ली, एजेंसी

● गौतम अडाणी ने उबर के सीईओ से मुलाकात के बाद दिए संकेत

अरबपति गौतम अडाणी ने शनिवार को उबर के सीईओ दारा खोसरोशाही से मुलाकात की, जो इस समय भारत के दौरे पर हैं। इसके साथ ही उन्होंने अपने समूह और उबर के बीच भविष्य में सहयोग की संभावना के संकेत भी दिए। सोशल मीडिया मंच एक्स पर दोनों व्यापारिक नेताओं ने भारत की वृद्धि गाथा और उपमहाद्वीप के लिए उनके नजरिए पर चर्चा की।

अडाणी ने एक्स पर एक पोस्ट पर कहा, 'उबर के सीईओ दारा खोसरोशाही के साथ बेहद दिलचस्प बातचीत हुई। भारत में उबर के विस्तार के लिए उनका दृष्टिकोण वास्तव में प्रेरणादायक है, विशेष रूप से भारतीय ड्राइवरों और उनकी गरिमा बढ़ाने के लिए उनकी प्रतिबद्धता। दारा और उनकी टीम के साथ भविष्य में सहयोग के लिए उत्साहित हूं।' उबर के सीईओ ने कहा कि उन्होंने 'बेहद शानदार बातचीत'' के लिए नाश्ते पर अडाणी समूह के प्रमुख से मुलाकात की। उन्होंने भारत में ईवी रूपांतरण में तेजी लाने के लिए अपनी कंपनी की प्रतिबद्धता का भी जिक्र किया।

अडाणी ने मुलाकात की तस्वीरें भी पोस्ट कीं, लेकिन यह नहीं बताया कि मुलाकात कहां हुई। तस्वीरों से ऐसा लग रहा है कि बैठक अहमदाबाद में हुई थी। दारा ने अडाणी की पोस्ट का जवाब देते हुए लिखा, 'स्वादिष्ट नाश्ते के साथ भारत की अभूतपूर्व वृद्धि और बढ़ती उद्यमशीलता के बारे में गौतम अडाणी के साथ एक बहुत ही शानदार बातचीत हुई।'

सर्राफा

कानपुर	
चांदी 999 (प्रति किलो)	72,300
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	64,000
गिन्नी (प्रति नग)	47,650-47,850
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	64,200
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	64,050
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42,500
चांदी (999)	72,500
चांदी तैयार	72,600
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	64,000
सोना जेवरात गिन्नी	63,000
चांदी पक्की	714 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	64,050
चांदी आभूषण	72,100।

जेमिनी संकेतों का जवाब देने में हमेशा भरोसेमंद नहीं: गूगल

नई दिल्ली, एजेंसी

● प्रधानमंत्री मोदी पर चैटबॉट की प्रतिक्रिया के बाद दी सफाई

सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी गूगल ने कहा है कि उसका एआई चैटबॉट वर्तमान घटनाओं और राजनीतिक विषयों से संबंधित कुछ संकेतों का जवाब देने में हमेशा भरोसेमंद नहीं हो सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर एक सवाल के जवाब में एआई टूल 'जेमिनी' की आपत्तिजनक प्रतिक्रिया और पूर्वाग्रह को लेकर गूगल को आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है।

गूगल ने शनिवार को कहा कि उसने इस मुद्दे का समाधान करने के लिए तेजी से काम किया है। केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने चेतावनी दी थी कि प्रधानमंत्री से जुड़े एक सवाल पर गूगल के एआई टूल जेमिनी की प्रतिक्रिया आईटी नियमों के साथ ही आपराधिक संहिता के कई प्रावधानों का सीधा उल्लंघन है। एक पत्रकार के सत्यापित खाते से लिखा गया था कि मोदी पर एक सवाल के जवाब में गूगल जेमिनी की प्रतिक्रिया पक्षपात से भरी है। इस पर संज्ञान लेते हुए चंद्रशेखर ने यह बात कही। जेमिनी से जब इसी तरह का सवाल ट्रंप या जेलेंस्की के बारे में पूछा गया, तो उसने कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया।

एमईएनए देशों को स्वास्थ्यकर्मी भेजने में केरल सबसे आगे: रिपोर्ट

मुंबई। भारत से पश्चिम एशिया और उत्तरी अफ्रीकी (एमईएनए) देशों को स्वास्थ्यकर्मी भेजने के मामले में केरल सबसे आगे हैं। विशेष रूप से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में ऐसा हैं, जहां पिछले साल मांग 3.3 गुना बढ़ी। नौकरी दिलाने में मदद करने वाले मंच हंटर के आंकड़ों के अनुसार केरल, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश एमईएनए देशों में नर्सों, डॉक्टरों और प्रयोगशाला तकनीशियनों सहित स्वास्थ्यकर्मियों को भेजने के लिहाज से अग्रणी हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि केरल से यूएई को स्वास्थ्यकर्मियों का प्रवासन 2023 में बढ़कर 3.3 गुना हो गया।

भारत एकमात्र अर्थव्यवस्था, जो तेजी से बढ़ रही आगे

मुंबई, एजेंसी

● 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया ने एक कार्यक्रम को किया संबोधित

सोलहवें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया ने शनिवार को कहा कि दुनिया में तूफान लाने के लिए भारत की परिस्थितियां बिल्कुल सही हैं और भारत अब एकमात्र ऐसी अर्थव्यवस्था है, जो मजबूती से आगे बढ़ रही है।

डॉ. पनगढ़िया ने यहां एक निजी टेलीविजन चैनल के आइडियाज ऑफ इंडिया समिट 3.0 में 'द इकोनॉमिक व्हिस्परर: हाउ टू फ्यूल ग्रोथ विद जॉब्स' विषय पर अपने विचार साझा करते हुये भारत और नए भारत के बारे कहा, "1980 के दशक में मैं भारत को लेकर बहुत निराशावादी हुआ करता था। 1991 में हालात बदल गए। रुझान उदारीकरण की ओर हो गया। यदि हम कोविड काल को हटा दें, तो पिछले 20 वर्षों में वास्तविक डॉलर में लगभग 8.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जिसकी हम 1980 के दशक में कल्पना भी नहीं कर सकते थे।' उन्होंने कहा कि बेरोजगारी वास्तव में भारत के लिए कोई समस्या नहीं है। अल्परोजगार है, चुनौती अच्छी तनख्वाह वाली, उच्च उत्पादकता वाली नौकरियां पैदा करने की है। जनसंख्या बड़ी है और जनसंख्या युवा है। यह हमारी मदद करेगा। हमारे पास उस तरह का निर्भरता अनुपात नहीं है, जैसा चीन के पास है।

डॉ. पनगढ़िया ने कहा, "हम एक श्रम प्रचुर देश और पूंजी की कमी वाला देश हैं। हमने अपनी अधिकांश पूंजी कुछ चुनिंदा पूंजी-गहन क्षेत्रों में लगाई है। बहुत सारे कर्मचारी कृषि और एमएसएमई जैसे क्षेत्रों में काम कर रहे हैं, जिनमें बहुत कम पूंजी है।"

राष्ट्रीय

मंदिरों पर टैक्स लगाने का विधेयक विधान परिषद में गिरा

कर्नाटक में सत्तारूढ़ कांग्रेस को झटका, विपक्षी भाजपा-जद (एस) गठबंधन ने विरोध में किया मतदान

बेंगलुरु, एजेंसी

कर्नाटक में 10 लाख से अधिक वार्षिक आय वाले मंदिरों से कोष एकत्र करने संबंधी कांग्रेस सरकार का एक विधेयक विधान परिषद में विपक्षी भाजपा-जद (एस) गठबंधन के चलते गिर गया।

कर्नाटक हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती (संशोधन) विधेयक 2024 को इस सप्ताह की शुरुआत में विधानसभा से मंजूरी मिल गई थी। शुक्रवार को उच्च सदन में ध्वनिमत से विधेयक गिर गया, जहां विपक्षी दलों के पास बहुमत है।

विधेयक में 10 लाख रुपये से एक करोड़ रुपये के बीच वार्षिक आय वाले मंदिरों से पांच प्रतिशत और एक करोड़ रुपये से अधिक आय वाले मंदिरों से 10 प्रतिशत राशि एकत्रित करने का प्रस्ताव है। विधेयक में कहा गया है कि एकत्रित धन को 'राज्य धार्मिक परिषद' द्वारा प्रशासित एक साझा कोष में डाला जाएगा, जिसका उपयोग पांच लाख से कम आय वाले 'सी' श्रेणी के मंदिरों (राज्य नियंत्रित) के अर्चकों (पुजारियों) के कल्याण के लिए किया जाएगा।

विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष कोटा श्रीनिवास पुजारी ने पुजारियों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के कदम का स्वागत किया। हालांकि मंदिरों द्वारा अर्जित राजस्व के दुरुपयोग का विरोध किया। उन्होंने सवाल किया कि सरकार उनके कल्याण के लिए बजट के तहत धन क्यों नहीं दे सकती। विपक्ष ने विधेयक में मंदिर समिति के अध्यक्ष को सरकार द्वारा मनोनीत करने के प्रस्ताव का भी विरोध किया। 'मुजराई' मंत्री रामलिंगा रेड्डी ने विपक्ष को समझाने की कोशिश करते हुए सदन को आश्वासन दिया कि सरकार मंदिर समिति के अध्यक्ष के मनोनयन में हस्तक्षेप नहीं करेगी और मंदिरों से साझा कोष में दी जाने वाली प्रस्तावित राशि को भी कम करेगी।

विपक्ष ने विधेयक पारित करने से पहले इसमें संशोधन किए जाने पर जोर दिया, जिसको देखते हुए रेड्डी ने सोमवार तक का समय मांगा और कहा कि उन्हें मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के साथ इस पर चर्चा करने की जरूरत है, क्योंकि इसमें वित्तीय निहितार्थ शामिल हैं।

हालांकि, सभापति के रूप में मौजूद उप सभापति एमके प्रणेश ने सोमवार तक का समय न देते हुए कहा कि ऐसा कोई प्रावधान नहीं है, क्योंकि सदन पहले ही विधेयक पर विचार कर चुका है। इसके बाद विधेयक पर मतदान हुआ और यह विपक्षी भाजपा-जद(एस) गठबंधन के संख्या बल की वजह से गिर गया। भाजपा ने इस विधेयक के बाद कांग्रेस पर हिंदू विरोधी होने के आरोप लगाए हैं, जबकि इन आरोपों को खारिज करते हुए कांग्रेस ने कहा है कि यह एक्ट पहली बार 2003 में ही लाया गया था। वहीं राज्य के स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडू राव ने कहा है कि भाजपा इस बारे में भ्रांति फैला रही है।

विधान परिषद में राजग का संख्या बल ज्यादा

कर्नाटक विधान परिषद में राजग यानी भाजपा के गठबंधन के पास सत्ताधारी कांग्रेस से अधिक संख्या बल है। कांग्रेस के 30 एमएलसी हैं, जबकि भाजपा के 35 एमएलसी हैं। इसके अलावा 8 एमलसी भाजपा की गठबंधन सहयोगी जेडीएस के हैं। कर्नाटक में लाए जा रहे 'कर्नाटक हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती संशोधन विधेयक 2024' कानून के तहत सरकार सालाना एक करोड़ से अधिक आय वाले मंदिरों से आय पर दस प्रतिशत टैक्स ले सकेगी, जबकि दस लाख से एक करोड़ तक की आय वाले मंदिरों से 5 प्रतिशत टैक्स लिया जा सकेगा।

शरद पवार ने अपनी पार्टी के चुनाव चिह्न का किया अनावरण

मुंबई। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के संस्थापक शरद पवार ने अपने नेतृत्व वाले पार्टी के गुट के चुनाव चिह्न 'तुरहा (पारंपरिक तुरही) बजाते हुए आदमी' का शनिवार को अनावरण किया और इसे लोगों के कल्याण के लिए एक नया संघर्ष शुरू करने और उनके उत्थान के वास्ते काम करने वाली सरकार बनाने के लिए प्रेरणा बताया।

अजित पवार और आठ अन्य विधायकों के पिछले वर्ष जुलाई में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार में शामिल हो जाने के बाद शरद पवार नीत राकांपा विभाजित हो गई थी। बाद में निर्वाचन आयोग ने उपमुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट को असल राकांपा घोषित किया था और उसे पार्टी का चिह्न 'घड़ी' आवंटित किया था।

भ्रष्टाचार छिपाने को आप ने कांग्रेस के सामने टेके घुटने

नई दिल्ली, एजेंसी

● भाजपा ने दोनों पार्टियों के गठजोड़ को भ्रष्टाचारियों का गठबंधन बताया

भाजपा ने कांग्रेस-आप गठजोड़ की आलोचना करते हुए शनिवार को इसे भ्रष्टाचारियों का गठबंधन करार दिया और कहा कि आप ने भ्रष्टाचार छिपाने के लिए कांग्रेस के सामने घुटने टेक दिए। यह (गठजोड़) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का किसी भी तरह से मुकाबला नहीं कर पाएगा।

केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी और भाजपा की दिल्ली इकाई के प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जिन राज्यों में यह गठजोड़ किया गया है चाहे वह गुजरात, हरियाणा, चंडीगढ़, गोवा या दिल्ली हो, भाजपा को 2019 के लोकसभा चुनावों में 50 प्रतिशत से अधिक वोट मिले थे। लेखी ने अतीत में कांग्रेस के खिलाफ आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं द्वारा लगाए गए भ्रष्टाचार के कई आरोपों का हवाला देते हुए कहा कि यह भ्रष्ट गठबंधन उन लोगों के खिलाफ सफल नहीं होगा, जो जनता की सेवा करने के लिए जाने जाते हैं। लेखी ने कहा कि केजरीवाल न केवल 2004-14 के दौरान केंद्र में कांग्रेस के नेतृत्व वाली संप्रग सरकार के अधिकांश मंत्रियों पर भ्रष्ट होने का आरोप लगाते थे, बल्कि उन्होंने दिवंगत राजीव गांधी से भारत रत्न सम्मान वापस लेने की भी मांग की थी।

एक नजर

तमिलनाडु में कांग्रेस की विधायक विजयधरानी भाजपा में शामिल

नई दिल्ली। तमिलनाडु में लगातार तीन बार से विधायक कांग्रेस की नेता एस. विजयधरानी शनिवार को भाजपा में शामिल हो गईं और कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का नेतृत्व देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। विजयधरानी के भाजपा में शामिल होने को पार्टी के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि वह राज्य में अपना जनाधार बनाने के लिए संघर्ष कर रही है। विजयधरानी कन्याकुमारी लोकसभा क्षेत्र की विलावनकोड सीट से विधायक हैं। भाजपा कन्याकुमारी से अतीत में लोकसभा चुनाव जीत चुकी हैं।

पहलवान से दुष्कर्म के आरोप में कोच गिरफ्तार

जींद। जिले में नाबालिग कुश्ती पहलवान के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में एक कोच को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान सुनील के तौर पर हुई है। उन्होंने बताया कि पीड़िता ने 22 फरवरी को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि खेल अकादमी में कोच सुनील के पास कुश्ती का अभ्यास करती थी। गत 7 व 8 फरवरी को कोच उसे गांव मिर्चपुर में आयोजित प्रतियोगिता में ले गया। उसने 8 फरवरी को वापसी के दौरान कोच ने गाड़ी में उससे दुष्कर्म किया।

प्रधानमंत्री 27 फरवरी को केरल की यात्रा पर आएंगे

तिरुवनंतपुरम। लोकसभा चुनाव से पहले केरल में राजनीतिक पैठ मजबूत करने की भाजपा की कोशिशों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 27 फरवरी को राज्य की यात्रा पर आ रहे हैं। यह इस साल राज्य की उनकी तीसरी यात्रा है। मोदी आधिकारिक कार्यक्रम के लिए मंगलवार को केरल राज्य की राजधानी तिरुवनंतपुरम पहुंचेंगे। वह भाजपा की राज्य इकाई द्वारा आयोजित 'पदयात्रा' के समापन समारोह में भाग लेंगे।

बरकती व उसकी पत्नी के खिलाफ चार्जशीट

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर पुलिस की राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने गैरकानूनी गतिविधियों और आतंकवादी वित्तपोषण के एक मामले में सरजन अहमद वागे उर्फ सरजन बरकती, उसकी पत्नी और अब पाकिस्तान में सक्रिय एक आतंकवादी के खिलाफ आरोप पत्र पेश किया। शोपियां के ज़ैनापोरा के निवासी सरजन बरकती और एक प्रमुख क्लर्क पर हिजबुल मुजाहिदीन कमांडर बुरहान वानी के निष्कासन के बाद 2016 की अशांति में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन आयोजित करने का आरोप लगाया गया था। एसआईए की कश्मीर इकाई ने बरकती, उसकी पत्नी शबरोजा बानो और हिजबुल मुजाहिदीन के एक सक्रिय आतंकी अब्दुल हामिद लोन के खिलाफ कुलगाम में विशेष यूएपीए अदालत के समक्ष शुक्रवार को आरोप पत्र पेश किया, जो पाकिस्तान में स्थित है और फरार है।

झारखंड में माओवादियों ने मुखबिरी के शक में एक शख्स की हत्या की

चाईबासा। झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में माओवादियों ने पुलिस का मुखबिर होने के संदेह में 35 वर्षीय एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक, यह घटना टोंटो थाना क्षेत्र के बंदाबेड़ा गांव में शुक्रवार देर रात घटी। पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि जितेन लागुरी नामक व्यक्ति के शुक्रवार शाम को घर लौटने के बाद नक्सलियों का एक समूह उनके घर पर पहुंचा और गोली मारकर उनकी हत्या कर दी।

सिंघू और टीकरी बॉर्डर को खोला जाएगा

नई दिल्ली। किसानों के 'दिल्ली चलो' मार्च के मद्देनजर दिल्ली-हरियाणा सीमा पर सिंघू और टीकरी सीमा मार्गों को करीब दो सप्ताह तक बंद रखने के बाद प्रशासन ने शनिवार को उन्हें आंशिक रूप से खोलने की प्रक्रिया शुरू की। दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि सिंघू सीमा मार्ग के 'सर्विस लेन' और टीकरी सीमा मार्ग के एक लेन को खोला जा रहा है, ताकि वाहनों की आवाजाही हो सके। सिंघू और टीकरी सीमा मार्गों के खुलने से दिल्ली से हरियाणा जाने वाले वालों को बहुत राहत मिलेगी। इन दोनों सीमा मार्गों को 13 फरवरी को सील कर दिया गया था, क्योंकि पंजाब से प्रदर्शनकारी किसानों ने फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी तथा कृषि ऋण माफी समेत अपनी मांगों पर दबाव डालने के लिए अपना 'दिल्ली चलो' मार्च शुरू किया था।

एडीआर ने विश्लेषण के बाद दी जानकारी

राज्यसभा के 36% प्रत्याशियों पर आपराधिक मामले

नई दिल्ली, एजेंसी

राज्यसभा चुनाव के 36 फीसदी उम्मीदवारों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं, जबकि विश्लेषण किए गए उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 127.81 करोड़ रुपये है। चुनाव अधिकारों के लिए काम करने वाली संस्था 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' (एडीआर) ने यह जानकारी दी।

एडीआर और 'नेशनल इलेक्शन वॉच' ने 15 राज्यों की 56 सीटों के लिए मैदान में उतरे 59 उम्मीदवारों में से 58 के हलफनामों का विश्लेषण किया। राज्यसभा चुनाव 27 फरवरी को होंगे। एडीआर के विश्लेषण के अनुसार, भाजपा के 30 उम्मीदवारों में से आठ (27 प्रतिशत), कांग्रेस के नौ उम्मीदवारों में से छह (67 प्रतिशत), तृणमूल कांग्रेस के चार उम्मीदवारों में से एक (25 प्रतिशत), सपा उम्मीदवारों में से एक (33 प्रतिशत), वाईएसआर कांग्रेस के तीन उम्मीदवारों में से एक (33 प्रतिशत) और राजद के दो उम्मीदवारों में से एक (50 प्रतिशत) प्रत्याशी के खिलाफ आपराधिक केस दर्ज है। इसके अलावा इनमें से 17 प्रतिशत उम्मीदवारों पर गंभीर आपराधिक आरोप हैं।

वोटर्स को चुनावी वादों के पूरा होने के बारे में जानने का हक: सीईसी

चेन्नई। मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने शनिवार को कहा कि मतदाताओं को राजनीतिक दलों द्वारा किए गए चुनावी वादों को पूरा करने की व्यवहार्यता के बारे में जानने का अधिकार है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह मामला विचाराधीन है।

कुमार ने कहा कि राजनीतिक दलों को अपने चुनाव घोषणापत्रों में वादे करने का अधिकार है और मतदाताओं को यह जानने का अधिकार है कि क्या ये व्यावहारिक हैं और इन कार्यक्रमों को कैसे वित्त पोषित किया जा सकता है। राजीव कुमार ने कहा कि निर्वाचन आयोग ने पार्टियों को अपने चुनावी वादों को बताने के लिए एक 'प्रारूप' तैयार किया है।

असम में मुस्लिम विवाह अधिनियम खत्म

गुवाहाटी, एजेंसी

● राज्य कैबिनेट ने दी मंजूरी दी, विपक्ष ने सरकार के फैसले को बताया मुस्लिम विरोधी

असम मंत्रिमंडल ने बाल विवाह को समाप्त करने के लिए असम मुस्लिम विवाह और तलाक पंजीकरण अधिनियम, 1935 को रद करने की मंजूरी दे दी है। राज्य के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने 'एक्स' पर लिखा, 'इस अधिनियम में ऐसी स्थिति में भी विवाह पंजीकरण की अनुमति दिए जाने के प्रावधान शामिल हैं, जब वर की आयु 21 वर्ष और वधू की आयु 18 वर्ष न हो, जो कि विवाह के लिए वैध आयु होती है। यह कदम (कानून को निरस्त किया जाना) राज्य में बाल विवाह पर रोक लगाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है।'

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कानून को निरस्त किए जाने पर जिला आयुक्तों और जिला रजिस्ट्रार को इस समय 94 मुस्लिम विवाह रजिस्ट्रार के पास मौजूद 'पंजीकरण रिकॉर्ड को अपने संरक्षण' में लेने के लिए अधिकृत किया जाएगा

यह यूसीसी की ओर पहला कदम: अजमल

गुवाहाटी। एआईयूडीएफ अध्यक्ष बदरुद्दीन अजमल ने शनिवार को दावा किया कि असम मुस्लिम विवाह और तलाक पंजीकरण अधिनियम, 1935 को निरस्त करना समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लाने की दिशा में पहला कदम है, लेकिन यह राज्य में भाजपा सरकार की ताबूत में आखिरी कील साबित होगा। अजमल ने कहा, 'वे मुसलमानों को भड़काने और मतदाताओं को ध्रुवीकृत करने की कोशिश कर रहे हैं।'

मध्य प्रदेश में ट्रक से लहसुन की लूट, 11 बदमाश गिरफ्तार

बड़वानी। जिले के सेंधवा ग्रामीण थाना क्षेत्र में ट्रक से ले जा रहे लहसुन लूटने के मामले में पुलिस ने महाराष्ट्र के 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बड़वानी के पुलिस अधीक्षक पुनीत गहलोद ने लहसुन से भरे ट्रक की डकैती के मामले में अंतर्राज्यीय गैंग के 11 सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है। पुनीत ने बताया कि देर रात आगरा मुंबई हाईवे पर लहसुन से भरे वाहन को 15 हथियार बंद लोगों ने अपना ट्रक अड़ाकर रोका था। इसके बाद कांच तोड़ते हुए उसके ड्राइवर को उतार कर उसके हाथ पैर बांध दिए थे। उसे अपने वाहन में मारपीट करते हुए 2 घंटे तक घुमाते रहे। आरोपियों ने उससे 15 हजार रुपये छीन कर नेशनल हाईवे पर छोड़ दिया था।

खेल डायरी

सुमित नागल को दुबई चैंपियनशिप के मुख्य ड्रा के लिए वाइल्डकार्ड मिला

दुबई, एजेंसी। भारतीय टेनिस स्टार सुमित नागल को एटीपी 500 टूर्नामेंट दुबई चैंपियनशिप के मुख्य ड्रा के लिए वाइल्डकार्ड मिला है। टूर्नामेंट के क्वालीफायर शनिवार को शुरू हो गए और मुख्य ड्रा के मैच सोमवार से आरंभ होंगे। नागल का सामना पहले दौर में इटली के लोरेंजो सोनेगो से होगा, जिनकी मौजूदा विश्व रैंकिंग 49 है। इस 26 साल के भारतीय का यह साल शानदार रहा है, उन्होंने पिछले महीने आस्ट्रेलियाई ओपन के मुख्य ड्रा के लिए क्वालीफाई किया था, जिसमें वह कजाखस्तान के एलेक्जैंडर बुबलिक को हराकर दूसरे दौर में पहुंचे थे। वह 1989 के बाद ग्रैंडस्लैम में वरीय खिलाड़ी को हराने वाले पहले भारतीय बने थे। इस महीने नागल ने करियर की सर्वश्रेष्ठ 98 रैंकिंग हासिल की थी लेकिन पिछले हफ्ते एटीपी चैलेंजर टूर्नामेंट चेन्नई ओपन जीतने के बावजूद 101वें स्थान पर खिसक गये थे। दुबई चैम्पियनशिप में रूस के दानिल मेदवेदेव शीर्ष वरीय हैं।

कैमरन नोरी रियो ओपन के सेमीफाइनल में

रियो डी जनेरियो, एजेंसी। गत चैंपियन कैमरन नोरी ने ब्राजील के थियागो सेबोथ वाइल्ड को तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में पराजित करके रियो ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दूसरी वरीयता प्राप्त नोरी ने वाइल्ड को हराया। सेमी फाइनल में उनका सामना अर्जेंटीना के मरियानो नवोन से होगा जिन्होंने ब्राजील के जोआओ फोंसेका को हराया। इससे पहले अर्जेंटीना के दो खिलाड़ियों ने क्वार्टर फाइनल में जीत दर्ज की और सेमीफाइनल में वह एक दूसरे के आमने-सामने होंगे। चौथी वरीयता प्राप्त फ्रांसिस्को सेरुंडोलो ने सर्बिया के दुसान लाजोविच को हराया। सेमीफाइनल में उनके प्रतिद्वंद्वी सेबेस्टियन बेज़ होंगे, जिन्होंने ब्राजील के थियागो मोंटेइरो को पराजित किया।

कलिंस्काया दुबई ओपन के फाइनल में

दुबई, एजेंसी। क्वालीफायर अन्ना कलिंस्काया ने इगा स्वियातेक को उलटफेर का शिकार बनाकर दुबई ओपन टेनिस चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश किया। कलिंस्काया ने स्वियातेक को सीधे सेटों में पराजित किया। यह एक वर्ष में पहला अवसर है जबकि स्वियातेक को सीधे सेटों में हार का सामना करना पड़ा। कलिंस्काया पहली क्वालीफायर हैं जिन्होंने शीर्ष 10 में शामिल तीन खिलाड़ियों को हराकर दुबई ओपन के फाइनल में प्रवेश किया। इससे पहले उन्होंने येलेना ओस्टापेंको और कोको गाफ को हराया था। कलिंस्काया फाइनल में इटली की विश्व में 26वें नंबर के खिलाड़ी जैसमीन पाओलिनी से भिड़ेगी। पाओलिनी ने सेमीफाइनल में सोराना क्रिस्टिया को हराया।

जेडन शॉ के दो गोल, अमेरिका ने गोल्ड कप में अर्जेंटीना को 4-0 से रौंदा

कार्सन (अमेरिका), एजेंसी। जेडिन शॉ के दो गोल से अमेरिका ने शुक्रवार रात कोनकाकॉफ महिला गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट में अर्जेंटीना को 4-0 से शिकस्त दी। अमेरिका ने पहले 20वें मिनट तक 3-0 से बढ़त बना ली थी। उसके लिए 19 साल की शॉ ने 10वें और 18वें मिनट में गोल दागे जबकि अनुभवी एलेक्स मोर्गन ने 19वें मिनट में हेडर के जरिए तीसरा गोल किया। टीम के लिए अंतिम गोल लिंडसे होरान ने 77वें मिनट में पेनल्टी किक पर दागा। अमेरिका अब ग्रुप चरण के अंतिम मैच में सोमवार को मेक्सिको के सामने होगा, जिसने डोमिनिक गणराज्य को 8-0 से मात दी।

स्पिन में फंसा भारत, बढ़त के करीब इंग्लैंड

चौथे टेस्ट के दूसरे दिन भारत की पहली पारी लड़खड़ाई, 219 रन पर गवांए 7 विकेट

भारत-इंग्लैंड टेस्ट शृंखला

रांची, एजेंसी

शोएब बशीर (84 रन देकर 4 विकेट) और टॉम हार्टली (47 रन देकर 2 विकेट) ने भारतीय बल्लेबाजों को अपने स्पिन में फंसाकर इंग्लैंड को चौथे टेस्ट के दूसरे दिन शनिवार को पहली पारी में बढ़त हासिल करने की तरफ अग्रसर किया। भारत ने इंग्लैंड के पहली पारी के 353 रन के जवाब में दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक 7 विकेट पर 219 रन बनाए।

भारत अभी इंग्लैंड से 134 रन पीछे है। यशस्वी जायसवाल को छोड़कर अन्य बल्लेबाजों को स्पिनरों के लिए सामंजस्य बिठाने में परेशानी हुई। जायसवाल ने 117 गेंद पर 73 रन बनाए, जिसमें 8 चौके और 1 छक्का है। वह 55 रन पर पहुंचते ही 1 टेस्ट शृंखला में 600 या इससे अधिक रन बनाने वाले पांचवें भारतीय बल्लेबाज बने। उन्होंने दो मैच में दोहरे शतक जमाए थे। भारत का स्कोर एक समय 7 विकेट पर 177 रन था, लेकिन इसके बाद विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल (58 गेंद पर नाबाद 30) और कुलदीप यादव (72 गेंद पर नाबाद 17) ने दिन के बाकी बचे 17.4 ओवर में कोई झटका नहीं लगने दिया। दोनों ने आठवें विकेट के लिए 42 रन की साझेदारी की है। भारत ने पहले सत्र में कप्तान रोहित शर्मा (02) तथा दूसरे सत्र में शुभमन गिल (38), रजत पाटीदार (17) और रविंद्र जडेजा (12) के विकेट गंवाए। इंग्लैंड की तरफ से दूसरे सत्र में तीनों विकेट बशीर ने लिए। जायसवाल, सरफराज खान (14) और रविचंद्रन अश्विन (01) तीसरे सत्र में पवेलियन लौटे। इससे पहले इंग्लैंड की पारी का आकर्षण जो रूट का शतक रहा। वह 274 गेंद पर 10 चौकों की मदद से 122 रन बनाकर नाबाद रहे।

उन्होंने ओली रॉबिंसन (96 गेंद पर 58 रन) के साथ आठवें विकेट के लिए 102 रन की साझेदारी की। भारत के जडेजा ने 67 रन देकर 4 विकेट लिए। भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ओवर में ही रोहित का विकेट गंवा दिया। जेम्स एंडरसन की ऑफ स्टंप से बाहर जाती गेंद रोहित के बल्ले का किनारा लेकर विकेटकीपर बेन फॉक्स के दस्तानों में समा गई। जायसवाल ने गिल के साथ दूसरे विकेट के लिए 82 रन की साझेदारी की लेकिन 44 रन के अंदर 3 विकेट गंवाने से भारत फिर बैकफुट पर चला गया।

गिल शुरू में सतर्कता बरतने के बाद जब अपने अंदाज में बल्लेबाजी कर रहे थे तब बशीर की गेंद पर अंपायर ने उन्हें पगबाधा आउट दे दिया। जायसवाल जब 40 रन पर थे तब कप्तान बेन स्टोक्स ने उन्हें जीवनदान दिया। इस बल्लेबाज ने इसके बाद रॉबिंसन के खिलाफ कदमों का अच्छा इस्तेमाल किया और बशीर पर छक्का भी जमाया। पाटीदार फिर से मौके का फायदा उठाने में असफल रहे। वह बशीर की गेंद पर पगबाधा आउट होने से पहले अपनी पारी के दौरान किसी भी समय सहज नहीं दिखे। जडेजा ने हार्टली पर लगातार दो छक्के लगाए लेकिन बशीर ने अगले ओवर में उन्हें ओली पोप के हाथों कैच करा दिया।

बशीर ने जायसवाल को बड़ी पारी नहीं खेलने दी और नीची रहती गेंद पर उन्हें बोल्ड करके भारत को करारा झटका दिया। अपने पदार्पण टेस्ट मैच की दोनों पारियों में अर्धशतक जड़ने वाले सरफराज को भी रन बनाने के लिए संघर्ष करना पड़ा। हार्टली की गेंद पर रूट ने स्लिप में उनका शानदार कैच लिया। हार्टली ने अश्विन को भी ज्यादा देर तक नहीं टिकने दिया। इंग्लैंड ने सुबह अपनी पहली पारी 7 विकेट पर 302 रन से आगे बढ़ाई।

जडेजा ने पहले सत्र में बाकी बचे तीन विकेट लेकर भारत को वापसी दिलाई। रूट के शतक और रॉबिंसन के अपने करियर के पहले अर्धशतक की मदद से इंग्लैंड पहले दिन लंच तक 112 रन पर 5 विकेट गंवाने के बावजूद चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा करने में सफल रहा। इंग्लैंड ने इसके बाद 241 रन जोड़े।

यशस्वी एक टेस्ट शृंखला में 600 से ज्यादा रन बनाने वाले 5वें भारतीय

रांची, एजेंसी

यशस्वी जायसवाल शनिवार को इंग्लैंड के खिलाफ चौथे मैच के दूसरे दिन एक टेस्ट शृंखला में 600 या इससे ज्यादा रन बनाने वाले पांचवें भारतीय बन गए। पिछले साल वेस्टइंडीज दौरे पर पदार्पण करने वाले बाएं हाथ के बल्लेबाज जायसवाल ने मौजूदा 5 मैच की टेस्ट शृंखला में अपनी सातवीं पारी के दौरान यह उपलब्धि अंतिम सत्र में शोएब बशीर पर एक रन लेकर नाबाद 55 रन तक पहुंचने के बाद हासिल की। जायसवाल ने मौजूदा शृंखला के दूसरे और तीसरे टेस्ट में दो दोहरे शतक जमाये हैं। इस तरह 22 साल का यह खिलाड़ी एक टेस्ट शृंखला में 600 से ज्यादा रन बनाने के कारनामे में भारत के महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर, विराट कोहली, राहुल द्रविड़ और दिलीप सरदेसाई के साथ शामिल हो गया। पूर्व भारतीय कप्तान गावस्कर, कोहली और द्रविड़ ने अपने करियर में एक टेस्ट शृंखला में दो बार 600 से ज्यादा रन बनाए। वहीं सरदेसाई ने यह उपलब्धि 1970-71 में वेस्टइंडीज में हुई शृंखला में हासिल की थी। गावस्कर ने 1970-71 की इस शृंखला में ही 4 शतक और तीन अर्धशतकों से 774 रन जुटाकर एक टेस्ट शृंखला में किसी भारतीय बल्लेबाज का सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड बनाया था। गावस्कर ही एकमात्र भारतीय हैं जो एक टेस्ट शृंखला में दो मौकों पर 700 से ज्यादा रन जुटा सके हैं। 'लिटिल मास्टर' ने 1978-79 में वेस्टइंडीज के भारत दौरे पर चार शतक और एक अर्धशतक से छह टेस्ट में 732 रन बनाये थे। एक टेस्ट शृंखला में सर्वाधिक रन बनाने का विश्व रिकॉर्ड आस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज डॉन ब्रैडमैन के नाम है जिन्होंने 1930 में इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट में चार शतकों से 974 रन बनाए थे।

स्कोर बोर्ड

इंग्लैंड (पहली पारी)			353/10 (104.5 ओवर)
खिलाड़ी	रन	गेंद	4/6
जाक क्रॉली बो आकाश दीप	42	42	6/1
बेन डकेट का जुरेल बो आकाश दीप	11	21	1/0
ओली पोप पगबाधा बो आकाश दीप	00	02	0/0
जो रूट नाबाद	122	274	10/0
जॉनी बेयरस्टो पगबाधा बो अश्विन	38	35	4/1
बेन स्टोक्स पगबाधा बो जडेजा	03	06	0/0
बेन फोक्स का जडेजा बो सिराज	47	126	4/1
टॉम हार्टली बो सिराज	13	26	1/1
ओली रॉबिनसन का जुरेल बो जडेजा	58	96	9/1
शोएब बशीर का पाटीदार बो जडेजा	00	02	0/0
जेम्स एंडरसन पगबाधा बो जडेजा	00	04	0/0

अतिरिक्त: 19, **विकेट पतन:** 1-47, 2-47, 3-57, 4-109, 5-112, 6-225, 7-245, 8-347, 9-349, 10-353, **गेंदबाजी:** मोहम्मद सिराज 18-3 -78-2, आकाश दीप 19-0-83-3, रवीन्द्र जड़ेजा 32 .5-7-67-4, रविचंद्रन अश्विन 22-1-83-1, कुलदीप यादव 12-4 -22-0, यशस्वी जायसवाल 1-0 -6-0

भारत (पहली पारी)			219/7 (73 ओवर)
खिलाड़ी	रन	गेंद	4/6
यशस्वी जायसवाल बो बशीर	73	117	8/1
रोहित शर्मा का फोक्स बो एंडरसन	02	09	0/0
शुभमन गिल पगबाधा बो बशीर	38	65	6/0
रजत पाटीदार पगबाधा बो बशीर	17	42	4/0
रविंद्र जडेजा का पोप बो बशीर	12	12	0/2
सरफराज खान का रूट बो हार्टले	14	53	1/0
ध्रुव जुरेल खेल रहे हैं	30	58	2/1
रविचंद्रन अश्विन पगबाधा बो हार्टले	01	13	0/0
कुलदीप यादव खेल रहे हैं	17	72	1/0

अतिरिक्त: 15, **विकेट पतन:** 1-4, 2-86, 3-112, 4-130, 5-161, 6-171, 7-177, **गेंदबाजी:** एंडरसन 12-4-36-1, रोबिन्सन 9-0-39-0, बशीर 32-4-84-4, हार्टले 19-5-47-2, रूट 1-0-1-0

कुक ने 'बैजबॉल' शैली के विपरीत अंदाज में बल्लेबाजी करने के लिए रूट की प्रशंसा की

लंदन, एजेंसी। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान एलिस्टर कुक ने 'बैजबॉल' शैली के विपरीत अंदाज में बल्लेबाजी करने के लिए जो रूट की प्रशंसा की। रूट पहले तीन मैच में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे लेकिन रांची में चल रहे चौथे टेस्ट की पहली पारी में उन्होंने नाबाद 122 रन बनाए, जिससे इंग्लैंड 5 विकेट पर 112 रन के स्कोर से उबरकर 353 रन बनाने में सफल रहा। कुक ने कहा कि जो रूट ने अपने बेसिक्स पर लौटकर बल्लेबाजी की। आप जो रूट जैसे बल्लेबाज से इसी तरह के शॉट की उम्मीद करते हैं। उनके रिवर्स स्कूप को लेकर काफी चर्चा हुई, लेकिन रूट ने यह पारी अपने विशिष्ट अंदाज में खेली। उन्होंने कहा कि यह सामान्य से थोड़ा धीमी पारी थी लेकिन वह अपनी पूरी लय में थे। जब वह लय में होते हैं तो फिर रोहित की तरह उनके लिए बल्लेबाजी करना आसान हो जाता है।

आशा की स्पिन से यूपी चकराया, आरसीबी दो रन से जीता

बेंगलुरु, एजेंसी

विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष (62) और सब्बीनेनी मेघना (53) के अर्धशतकों के बाद शोभना आशा के 5 विकेट से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) महिला टीम ने शनिवार को लीग मैच में यूपी वारियर्स को 2 रन से मात दी। मेघना ने 44 गेंद की पारी के दौरान 7 चौके और 1 छक्का जबकि ऋचा ने 37 गेंद की पारी में 12 चौके मारे। दोनों ने तब चौथे विकेट के लिए 71 रन की सांझेदारी की। टीम ने बल्लेबाजी के न्योते के बाद 7.5 ओवर में 54 रन पर 3 विकेट गंवा दिए थे, जिससे आरसीबी ने 6 विकेट पर 157 रन बनाए। जवाब में यूपी वारियर्स की टीम 20 ओवर में 7 विकेट पर 155 रन ही बना सकी। श्रेयांका पाटिल ने 18वें ओवर में 14 रन लुटाए। इससे अंतिम दो ओवर में यूपी को जीत के लिए 12 गेंद में 16 रन बनाने थे, लेकिन 19वें ओवर में टीम ने एक विकेट गंवा दिया और 5 रन ही बना सकी। अब अंतिम ओवर में 11 रन की दरकार थी और 8 रन ही बन सके। ग्रेस हैरिस (38) शीर्ष स्कोरर रहीं। हैरिस और श्वेता सहरावत (31) ने चौथे विकेट के लिए 77 रन की सांझेदारी की। ये दोनों विकेट गिरते टीम की लय टूट गई। आरसीबी के लिए शोभना ने 22 रन देकर 5 विकेट लिए। सोफी मोलिनूक्स और जॉर्जिया वारेहम ने एक-एक विकेट झटके। मेघना और ऋचा दोनों ने हालात के अनुसार खेल जारी और क्रीज पर जमने के बाद टीम को संकट से निकाला। मेघना को 20 और 22 रन पर जीवनदान मिला। उन्होंने मैदान के चारों ओर शानदार शॉट लगाए। बाएं हाथ की स्पिनर राजेश्वरी गायकवाड़ पर उनका एक्स्ट्रा कवर में लगाया गया छक्का शानदार रहा। मेघना ने 40 गेंद में अर्धशतक बनाया। ऋचा ने साइमा ठाकोर पर 14वें ओवर में 16 रन जड़ दिए और तहलिया मैकग्रा पर चौके से 31 गेंद में पचासे तक पहुंच गईं। राजेश्वरी ने इस भागीदारी का अंत किया। उनकी गेंद पर मेघना को एलिसा हीली ने स्टंप आउट किया। इन दोनों के अलावा कप्तान स्मृति मंधाना (13 रन) ही दोहरे अंक तक पहुंच सकीं। सोफी डेविने और एलिसे पैरी कोई कमाल नहीं कर सकीं।

जीत के लिए संघर्ष

फ्रांस के ल्योन में फ्रांस और जर्मनी के बीच शनिवार को खेले जा रहे नेशंस लीग महिला सेमीफाइनल फुटबॉल मैच के दौरान जर्मनी की मरीना हेगरिंग के साथ गेंद के लिए चुनौती पेश करतीं फ्रांसे की कादि दियातोउ डायनी।

बॉलीवुड हलचल

हर्ष और प्रणव का जय जय राम रिलीज



मुंबई, एजेंसी। भगवान श्रीराम चन्द्र की जय जयकार करता हुआ भजन जय जय राम रिलीज़ हो गया है। भजन जय जय राम प्रणव वत्स ने लिखा है और संगीत कम्पोजिशन हर्ष उपाध्याय ने दिया है। इस भजन का कोरस राहुल चिटनीस, विवेक नाइक, सन्तोष बोटे, और सागर लेले ने गाया है। इस भजन में प्रयुक्त अतिरिक्त पंक्तियों को श्रुति शुक्ला ने कलमबद्ध किया है। वाइब म्यूजिक और एंटरटेनमेंट प्रेजेंट्स हर्ष उपाध्याय और जय मवानी द्वारा निर्मित इस भजन का वोकल सुकृति भारद्वाज और जय मवानी ने डिजाइन किया है। भजन जय जय राम के यूट्यूब के रिलीज टॉपिक चैनल पर सुना जा सकता है।

संजय लीला भंसाली ने मनाया 61वां जन्मदिन

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड के जाने-माने फिल्मकार संजय लीला भंसाली आज 61 वर्ष के हो गए। 24 फरवरी 1963 को मुंबई में जन्में संजय लीला भंसाली ने अपने करियर की शुरुआत विदु विनोद चोपड़ा के सहायक के तौर पर की। भंसाली ने विदु विनोद चोपड़ा की फिल्म परिन्दा, 1942 अ लव स्टोरी और करीब में सहायक निर्देशक के तौर पर काम किया। बतौर स्वतंत्र निर्देशक संजय लीला भंसाली ने अपने करियर की शुरुआत 1996 में प्रदर्शित फिल्म खामोशी से की। इस फिल्म में नाना पाटेकर, सलमान खान और मनीषा कोइराला ने मुख्य भूमिकायें निभायी थी। यूं तो फिल्म टिकट खिड़की पर कोई खास कमाल नही दिखा सकी लेकिन संजय लीला भंसाली ने अपने बेहतरीन निर्देशन के जरिये दर्शकों के साथ हीं समीक्षकों का भी दिल जीत लिया। वर्ष 1999 में प्रदर्शित फिल्म हम दिल दे चुके सनम संजय लीला भंसाली के करियर की पहली सुपरहिट साबित हुयी। इस फिल्म में भी संजय लीला भंसाली ने सलमान खान का चुनाव किया। फिल्म में सलमान खान के अलावा ऐश्वर्या राय और अजय देवगन ने मुख्य भूमिका निभायी थी।

दक्षिण भारतीय फिल्मों में डेब्यू करेंगी जाह्नवी

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री जाह्नवी कपूर दक्षिण भारतीय फिल्मों में डेब्यू को लेकर उत्साहित है। जाह्नवी कपूर एनटीआर जूनियर की मुख्य भूमिका वाली फिल्म 'देवरा : भाग 1' के जरिए दक्षिण भारतीय फिल्मों में डेब्यू करने जा रही है। यह फिल्म कोराताला शिव द्वारा निर्देशित और युवासुधा आर्ट्स और एनटीआर आर्ट्स द्वारा संयुक्त रूप से निर्मित और नंदमुरी कल्याण राम द्वारा प्रस्तुत की गई है। जाह्नवी कपूर फिल्म 'देवरा : भाग 1' के जरिए दक्षिण भारतीय फिल्मों में डेब्यू को लेकर उत्साहित है। जाह्नवी कपूर ने बताया कि उन्हें बहुत खुशी है कि वह इस फिल्म का हिस्सा हैं क्योंकि इस फिल्म के जरिए वह केवल अपनी जड़ों के करीब आ रही हैं और तेलुगु सीख रही हैं।

सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी में नजर आएगी वरुण धवन-जाह्नवी कपूर की जोड़ी

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन और जाह्नवी कपूर की जोड़ी फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी में नजर आएगी। बॉलीवुड फिल्मकार करण जौहर ने अपनी अगली फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी की घोषणा कर दी है। इस फिल्म में वरुण धवन और जाह्नवी कपूर की मुख्य भूमिका होगी।इस फिल्म में वरुण धवन 'सनी संस्कारी' के किरदार में नजर आएंगे। जाह्नवी कपूर फिल्म में 'तुलसी कुमारी' का किरदार अदा करेंगी। फिल्म का टाइटल शेयर करने के साथ ही मेकर्स ने कैप्शन में लिखा, अपनी कुमारी को लेने के लिए संस्कारी आ रहा है। ये लव स्टोरी आपका मनोरंजन करने के लिए जल्द ही स्क्रीन पर आ रही है। यह फिल्म 18 अप्रैल 2025 को रिलीज होगी।

समीर ने दिए कई सुपरहिट फिल्मों में गीत

मुंबई। बॉलीवुड के गीतकार समीर आज 66 वर्ष के हो गये। शीतला पांडेय उर्फ समीर का जन्म 24 फरवरी 1958 को बनारस में हुआ। उनके पिता अंजान फिल्म जगत के मशहूर गीतकार थे। बचपन से ही समीर का रूझान अपने पिता के पेशे की ओर था। वह भी फिल्म इंडस्ट्री में गीतकार बनना चाहते थे लेकिन उनके पिता चाहते थे कि वह अलग क्षेत्र में अपना भविष्य बनायें। समीर ने बनारस हिंदु विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर की पढाई पूरी की। इसके बाद परिवार के जोर देने पर उन्होंने अपने कैरियर की शुरूआत बतौर बैंक ऑफिसर शुरू की। बैंक की नौकरी उनके स्वभाव के अनुकूल नहीं थी। कुछ दिनों के बाद उनका मन इस काम से उचट गया और उन्होंने नौकरी छोड़ दी। अस्सी के दशक में गीतकार बनने का सपना लिये समीर ने मुंबई की ओर रूख कर लिया। लगभग तीन वर्ष तक मुंबई में रहने के बाद वह गीतकार बनने के लिये संघर्ष करने लगे। आश्वासन तो सभी देते रहे लेकिन उन्हें काम करने का अवसर कोई नहीं देता था। अथक परिश्रम करने के बाद 1983 में उन्हें बतौर ..बेखबर ..फिल्म के लिये गीत लिखने का मौका मिला। इस बीच समीर को इंसाफ कौन करेगा, जवाब हम देगें, दो कैदी, रखवाला, महासंग्राम, बीबी हो तो ऐसी, बाप नंबरी बेटा दस नंबरी जैसी कई बड़े बजट की फिल्मों में काम करने का अवसर मिला लेकिन इन फिल्मों की असफलता से वह फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने में नाकामयाब रहे।

पूजा भट्ट ने मनवाया था कभी अपने अभिनय का लोहा

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री -फिल्मकार पूजा भट्ट 42 वर्ष की हो गई। 24 फरवरी 1972 को मुंबई में जन्मी पूजा भट्ट ने बतौर अभिनेत्री अपने कॅरियर की शुरूआत अपने पिता महेश भट्ट के निर्देशन में बनी फिल्म डैडी से की। इस पिल्म में पूजा भट्ट के पिता की भूमिका अनुपम खेर ने निभाई थी। अपनी पहली ही फिल्म के जरिए पूजा भट्ट ने दर्शकों के बीच अपने अभिनय का लोहा मनवा लिया। 1991 में प्रदर्शित फिल्म दिल है कि मानता नहीं पूजा भट्ट के कॅरियर की एक और सुपरहिट फिल्म साबित हुई। महेश भट्ट निर्देशित इस फिल्म में पूजा भट्ट के अपोजिट आमिर खान थे। फिल्म की कहानी हॉलीवुड फिल्म ..इट हैपेंड वन नाईट ..पर आधारित थी। फिल्म में पूजा भट्ट और आमिर खान ने अपने चुलबुले अंदाज से दर्शकों का दिल जीतकर फिल्म को सुपरहिट बना दिया। 1991 में पूजा भट्ट की एक और सुपरहिट पिल्म सड़क प्रदर्शित हुई। महेश भट्ट के निर्देशन में बनी इस फिल्म में पूजा भट्ट की जोड़ी संजय दत्त के साथ काफी पसंद की गई।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने,बरेली,पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

ईडी की कार्रवाई से इतनी बेचैन क्यों तमिलनाडु सरकार: कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

● ईडी के खिलाफ तमिलनाडु सरकार की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने उठाए सवाल

मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय की जांच के खिलाफ मद्रास हाईकोर्ट में याचिका दायर करने पर तमिलनाडु सरकार से सुप्रीम कोर्ट ने सवाल किए है। गौरतलब है कि केंद्रीय जांच एजेंसी ने अवैध रेत खनन मामले की जांच के सिलसिले में वेल्लोर, तिरुचिरापल्ली, करूर, तंजावुर और अरियालुर के जिला कलेक्टरों को तलब किया था।

राज्य सरकार ने अधिकारियों के साथ मद्रास हाईकोर्ट का रुख किया था, जिसने प्रवर्तन निदेशालय द्वारा जारी समन पर रोक लगा दी थी। इसको लेकर जांच एजेंसी ने आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया था। पीठ ने तमिलनाडु सरकार के वकील से पूछा कि राज्य यह रिट याचिका कैसे दायर कर सकता है। किस कानून के तहत। आप हमें बताएं कि राज्य की रुचि कैसे है और वह प्रवर्तन निदेशालय के खिलाफ यह रिट याचिका कैसे दायर कर सकता है।

पीठ ने कहा कि अधिकारियों को ईडी के साथ सहयोग करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से नोटिस जारी तक तीन दिनों के भीतर जवाब मांगा है। कोर्ट ने 26 फरवरी को सुनवाई के लिए यह याचिका सूचीबद्ध करने का आदेश दिया है।

शादी का झांसा देकर बलात्कार के आरोप में अभिनेता गिरफ्तार

दुर्ग। छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में करीबी रिश्तेदार को शादी का झांसा देकर 13 साल से बलात्कार करने के आरोप में पुलिस ने क्षेत्रीय सिनेमा के अभिनेता को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बताया कि छत्तीसगढ़ी फिल्म के अभिनेता मनोज राजपूत को 29 वर्षीय पीड़िता की शिकायत पर गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि पीड़िता ने रेलवे पुलिस थाने में शिकायत की है। पीड़िता ने बताया कि, मनोज 2011 से उसका यौन शोषण कर रहा है। पीड़िता ने शिकायत में कहा- मनोज अब शादी से इनकार कर रहा है। पुलिस ने बताया कि आरोपी पर भारतीय दंड संहिता के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने कहा- आरोपी मनोज को शुक्रवार को गिरफ्तार कर एक स्थानीय अदालत में पेश किया गया।

रूस-यूक्रेन जंग के दो साल पूरे 4 लाख रूसी जवानों ने गंवाई जान

कीव/न्यूयॉर्क। रूस-यूक्रेन युद्ध को दो साल पूरे हो गए। फरवरी 2022 में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की ओर से यूक्रेन में सैन्य अभियान शुरू किए जाने के बाद 40 लाख से ज्यादा यूक्रेनी नागरिकों को देश छोड़ना पड़ा और ये लोग अन्य देशों में रिफ्यूजी के रूप में रह रहे हैं। वहीं, 65 लाख से ज्यादा यूक्रेनी देश में ही विस्थापित हो गए हैं। यूक्रेन के 10 हजार आम नागरिकों की मौत हुई है, जबकि 18,500 लोग घायल हुए हैं। यूक्रेन का दावा है कि रूस के 3.92 लाख सैनिक गंवा चुका है। पुतिन ने फादरलैंड डे के अवसर पर कहा कि रूस के 95% रणनीतिक परमाणु बलों का आधुनिकीकरण किया गया है। रूसी वायुसेना ने हाल ही में 4 नए सुपरसोनिक परमाणु सक्षम बमवर्षकों की डिलीवरी ली है।

यूक्रेन ने रूसी कब्जे वाले 54% क्षेत्र पर वापस कब्जा किया

यूक्रेन ने जवाबी कार्रवाई करते हुए रूस के कब्जे वाले 54% क्षेत्र पर वापस कब्जा हासिल कर लिया है, जबकि 18% हिस्से पर अभी भी रूस का कब्जा है। करीब 4.30 करोड़ की आबादी वाले यूक्रेन के 1.76 करोड़ यूक्रेनी लोगों को राहत सामग्री के भरोसे रह रहे हैं। रूस और यूक्रेन दोनों देश सैनिकों के संकट से जूझ रहे हैं। युक्रेन सरकार ने सेना में भर्ती होने की उम्र घटाने का प्रस्ताव रखा है। कई लोग इसका विरोध कर रहे हैं।

परिवार को गंवाने वाले बच्चे यूएन में रखेंगे दर्द

युद्ध की त्रासदी झेलने वाले 2 बच्चे शनिवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को संबोधित करेंगे। कीरा और इल्या मारियुपूल के हैं। कोरा का कहना है कि जब मैं स्कूल बस का इंतजार कर रही थी, तभी धमाका सुनाई दिया। एक माह तक बेसमेंट में छिपती रही। हमले में उसके पिता की मौत हो गई, लेकिन परिवार को शव ऐसे ही छोड़कर भागना पड़ा। इल्या का कहना है कि उसका घर हमले में टूट गया। उसे रूसी सैनिकों ने पकड़ लिया।

यूक्रेन के 30 हजार से ज्यादा युवा लापता

यूक्रेन में 30 हजार से ज्यादा यूक्रेनी अभी भी लापता है। उनके परिजन को उनकी रिहाई का इंतजार है। इरिना हमेशा फोन पर निगाह रखती है। करीब 19 माह पहले दोनेत्स्क में रूस से लड़ रहे उसके 25 वर्षीय बेटे व्लादिस्लाव से आखिरी बार बात हुई थी। वे कहती हैं कि बेटे की खोज के लिए उन्होंने सभी प्रयास कर लिए लेकिन अभी तक कोई खबर नहीं मिली है। मारियुपूल की एना उसेंको 2022 में युद्ध शुरू होने से पहले बिजनेस टूर के लिए घर से निकली थीं। उनके भाई हर्मन सिकोरस्की का कहना है कि मार्च 2022 के बाद एना से कोई संपर्क नहीं हो पाया है।

एक नजर

हरियाणा: पूर्व कुश्ती कोच को हत्या के जुर्म में सुनाई मौत की सजा

चंडीगढ़। रोहतक की एक अदालत ने फरवरी 2021 में चार वर्षीय लड़के समेत छह लोगों की हत्या के जुर्म में कुश्ती के पूर्व कोच को मौत की सजा सुनाई। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश गगन गीत कौर ने सुखविंदर को विभिन्न धाराओं में दोषी करार देते हुए 1.26 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। पुलिस ने कहा- सोनीपत जिले के बड़ौदा गांव के निवासी सुखविंदर ने 12 फरवरी, 2021 को मनोज मलिक, उनकी पत्नी साक्षी मलिक और बेटे सरताज, कुश्ती कोच सतीश कुमार तथा प्रदीप मलिक और पहलवान पूजा की गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने तब कहा था सुखविंदर ने गुस्से में आकर यह अपराध किया था। कोर्ट ने दोषी करार देते हुए मौत की सजा सुनाई।

मुंबई में अवैध तरीके से रह रहा अफगान नागरिक गिरफ्तार

मुंबई। क्राइम ब्रांच ने वडाला इलाके में अवैध तरीके से रह रहे 38 वर्षीय अफगान नागरिक को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के दौरान उसने स्वीकार किया कि वह अफगान का नागरिक है और 2007 से ही मुंबई में रह रहा है। अफगान नागरिक की पहचान जहीर अली खान के तौर पर की गई है। पुलिस ने उसके पास से अफगान पासपोर्ट, पैनकार्ड और टीकाकरण प्रमाणपत्र जब्त कर लिया है। गिरफ्तार करने के बाद अफगान नागरिक को अदालत के समक्ष पेश किया गया। अदालत ने 26 फरवरी तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है।

कोलंबिया: रोबोट ढूढ़ेगा 18वीं सदी का अरबों का डूबा खजाना

बोगोटा। कोलंबिया ने रोबोट की मदद से 316 साल पुराने सैन जोस गैलियन (नौकायन जहाज) के कैरेबियन सागर में डूबने से खोए हुए हीरा-जवाहरात के खजाने को खोजने की घोषणा की है। कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने कहा-1708 में अंग्रेजों ने डूबा दिया था, उसे वर्ष 2026 से पहले सतह पर लाया जाए। 20 बिलियन डॉलर की कीमत की लूट का माल ले जा रहा स्पेन के गैलियन अगले तीन वर्षों के भीतर कैरेबियन सागर से बरामद किया जाएगा। अरबों रुपये का पन्ना, चांदी और सोने को ले जाने वाला स्पेन का गैलियन 1708 में ब्रिटिश नौसेना के हमले के कारण डूब गया था।

इजराइल को अंतर्राष्ट्रीय कानून में छूट न दें आईसीजे : पाकिस्तान

इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) से आग्रह किया है कि वह इजराइल को पूर्वी यरुशलेम सहित अधिकृत फिलिस्तीनी क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय कानून के उल्लंघन की अनुमति न दे। पाकिस्तान के कार्यवाहक कानून एवं न्याय मंत्री अहमद इरफान असलम ने कहा, इजराइल का फिलीस्तीनी क्षेत्र पर कब्जा अवैध है। उसे इस तरह की कार्रवाइयों से लाभ उठाने की इजाजत देने से न्याय को बनाए रखने में आईसीजे की भूमिका कमजोर हो जाएगी और आईसीजे अपने न्यायिक कार्यों का निर्वहन करने में विफल हो जाएगा।

वैश्विक व्यवस्था में बदलाव से प्रेरित 'क्वाड' में कोई वीटो नहीं कर सकता : जयशंकर

उन्होंने कहा-बहुध्रुवीय व्यवस्था के विकास की सोच को दर्शाता है क्वाड का गठन

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने शनिवार को नई दिल्ली में आयोजित रायसीना डायलॉग कार्यक्रम के दौरान बताया कि आज के समय में क्वाड का गठन बहुध्रुवीय व्यवस्था के विकास और शीत युद्ध के बाद की सोच को दर्शाता है। विदेश मंत्री ने कहा कि 'क्वाड क्यों अहम है? इसका सीधा सा जवाब है कि ये पूरी दुनिया के हित में है। क्वाड का गठन वैश्विक व्यवस्था में बदलाव से प्रेरित है, जो समान विचारधारा वाले देशों के बीच ज्यादा से ज्यादा समन्वय को प्रेरित करता है।

चीन की बढ़ती आक्रामकता पर वैश्विक चिंताओं के बीच जयशंकर ने कहा- क्वाड इस बात की अभिव्यक्ति है कि समान विचारधारा वाले देशों की पसंद पर कोई अन्य वीटो का इस्तेमाल नहीं कर सकता और यह संगठन टिके रहने, विकास करने और वैश्विक समृद्धि में योगदान देने के लिए किया गया है। विदेश मंत्री ने बताया कि 'क्वाड के प्रमुख तौर पर पांच संदेश हैं। जिनमें पहला बहुध्रुवीय व्यवस्था के विकास को दर्शाता है। दूसरा यह शीत युद्ध के बाद की सोच, तीसरा किसी देश पर दबाव बनाने की प्रवृत्ति के खिलाफ, चौथा लोकतंत्रीकरण और सहयोग के दृष्टिकोण को दर्शाने वाला और पांचवां आज कोई भी हमारी पसंद पर मनमर्जी से वीटो नहीं कर सकता। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में चीन ने कई बार भारत के प्रस्ताव पर वीटो किया है। ऐसे में विदेश मंत्री के बयान को चीन से जोड़कर देखा जा रहा है। विदेश मंत्री ने कहा कि क्वाड हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र की चुनौतियों और इसके मुद्दों पर फोकस है।

भारत में महिला सशक्तिकरण से आया बदलाव: एंजेला रेनर

नई दिल्ली। ब्रिटेन की लेबर पार्टी की नेता और डिप्टी पीएम पद की दावेदार एंजेला रेनर भारत की तरक्की से काफी प्रभावित हैं। शनिवार को वे रायसीना डायलॉग सम्मेलन के सत्र में शामिल हुईं। सत्र से अलग मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि भारत ने बीते वर्षों में काफी तरक्की की है और भारत की तरक्की में महिला सशक्तिकरण की अहम भूमिका है। एंजेला रेनर ने कहा कि वह चाहती हैं कि ब्रिटेन और भारत के संबंध मजबूत होने चाहिए और दोनों देशों को व्यापार समझौते पर आगे बढ़ना चाहिए। एंजेला रेनर ने कहा कि 'मैं पहली बार भारत साल 2007 में आई थी और तब से अब तक भारत में काफी बदलाव आ गया है और भारत आज दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। ये दिखाता है कि भारत ने कमाल की प्रगति की है।' रेनर ने कहा कि भारत सरकार ने ऐसी नीतियां बनाई हैं, जिनसे महिलाओं की भूमिका को न सिर्फ समाज में बल्कि अर्थव्यवस्था में भी पहचान मिली है।

रेनर ने कहा कि अगर आपको आर्थिक रूप से मजबूत होना है तो महिलाओं को सशक्त करना होगा। लेबर पार्टी की नेता ने कहा कि ऐसे कानून बनाने की जरूरत हैं, जिससे महिलाओं को बढ़ावा मिल सके और कार्यस्थल, समाज और सत्ता के अन्य पदों पर उनकी सुरक्षा भी हो सके। एंजेला रेनर ने कहा कि हम ब्रिटेन में ऐसा ही कर रहे हैं। हमारे यहां ऐसे कानून हैं, जो महिलाओं को सुरक्षा देते हैं, उन्हें सशक्त करते हैं। हम ये सुनिश्चित भी करते हैं कि ये कानून ठीक से लागू भी हो।

रूस: एक हफ्ते बाद मां को सौंपा विपक्षी नेता नवलनी का शव

मॉस्को। रूस के विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी का पार्थिव शव उनकी मां को सौंप दिया है। नवलनी के एक सहयोगी ने शनिवार को यह जानकारी दी। एलेक्सी नवलनी की मौत के लगभग एक हफ्ते बाद उनका शव परिवार के सुपुर्द किया गया है।

नवलनी के प्रवक्ता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म- एक्स पर जारी एक बयान में कहा कि जेल में बंद नवलनी की मौत विवाद में इसलिए भी है क्योंकि जहर देकर उनकी हत्या की गई थी। शनिवार को जारी बयान के मुताबिक आर्कटिक जेल कॉलोनी में 16 फरवरी को उनकी मृत्यु हुई। नवलनी की मौत के एक सप्ताह से अधिक समय बाद नवलनी की प्रवक्ता किरा यर्मिश ने शनिवार को एक्स पर लिखा, पार्थिव देह मां को सौंप दी गई, इस अभियान में साथ देने के लिए समर्थकों का आभार। खबरों के मुताबिक पिछले हफ्ते रूसी अधिकारियों ने नवलनी की मां-ल्यूडमिला नवलन्या को शव सौंपने से इनकार कर दिया था। समर्थकों के विरोध प्रदर्शन के बाद शव सौंपा है।

यमन में पोत पर ड्रोन से हमला भारतीय नौसेना ने की मदद

नई दिल्ली, एजेंसी

● व्यापारिक पोत के चालक दल का एक सदस्य घायल, बीते दिनों में भारत ने कई हमले किए विफल

व्यापारिक जहाजों पर अदन की खाड़ी में हमले कोई नई बात नहीं है। इजराइल-हमास के बीच जारी जंग से समुद्री लुटेरे अक्सर इन जहाजों को निशाना बना रहे हैं। समुद्र में बढ़ रहे जहाजों पर हमले दुनिया भर के देशों के लिए चिंता का विषय बन गया है। बीते कुछ दिन पहले भारतीय नौसेना ने कई अभियानों के तहत व्यापारिक जहाजों को लुटेरो से बचाया है।

एक बार फिर अदन की खाड़ी में एक संदिग्ध ड्रोन से व्यापारिक जहाज पर हमला किया गया, इस दौरान भारतीय युद्धपोत ने जहाज की मदद की। भारतीय नौसेना लगातार समुद्री लुटेरो के हमलों विफल कर रही है।

भारतीय सैन्य अधिकारियों ने शनिवार को मामले की जानकारी देते हुए कहा कि पलाऊ के झंडे वाले जहाज एमवी आइलैंडर पर गुरुवार को हमला किया गया। इस दौरान जहाज के चालक दल के एक सदस्य को चोटें आईं। उन्होंने कहा कि नौसेना की एक टीम जहाज पर चढ़ गई और वहां मौजूद चालक दल को बचाया। यह ताजा घटना हूती विद्रोहियों द्वारा लाल सागर में कई व्यापारिक जहाजों पर हमलों पर बढ़ती वैश्विक चिंताओं के बीच सामने आई है। उन्होंने बताया कि भारतीय नौसेना की एक चिकित्सा टीम ने एमवी आइलैंडर पर सवार होकर घायल चालक दल के सदस्य को चिकित्सा सहायता दी।

मामले की जानकारी देते हुए अधिकारी ने कहा कि जहाज से एक इमरजेंसी कॉल आया, जिस पर प्रतिक्रिया करते हुए भारतीय नौसेना के बलों ने मालवाहक जहाज को बहादुर से बचा लिया। भारतीय नौसेना के प्रवक्ता कमांडर विवेक मधवाल ने कहा कि भारतीय नौसेना के जहाजों के प्रयास, व्यापारी जहाजों और नाविकों की सुरक्षा के प्रति भारतीय नौसेना की दृढ़ प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं।

फिर बढ़ी ठंड...

शिमला : हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय पर्यटन स्थल मनाली और डलहौजी में शनिवार को ताजा बर्फबारी हुई। लाहौल-स्पीति में फिर बर्फबारी होने से प्रदेश में ठंड बढ़ी है। कुछ जगह पारा माइनस 7 तक नीचे गिर गया। वहीं, बर्फबारी के बाद मौसम खुलते ही मनाली में सैलानियों की खासी भीड़ उमड़ी है। पर्यटन व्यवसाय पूरी तरह से गति पकड़ चुका है। यहां बड़ी संख्या में सैलानी पहुंच रहे हैं। ● एजेंसी

इमरान की पार्टी के नए अध्यक्ष होंगे अली जफर, गौहर को हटाया

इस्लामाबाद। बैरिस्टर गौहर अली खान को खराब प्रदर्शन के कारण इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष पद से हटा दिया गया है। अगले अध्यक्ष पद के उम्मीदवार बैरिस्टर अली जफर हैं और पार्टी के आंतरिक चुनाव तीन मार्च को होंगे।

पीपीपी, पीएमएल-एन और अन्य सहयोगी दलों के नवनिर्वाचित सदस्यों ने शनिवार को विपक्षी दलों के बहिष्कार के बीच सिंध प्रांतीय विधानसभा में शपथ ग्रहण किया। नवनियुक्त विधानसभा अध्यक्ष आगा सिराज दुर्रानी ने समारोह का आयोजन किया था। इसमें इमरान खान की पार्टी और अन्य विपक्षी दलों द्वारा समर्थित विधायक अनुपस्थित थे।

सुनक के खिलाफ बागी तेवर, इस्तीफा देंगे सांसद

● उपचुनाव में हार के बाद पीएम की पार्टी में नेतृत्व बदलने की मांग

लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन में भारतवंशी पीएम ऋषि सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। सरकारी नीतियों के विरोध और भ्रष्टाचार के मामलों के कारण कंजर्वेटिव पार्टी उपचुनावों में लगातार हार की परंपरा तोड़ नहीं पा रही है। हार के चलते कंजर्वेटिव पार्टी में नेतृत्व परिवर्तन की मांग शुरू हो गई है।

कंजर्वेटिव पार्टी के 100 सांसदों ने चुनाव से पहले इस्तीफा देने का फैसला किया है। रिपोर्ट के मुताबिक सांसदों को लगता है कि आगामी चुनावों में वे अपनी सीट खो देंगे। साथ ही, इनमें से कई सांसदों ने राजनीति से संन्यास लेने का फैसला लिया है। इसी माह हाउस ऑफ कॉमन्स की जस्टिस कमेटी के प्रमुख सर बॉब नेइल और पूर्व चांसलर क्वासी क्वार्तेंग और डिप्टी प्रमुख निक्की एइकेन ने घोषणा की है कि वे संसद छोड़ रहे हैं और इस साल होने वाले चुनाव नहीं लड़ेंगे। ब्रिटेन में 2019 के आम चुनावों में तत्कालीन पीएम जॉनसन ने पार्टी को पर्याप्त बहुमत दिलाया था, लेकिन उसके बाद एक ही कार्यकाल में 10 से ज्यादा उपचुनाव पार्टी हार चुकी है। हाल में, दो सीटों वेलिंगबर्ग और किंग्सवुड में हार से कंजर्वेटिव सांसद चिंता में पड़ गए हैं। कंजर्वेटिव सांसद पीटर बोन को हटाने के बाद चुनाव हुए थे। यहां लेबर पार्टी के सांसद जेन किचेन को 45.8% वोट मिले, जो पिछली बार से 28.5% ज्यादा थे।

ब्रिटेन के हर क्षेत्र में हावी हो रहे मुस्लिम परस्त अतिवादी

लंदन। ब्रिटेन की पूर्व गृहमंत्री सुएला ब्रेवरमैन ने दावा किया है कि देश के हर क्षेत्र में मुस्लिमपरस्त अतिवादी हावी हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन की पहचान ऐसे देश के रूप में रही है, जहां विभिन्न धर्मों और नस्लों के लोग मिलजुल कर रहते रहे हैं, लेकिन ब्रिटेन अब अपनी पहचान खो रहा है। ब्रेवरमैन ने शुक्रवार को 'द डेली टेलीग्राफ' में लिखे लेख में अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने अपने लेख में ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक पर भी इस्लामवादियों के तुष्टीकरण को लेकर हमला बोला। ब्रेवरमैन ने लिखा, "सच्चाई यह है कि इस्लामवादी, अतिवादी और यहूदी-विरोधी अब हावी हो रहे हैं। हम अपनी न्यायपालिका, अपने विश्वविद्यालयों में भी उनका प्रभाव देखते हैं।

सीएम शिंदे और बेटे को धमकी देने वाला युवक पुणे से गिरफ्तार

मुंबई। मुंबई पुलिस की अपराध शाखा (क्राइम ब्रांच) ने पुणे से शनिवार को एक शख्स को गिरफ्तार किया। उस पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और सांसद श्रीकांत शिंदे को धमकी देने का आरोप है। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने सोशल मीडिया के जरिए धमकी दी थी और उसके खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 506 (2) और 505 (1) (बी) के तहत मामला दर्ज किया गया है। आगे की जांच जारी है।

मणिपुर के डीएम विवि में विस्फोट, 1 की मौत, एक घायल

इंफाल। इंफाल में डीएम विश्वविद्यालय परिसर के पास शुक्रवार देर रात हुए विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना की जानकारी पुलिस ने शनिवार को दी।

पुलिस ने कहा कि इंफाल पश्चिम जिले में डीएम यूनिवर्सिटी परिसर के पास एक शक्तिशाली बम, जिसके इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) होने का संदेह है, विस्फोट हो गया, जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उनमें से एक की बाद में चोटों के कारण मृत्यु हो गई। यह विस्फोट मणिपुर के प्रमुख छात्र संगठन ऑल मणिपुर स्टूडेंट्स यूनियन के कार्यालय के पास हुआ। पुलिस ने अभी तक इस बात की पुष्टि नहीं की है कि विस्फोट के लिए कौन सा संगठन या कौन जिम्मेदार है, जिसका प्रभाव शहर के कुछ हिस्सों से सुना या था।

विज्ञान ताजा रिपोर्ट के अनुसार, बेशुमार धूल कणों से भरे क्षेत्र से धुंधला नजर आता है सूर्य

हमारी कल्पना से बहुत बड़ा है कुइपर बेल्ट

नैनीताल कार्यालय

धूल से भरा कुइपर बेल्ट की तस्वीर।

अमृत विचार : अनगिनत पिंडों से भरे हमारे सौर मंडल का कुइपर बेल्ट हमारी सोच से कहीं बड़ा है। ताजा रिपोर्ट के अनुसार यह बेशुमार धूल कणों से भरा हुआ है। इस क्षेत्र से सूरज धुंधला नजर आता है। नासा का न्यू होराइजन्स मिशन इन दिनों सौर मंडल के इस हिस्से की खाक छान रहा है।

नासा के अनुसार न्यू होराइजन्स मिशन ने 2015 में प्लूटो के सामने से गुजरा था। अब कुइपर बेल्ट की गहराई से गुजर रहा है। यह अंतरिक्ष यान बेशुमार ब्रह्मांडीय धूल भरी आंधी का सामना कर रहा है। अंतरिक्ष धूल से भरा यह हिस्सा माइक्रोन के एक मीटर के लाखवें हिस्से से भी छोटे कणों से भरा हुआ है। यह सौर मंडल में अधिकांश धूल ग्रहों के निर्माण से बचा हुआ अवशेष है। अब इसमें क्षुद्रग्रहों और धूमकेतुओं की सतहों से सूक्ष्म उल्कापिंड के प्रभाव से निकली ताजा धूल भी शामिल हो गई है।

कोलोराडो विश्वविद्यालय बोल्डर के खगोलशास्त्री एलेक्स डोनर ने अपने बयान में कहा है कि न्यू होराइजन्स नेप्च्यून और प्लूटो से परे अंतरग्रहीय धूल का पहला प्रत्यक्ष माप कर रहा है, इसलिए हर अवलोकन से एक खोज हो सकती है। जनवरी में कुइपर बेल्ट के बाहरी किनारे और सूर्य के बीच की दूरी 149.5 मिलियन किलोमीटर थी। वह निरंतर आगे बढ़ रहा है। जिसके चलते माना जा रहा है कि यह क्षेत्र बहुत बड़े हिस्से में फैला हो सकता है। न्यू होराइजन्स इन दिनों बाहरी सौर मंडल से होकर गुजर रहा है। डोनर के अनुसार हमने एक विस्तारित कुइपर बेल्ट का पता लगाया है। जिसमें छोटे पिंडों का बड़ा समूह टकराता रहता है। जिस कारण भारी मात्रा में धूल पैदा होती है। बड़ी बात यह है कि सौर मंडल के सबसे दूर के क्षेत्रों के रहस्यों को सुलझाने में यह खोज कई सुराग प्रदान करती है।

कुइपर बेल्ट का नाम खगोलविद जेरार्ड कुइपर और केनेथ एडगेवर्थ के नाम पर रखा गया है। उन्होंने स्वतंत्र रूप से इस क्षेत्र के अस्तित्व का प्रस्ताव इसकी खोज से भी पहले रखा था। यह हमसे बहुत दूर है और बर्फीला क्षेत्र है।

साल 2040 तक काम करेगा मिशन न्यू होराइजंस

न्यू होराइजन्स बहुत दूर अंतरिक्ष के खगोलीय पिंडों की खोज के लिए महत्वाकांक्षी योजना है। यह मिशन 2040 के दशक तक काम करेगा। इस अंतरिक्ष यान में अभी पर्याप्त ईंधन है। वैज्ञानिकों के अनुसार न्यू होराइजंस बाहरी सौर मंडल के मानचित्र को बनाने में मील का पत्थर साबित होगा।

मेटा वॉट्सएप पर डीपफेक हेल्पलाइन शुरू करेगा

नई दिल्ली। भारत में एआई जनरेटेड डीपफेक वीडियों का शिकार आम-खास सभी लोग हो रहे हैं। अब इसे काबू में करने के लिए वॉट्स एप फैक्ट चेक हेल्पलाइन शुरू करेगा। टेक दिग्गज कंपनी मेटा और मिसइन्फॉर्मेशन कॉम्बैट एलायंस (एमसीए) ने एआई से उत्पन्न डीपफेक के खतरे से निपटने के लिए साझेदारी कर इस की घोषणा की है।

मेटा ने कहा कि वॉट्स एप चैटबॉट पर डीपफेक कंटेंट को मार्क करने में मददगार होगा। यह अंग्रेजी के साथ तीन क्षेत्रीय भाषाओं हिंदी, तमिल और तेलुगु में उपलब्ध होगा। इसकी शुरुआत अगले महीने मार्च से की जाएगी। यूजर्स चैटबॉट के जरिए टेक्स्ट मैसेज, इमेज और वीडियो भेजकर रिपोर्ट कर सकेंगे। एमसीए के चेयरमैन भरत गुप्ता ने कहा कि गलत सूचना रोकने के लिए यह जरूरी है।

समुद्र के नीचे देश की पहली ट्यूब रेल टनल का काम शुरू

मुंबई, एजेंसी

देश में पहली बार कोई ट्रेन समुद्र के नीचे सुरंग से होकर गुजरेगी। मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड कॉरिडोर पर बुलेट ट्रेन के लिए महाराष्ट्र में बांद्रा- कुर्ला कॉम्प्लेक्स और शिलफाटा के बीच सुरंग का निर्माण शुरू हो गया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने खुदाई का शुभारंभ किया। वैष्णव ने कहा, प्रोजेक्ट में तेजी लाने के लिए खुदाई एक साथ चार स्थानों से शुरू की गई है। टनल में तीन तल होंगे। निचले तल से ट्रेन चलेगी। उन्होंने कहा, कॉरिडोर के सूरत-बलिमोरा सेक्शन पर अगस्त 2026 तक बुलेट ट्रेन दौड़ने लगेगी।

ट्यूब में बिछेगी पटरी

समुद्र में 5 किमी की खुदाई न्यू ऑस्ट्रियन टनलिंग मेथड (एनएटीएम) तकनीक से होगी। अस्थाई दीवार से सुरंग बनने के बाद ट्यूब डाला जाएगा। फिर इसमें पटरी बिछेगी। ट्यूब को पानी के अंदर नीचे से जुड़े प्लेटफॉर्म पर फिक्स करेंगे। अस्थाई दीवार हटा ली जाएगी। फिर ट्यूब से ट्रेन गुजरेगी। 320 किमी/घंटा स्पीड टनल के अंदर ट्रेन की स्पीड 300 से 320 किमी प्रति घंटा होगी। 21 किलोमीटर की टनल में 7 किमी हिस्सा समुद्र के नीचे होगा।